सुप्रभात

रांची, गुरुवार

23.11.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net कार्तिक, शुक्ल पक्ष, एकादशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 130



12 फिल्म डंकी का गाना लुट पुट गया रिलीज

### न्यूज डायरी

## रांची जेल के अधीक्षक और जेलर दोनों बदले

**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्य के 15 जेल अधीक्षकों और छह जेलरों का तबादला किया है। तबादले की सूची में बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल अधीक्षक हामिद अख्तर और बहुचर्चित जेलर नसीम खान भी शामिल हैं। खूंटी उपकारा के जेल अधीक्षक बेसरा निशांत रॉबर्ट को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार का जेल अधीक्षक बनाया गया है।

## एसपी नौशाद आलम को इडी ने अब 28 को बुलाया

**रांची।** इडी ने साहिबगंज के एसपी नौशाद आलम को बुधवार को दूसरा समन भेज दिया है। उन्हें अब 28 को ईडी दफ्तर आने को कहा गया है। पहले समन में उन्होंने पुलिस मुख्यालय से मामले को लेकर सुझाव मांगा था। नौशाद आलम बुधवार को ईडी कार्यालय हाजिर नहीं हुए।

### विस स्थापना दिवस समारोह : राज्यपाल ने उत्कृष्ट विधायक के सम्मान से रामचंद्र सिंह को नवाजा

# सर्वोच्च पंचायत को हर हाल में बचाना होगा : सीएम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा की 23वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनायी जा रही है। बुधवार को पहले दिन के कार्यक्रम के उद्‌घाटनकर्ता राज्यपाल सीपी राधा कृष्णन थे। राज्यपाल, सीएम हेमंत सोरेन, स्पीकर रबींद्रनाथ महतो, संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी की मौजूदगी में इस साल के बिरसा मुंडा उत्कृष्ट विधायक के रूप में चयनित कांग्रेस के मनिका विधायक रामचंद्र सिंह को सम्मानित किया गया।

विधानसभाकर्मी, टॉपर छात्रों, पर्वतारोही, खिलाड़ी, सामाजिक कार्यकर्ता, सेना के अधिकारी सहित कई लोगों को सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी नेताओं ने संघीय व्यवस्था को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। मौके पर राज्यपाल, मुख्यमंत्री, स्पीकर, विपक्ष के नेता ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। वहीं सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि विधानसभा किसी भी राज्य के लिए सबसे बड़ी पंचायत है। यह जाति-धर्म से ऊपर है। यहां न सिर्फ जनता के लिए ही नहीं बल्कि पशुओं और पर्यावरण के लिए भी विचार किया जाता है। सभी क्षेत्र के प्रतिनिधि यहां किसी उम्मीद के साथ आते हैं। इसलिये हर विषय पर सही ढंग से पर चर्चा हो। इसकी जिम्मेदारी सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की होती है। हमें हर हाल में इस महापंचायत को टूटने, ढहने और नुकसान पहुंचने से बचना होगा।

(शेष पेज 11 पर)

### मिलजुल कर इसकी जड़ों को मजबूत करें : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि हजारों-लाखों लोग बड़ी उम्मीद के साथ अपना प्रतिनिधि यहां भेजते हैं। वे प्रतिनिधि विधानसभा में उनकी आवाज बनते हैं। हमारा भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, इसलिए हम सब आज पंचायत के इस महापर्व को मिल-जुल मनायें और इसकी जड़ों को और मजबूत करें। ये महापंचायत मंदिर, मस्जिद और गुरुद्वारे से भी ऊपर है। यहां न सिर्फ राज्य के आम लोग बल्कि झारखंड के जल, जंगल, जमीन और जीव जंतुओं के लिए भी नीतियां बनती हैं।

- जल, जंगल, जमीन,जीव-जंतु सभी का है यह महापंचायत
- विधानसभा जाति और धर्म से ऊपर
- झारखंड राज्य के टॉपरों और शहीदों के परिजनों को किया गया सम्मानित



### गौरवशाली है झारखंड का इतिहास : राज्यपाल

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं है। हमें लोगों की भलाई के लिए सोचना है। झारखंड विधानसभा को देश के अन्य विधानसभाओं से श्रेष्ठ बनना है। मनिका विधायक को उत्कृष्ट विधायक चुने जाने पर उन्होंने बधाई दी। उत्कृष्ट विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि आज का दिन मेरे जीवन का अहम दिन है। राज्यपाल ने कहा कि 28वें राज्य के तौर पर अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में झारखंड राज्य का निर्माण हुआ था। लोकसभा सदस्य के नाते मैंने भी इसके गठन के लिए वोट किया था, जिसपर मुझे गर्व है। झारखंड का इतिहास गौरवशाली रहा है। यहां सभी जनता के द्वारा चुन कर आते हैं और विकास की सोच के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं। खुशी की बात है कि हमारे सीएम और नेता प्रतिपक्ष दोनों युवा हैं। ऐसे में यही कामना है कि दोनों अपनी पूरी ऊर्जा के साथ काम करें। हमारा राज्य खनिज संसाधनों से परिपूर्ण है। इसका सही इस्तेमाल हमें राज्य की गरीबी और अशिक्षा को दूर करने के लिए करना है।

### भूगर्भ जल सेवा नियमावली समेत 32 प्रस्ताव मंजूर

# अब दारोगा-इंस्पेक्टर भी करेंगे एसटी-एससी केस का अनुसंधान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अब एसटी-एससी केस का अनुसंधान राज्य के दारोगा और इंस्पेक्टर भी कर सकेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार कोकैबिनेट की हुई कैबिनेट की बैठक में अनुसूचित जनजाति-अनुसूचित जाति अधिनियम 1989 के तहत दर्ज केस के अनुसंधान का अधिकार इंस्पेक्टर और दारोगा को देने सहित कुल 32 प्रस्तावों की मंजूरी प्रदान की गयी। बैठक में झारखंड भूगर्भ जल सेवा नियमावली 2023 के गठन के प्रस्ताव व परगनैत को एक हजार के बदले अब तीन हजार मासिक भत्ता देने का फैसला किया गया। लोहरदगा में किस्को पुलिस अनुमंडल के सृजन की स्वीकृति और कैबिनेट ने फैसला लिया कि असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए पीएचडी अब मेंडेटरी नहीं होगी।

बैठक के बाद कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने बताया किझारखंड में एसटी-एससी अत्याचार निवारण, अधिनियम 1989 के तहत दर्ज केस का अनुसंधान अब इंस्पेक्टर व दारोगा भी कर सकेंगे। पहले सिर्फ डीएसपी स्तर के अधिकारियों को ही यह अधिकार था। उन्होंने बताया कि दरअसल राज्य में मामलों की संख्या को देखते हुए सरकार ने यह फैसला लिया। उन्होंने कहा कि झारखंड में मामले लगातार बढ़ रहे हैं और अनुसंधान करने वाले डीएसपी की संख्या उतनी नहीं है। इसके अलावा कैबिनेट ने 1984 सिख विरोधी दंगा में बोकारो के कुल 24 पीड़ितों और आश्रितों के मुआवजा देने की स्वीकृति प्रदान की। ड्यूटी से लंबे समय से गायब हरिहरगंज पीएचसी की चिकित्सक डॉक्टर लवली पांडे को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति दी गयी।

### झारखंड कैबिनेट के अन्य अहम फैसले

- वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी और विभिन्न त्योहारों में विधि व्यवस्था के लिए खरीदे गये 12 वाहनों के लिए झारखंड आकस्मिकता निधि से 2.26 करोड़ की घटनोतर स्वीकृति। हटिया लोदमा कर्रा पथ चौड़ीकरण, मजबूतीकरण और नवनीकरण के लिए 109.37 करोड़ की स्वीकृति। गुमला के चैनपुर जारी पथ 10.1 किलोमीटर के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण के लिए 29.60 करोड़ की स्वीकृति। न्यायिक सेवा के पदाधिकारियों को एसीपी की स्वीकृति में एक वर्ष से अधिक विलम्ब की स्थिति में एसीपी के बकाया राशि की निकासी के समय समायोजन के अधीन, प्रत्येक वर्ष के लिए एक अतिरिक्त वेतन वृद्धि प्रदान किये जाने की स्वीकृति।
- 13 राजकीय पोलिटेकनिक की विभिन्न शाखाओं में डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिए आवश्यकतानुसार शिक्षकेत्तर कर्मियों के लिए नये पदों के सृजन की स्वीकृति। लोहरदगा में किस्को पुलिस अनुमंडल के सृजन की स्वीकृति। बीआईटी सिंदरी में पढ़ाये जा रहे तथा प्रस्तावित शाखाओं में नामांकन क्षमता के अनुसार शिक्षकों एवं आवश्यकता अनुसार शिक्षकेत्तर कर्मियों के लिये पदों की स्वीकृति। झारखंड सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम प्रोत्साहन नीति 2023 पर घटनोत्तर स्वीकृति। सरकारी भूमि के हस्तांतरण हेतु नीति निर्धारण करने की स्वीकृति। झारखंड अवर शिक्षा सेवा नियमावली 2023 के गठन की स्वीकृति।

### राजौरी में भीषण मुठभेड़, कई आतंकी ढेर


# सेना के दो कैप्टन समेत चार शहीद, कई घायल

**एजेंसी**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में बुधवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में सेना के कैप्टन स्तर के दो अधिकारी समेत चार जवान शहीद हो गये। अधिकारियों ने बताया कि एक घायल जवान अस्पताल में इलाजरत है। इसमें कई आतंकियों के मारे जाने की भी खबर है।

सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को घेर लिया जो विदेशी नागरिक प्रतीत होते हैं और रविवार से इलाके में घूम रहे थे। भीषण मुठभेड़ जारी है। आतंकियों को मार गिराने के लिए और जवानों को भेजा गया है। 16 कोर कमांडर और राष्ट्रीय राइफल्स के रोमियो फोर्स कमांडर ऑपरेशन की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं।

पुलिस ने बताया कि धर्मसाल के बाजीमाल इलाके में सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त घेराबंदी और तलाश अभियान के दौरान आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ शुरू हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि इलाके में सक्रिय आतंकवादियों का पता लगाने के लिए रविवार से ही घेराबंदी एवं तलाशी अभियान जारी है। जिस कारण सभी को घर से बाहर न निकलने को कहा गया था। बच्चे भी स्कूल नहीं गये। आतंकियों ने एक उपासना स्थल पर भी शरण ली थी। जम्मू-कश्मीर में पीर पंजाल के जंगल पिछले कुछ वर्षों में कई मुठभेड़ों के बाद सुरक्षा बलों के लिए एक चुनौती साबित हुए हैं। आतंकवादी भौगोलिक स्थिति का लाभ उठाकर अपनी स्थिति को छुपाने के लिए घने जंगलों का इस्तेमाल करते हैं। (शेष पेज 11 पर)



झारखंड विधानसभा स्थापना की 23वीं वर्षगांठ पर समारोह आयोजित

# पिछले चार वर्षों में झारखंड विधानसभा में तीन ऐतिहासिक विधायी कार्य हुए: स्पीकर

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** झारखंड विधानसभा स्थापना की 23वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में स्पीकर रविंद्रनाथ महतो ने स्वागत भाषण दिया। श्री महतो ने कहा कि पिछले चार वर्षों में झारखंड विधानसभा में तीन ऐतिहासिक विधायी कार्य हुए हैं। इसके लिये विधानसभा को झारखंड के राजनैतिक इतिहास में लंबे समय तक याद किया जायेगा। झारखंड वासियों की अस्मिता के प्रश्न को ध्यान में रखते हुए सदन के विशेष सत्र में सरना धर्म कोड को पास किया जाना एक महत्वपूर्ण कदम था। इसपर सदन ने पक्ष-विपक्ष के अंतर को भूलकर सर्वसम्मति से उसे पास किया था। उन्होंने कहा कि झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण संशोधन विधेयक 2022, झारखंड स्थानीय व्यक्तियों की परिभाषा व परिणामी सांस्कृतिक और अन्य लाभों को ऐसे स्थानीय व्यक्तियों तक विस्तारित करने के लिए विधेयक 2022 राज्य गठन के उन मौलिक उद्देश्यों के पूर्ति की ओर एक महत्वपूर्ण कदम थे। इनके लिए हमारे राज्य निर्माताओं ने राज्य गठन के आंदोलन में अपना रक्त बहाया था। इन दोनों विधेयकों पर भी सदन में पक्ष और विपक्ष का अंतर मिट गया था। सभी सदस्यों की सहमति से ये विधेयक सदन में पारित हुये थे। अब तक यह विधेयक कानून का रूप नहीं ले पाया है। हालांकि स्पीकर ने उम्मीद जतायी कि निकट भविष्य में इन्हें कानून का रूप दिया जा सकेगा।

### शहीद जवानों के परिजनों सहित अन्य भी सम्मानित

उत्कृष्ट विधायक व कर्मियों के अलावा पुलिस और सेना के शहीद जवानों के परिजनों को भी सम्मानित किया गया। मैट्रिक-इंटर के टॉपरों, खिलाड़ियों और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले भी सम्मानित हुए।


### कारगर साबित होगा नियोजन कानून 2021

स्पीकर ने कहा कि विधायी हस्तक्षेप से जनकल्याण का सबसे महत्वपूर्ण उदाहरण झारखंड के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन कानून 2021 है। इसके माध्यम से झारखंड में कार्यरत निजी संयंत्रों में 75 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गयी है। यह आरक्षण की व्यवस्था न केवल नीचे के पदों के लिए है। बल्कि 40 हजार रुपए के मानदेय तक के लिये है। अब तक करीब 50 हजार युवाओं को इस कानून के तहत नौकरियां दी गयी हैं। निि्त रूप से यह विधेयक झारखंड की तस्वीर बदलने में कारगर साबित होगा।

### इन्हें किया गया सम्मानित

शहीद अमर कुमार, शहीद कुमार गौरव, सलीमा टेटे, खिलाड़ी, निक्की प्रधान, खिलाड़ी, अंकिता भगत- खिलाड़ी, शशि शेखर- पर्वतारोही, पंकज कुमार- पर्वतारोही, चामी मुर्मु- महिला सशक्तिकरण के लिये, छूटनी महतो- सामाजिक कार्यकर्ता, आलोक चौधरी- विज्ञान संचार के लिये, आलोक दुबे- शिक्षा में जागरूकता के लिए, दसवीं, इंटर और नीट के टॉपर्स को भी सम्मान दिया गया। कशिश परवीन, दिव्या कुमारी, श्रृष्टि कुमारी, श्रेया सोनगिल, राखी कुमारी शुभांगिनी, आस्था अग्रवाल, हिमांशु रंजन तिवारी, खुशबू कुमारी, अभय कुमार साहू, सुमित बेरा, असद अली जाफरी।

## संघीय व्यवस्था को मजबूत बनाने का लिया गया संकल्प



**विगत 22 वर्षों में झारखंड विधानसभा के स्पीकर रहे व्यक्तियों के सदन में हुए उद्बोधन पर आधारित संकलित पुस्तक सदन संवाद और त्रैमासिक पत्रिका उड़ान का किया गया विमोचन**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** उत्कृष्ट विधायक रामचंद्र सिंह ने स्पीकर रविंद्र नाथ महतो सहित सभी अतिथियों का आभार जताया। मौके पर उत्कृष्ट विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि मनिका के समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुचाना उनका लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि सीएम व स्पीकर ने उन्हें सदन में काफी सहयोग किया है। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि हमारा झारखंड 23 साल का हो चुका है। ऐसे में कहने के लिए बहुत कुछ है। विगत वर्षों में यह विधानसभा कई एतिहासिक पलों का गवाह बना है। भव्य विधानसभा भवन और परिसर हमें मिला है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को सर्वश्रेष्ठ माना गया है। इसके लिए विधानसभा वह स्थल है जहां राज्य के साढ़े तीन करोड़ की जनता के लिए नीतियां बनती हैं। राजनीतिक पूर्वाग्रह से हमें बचकर सेवा परम धर्म को मानकर कार्य करना है। इसके पूर्व विगत 22 वर्षों में झारखंड विधानसभा के स्पीकर रहे व्यक्तियों के सदन में हुए उद्बोधन पर आधारित संकलित पुस्तक सदन संवाद और त्रैमासिक पत्रिका उड़ान का विमोचन किया गया। मौके पर विधानसभा के प्रभारी सचिव सैयद हैदर, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बादल पत्रलेख, मिथिलेश ठाकुर, विधायक सीपी सिंह, समरीलाल, नवीन जायसवाल, दीपिका पांडेय सिंह, सांसद महुआ माझी और अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण चक्रवर्ती से मिले आदित्य विक्रम

**रांची।** झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जायसवाल बुधवार को नयी दिल्ली के 24 अकबर रोड़ स्थित कांग्रेस मुख्यालय ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस के नवनियुक्त राष्ट्रीय चयेरमैन प्रवीण चक्रवर्ती से मिले। यह उनकी शिष्टाचार मुलाकात थी। जायसवाल ने उनसे मिलकर उन्हें बधाई दी। इस दौरान उन्होंने पूर्व के संपन्न कार्यक्रमों एवं आगामी कार्यक्रमों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। साथ ही तीन माह का कार्यक्रम प्रतिवेदन (रिपोर्ट) भी सौंपा। मौके पर मयूर शेखर भी मौजूद थे।

### भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी आज से संथाल प्रवास पर

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 23 से 26 नवंबर तक चार दिवसीय संथाल परगना प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने बताया कि 23 नवंबर को प्रदेश अध्यक्ष रांची से सड़क मार्ग द्वारा दुमका के लिए प्रस्थान करेंगे। 24 नवंबर को पाकुड़ जिला में विभिन्न सांगठनिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि 25 नवंबर को अनुसूचित जनजाति मोर्चा द्वारा आयोजित मोटरसाइकिल रैली में शामिल होंगे। रैली का शुभारंभ शहीद स्थल भोगनाडीह से होगा। रैली विभिन्न स्थानों से गुजरेगी तथा 26 नवंबर को साहेबगंज के बोरियोएतीन पहाड़ होते हुये बरहरवा में संपन्न होगी। श्री मरांडी के स्वागत की भव्य तैयारी की जा रही है।

### जमशेदपुर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक 20 दिसंबर तक बरकरार

**रांची।** अगस्त 2022 में सांसद निशिकांत दुबे को प्लेन से दिल्ली जाने के क्रम में देवघर में रोकने के खिलाफ दिल्ली में जीरो एफआईआर दर्ज को निरस्त करने को लेकर देवघर के तत्कालीन उपायुक्त मंजूनाथ (वर्तमान में उपायुक्त जमशेदपुर) की याचिका की आंशिक सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार एवं प्रतिवादी निशिकांत दुबे को जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया। कोर्ट ने प्रार्थी मंजूनाथ के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक अगली सुनवाई 20 दिसंबर तक जारी रखी है। पिछली सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से बताया गया था कि दिल्ली में दर्ज कराया गया जीरो एफआईआर झारखंड पुलिस को सौंप दिया गया है।

### चेक बाउंस मामले में अभिनेत्री अमीषा पटेल की याचिका पर सुनवाई पूरी, आदेश सुरक्षित

**रांची।** अभिनेत्री अमीषा पटेल से जुड़े चेक बाउंस मामले में शिकायतकर्ता के गवाह अजय कुमार का प्रति-परीक्षण के लिए दायर याचिका पर बुधवार को न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में सुनवाई हुई। अदालत ने सुनवाई के पश्चात आदेश सुरक्षित रख लिया है। मामले में अमीषा पटेल और उनके बिजनेस पार्टनर कुणाल ग्रुमर का अदालत में सीआरपीसी 313 का बयान दर्ज होना है। इस पूर्व की सुनवाई में गवाह का समय पर प्रति-परीक्षण नहीं किये जाने से अदालत ने 500 रुपए का जुर्माना लगाया था। जिसे जमा नहीं किया गया है। मालूम हो कि फिल्म मेकर रांची के अरगोड़ा निवासी अजय कुमार सिंह ने देसी मैजिक फिल्म बनाने के नाम पर अमीषा पटेल को दो करोड़ रुपये दिया था। लेकिन फिल्म नहीं बनी। इसके बाद अमीषा से पैसे वापस मांगा। वापसी के लिए दो चेक दिया गया वह बाउंस कर गया। जिसको लेकर अमीषा पटेल एवं कुणाल ग्रूमर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था।

हटाये गये बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के जेलर

# झारखंड में बदले गए छह जेलों के जेलर, प्रमोद कुमार बने नये जेलर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के छह जेलों के जेलर बदल दिया गया है। रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के बहुचर्चित जेलर नसीम खान केंद्रीय कारा मेदिनीनगर पलामू भेज दिया गया है। वहीं, अजय कुमार को मंडल कारा गढ़वा, रामाशंकर प्रसाद को केंद्रीय कारा दुमका, सुबोध कुमार पांडे को केंद्रीय कारा गिरिडीह, धर्मशीला देवी को केंद्रीय कारा घाघीडीह, जमशेदपुर, प्रमोद कुमार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा का जेलर नियुक्त किया है।

**इडी के राडार पर है नसीम खान :** रांची जेल के जेलर नसीम खान इडी के राडार पर हैं। नसीम खान पर आरोप है कि उन्होंने जेलर के पद पर रहते हुए इडी के द्वारा गिरफ्तार किये गये आरोपियों की कई तरह से मदद की।

इस मामले में इडी के द्वारा नसीम खान को समन भेज कर पूछताछ भी की गई थी। इडी के रडार पर आने के बाद ही यह तय हो गया था कि जल्द ही नसीम खान का तबादला होगा।

**नसीम के फोन का हुआ था इस्तेमाल :** गौरतलब है कि जेलर नसीम खान से इडी ने लंबी पूछताछ की थी। इडी ने सात नवंबर को जेल के क्लर्क दानिश से पूछताछ की थी। दानिश के बाद जेलर नसीम खान का पीएमएलए 50 के तहत बयान दर्ज किया गया था। पूछताछ में यह बात सामने आई थी कि नसीम के फोन का इस्तेमाल जेल में बंद आरोपी किया करते थे।

## सीएम के विरुद्ध अनर्गल बयानबाजी और आदिवासियों के खिलाफ टिप्पणी करना बंद करें बाबूलाल: बंधु तिर्की

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विरुद्ध प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा की जा रही अनर्गल बयानबाजी और आदिवासियों के खिलाफ उनका बोलना दुर्भाग्यपूर्ण है। श्री तिर्की ने कहा कि मरांडी द्वारा रांची से तेलंगाना और नयी दिल्ली तक दिये जा रहे उनके बयान वास्तव में सत्ता के प्रति उनकी छटपटाहट का ही परिचय देता है।

उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की गतिविधियों के कारण न केवल झारखंड राज्य बल्कि आदिवासियों की भी छवि खराब हो रही है। जिस प्रकार से वे एनआरसी, घुसपैठियों आदि के संदर्भ में वक्तव्य दे रहे हैं उस स्थिति में उन्हें सबसे पहले अपनी अंतरात्मा में झांकना चाहिये क्योंकि केन्द्र में पिछले 10 साल से भाजपा की ही सरकार है और इधर प्रदेश में भी 15 साल तक भारतीय जनता पार्टी की है सरकार रही है। श्री मरांडी की बयानबाजी यह स्पष्ट करती है कि उन्हें झारखण्ड और यहां के आदिवासियों की बजाय अपनी राजनीति की ज्यादा चिंता है। यदि भाजपा को आदिवासियों और झारखण्ड का थोड़ा भी ख्याल होता तो वह आदिवासियों के जमीन लूट, सरना कोड, ट्राईबल सबप्लान, आदिवासियों में बढ़ती बेरोजगारी, पेसा कानून, पांचवी अनुसूची आदि के संदर्भ में अपनी बातों को सामने लाते। श्री तिर्की ने कहा श्री मरांडी और भाजपा के कोई भी नेता, कांग्रेस या इसके नेताओं को देशभक्ति का पाठ नहीं पढ़ायें और न ही झारखण्ड और आदिवासियों के असली मुद्दों से ध्यान भटकने की कोशिश करें।

# डिग्री कॉलेज में नहीं होगी स्टेट बोर्ड की 10वीं-12वीं की परीक्षा

**राज्य के डिग्री कॉलेजों में परीक्षा केंद्र नहीं बनाने का जैक का निर्देश**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्टेट बोर्ड की ओर से आयोजित 10वीं और 12वीं की परीक्षा को लेकर झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) ने बड़ा फैसला लिया है। जैक बोर्ड की ओर से घोषणा की गयी है कि अब से डिग्री कॉलेजों को परीक्षा केंद्र नहीं बनाया जायेगा। इसके अलावा बोर्ड परीक्षा का मॉडल प्रश्न पत्र दिसंबर तक जैक की वेबसाइट पर जारी कर दिया जायेगा। मालूम हो कि जैक ने 10वीं और 12वीं परीक्षा 2024 के लिए पहले ही फॉर्म भरने की तिथि की घोषणा की जा चुकी है। आवेदन 16 नवंबर से दो दिसंबर तक भरा जाएगा। जैक ने परीक्षा की तिथि की भी घोषणा कर दी है, जो 6 से 26 फरवरी तक चलेगी। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली में मैट्रिक व दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की परीक्षा होगी। दोनों परीक्षा में लगभग सात लाख परीक्षार्थियों के शामिल होने की उम्मीद है।

### दो दिसंबर तक भर सकते हैं फार्म

जैक ने इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए बताया है कि आवेदन भरने की अंतिम तिथि दो दिसंबर तक है। परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि छह दिसंबर है। छात्र चालान के माध्यम से इसे जमा कर सकते हैं। बिलंब शुल्क के साथ परीक्षा फार्म भरने की तिथि तीन दिसंबर से नौ दिसंबर तक है। बैंक चालान से शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 12 दिसंबर निर्धारित है।

भाजयुमो ने हजारीबाग जिला प्रशासन को दिया 24 घंटे का अल्टीमेटम

# विधायक अंबा प्रसाद पर सरकारी जमीन कब्जाने को लेकर मुकदमा करे जिला प्रशासन: पूनम साहू

**विधायक के साथ-साथ इस महागठबंधन की सरकार को भी आड़े हाथों लेते हुये जमीनों पर अवैध कब्जे का गंभीर आरोप लगाया।**

**लूट और भ्रष्टाचार कांग्रेस के डीएनए में है। कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार की जननी पोषक और संरक्षक है। आज भी कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व लूट और भ्रष्टाचार मामले में बेल पर है।**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बड़कागांव विधानसभा सांसद प्रतिनिधि सह भाजयुमो की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पूनम साहू ने कांग्रेस विधायक अम्बा प्रसाद और उनके पिता पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के द्वारा हजारीबाग शहर की एक बेशकीमती जमीन पर अवैध कब्जे की कड़े शब्दों में निंदा की है। साथ ही, हजारीबाग प्रशासन को 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुये तुरंत मामले पर केस दर्ज करने का आग्रह किया है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति में 24 घंटे के अंदर विधायक अम्बा प्रसाद एवं पूर्व मंत्री योगेंद्र साव पर केस ना होने की स्थिति में आंदोलन की चेतावनी भी प्रसाशन को दी है। मामले पर जारी किये गये प्रेस विज्ञप्ति में भाजपा नेत्री ने विधायक अम्बा प्रसाद और उनके परिवार पर पहले भी ऐसे जमीन हड़पने का गंभीर आरोप लगाया है। पूर्व में पतरातू प्रखंड की भी एक जमीन पर ऐसे ही अवैध कब्जे की बात सामने आई थी। सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू ने विधायक के साथ-साथ इस महागठबंधन की सरकार को भी आड़े हाथों लेते हुये जमीनों पर अवैध कब्जे का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार में पूरे राज्य लूट मची हुई हैं। सत्ता में बैठे सरकार के लोग ही गरीब का हक और अधिकार मारने का काम कर रहे है ।

उन्होंने कहा कि लूट और भ्रष्टाचार कांग्रेस के डी एन ए में रचा बसा है। कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार की जननी पोषक और संरक्षक है। आज भी कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व लूट और भ्रष्टाचार में बेल पर है। ईडी ने विगत दिनों 700 करोड़ से अधिक की संपत्ति नेशनल हेराल्ड मामले में जब्त की है। उन्होंने इस पूरे मामले से भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को भी अवगत कराया है।

### दस्तावेज गायब करने के आरोपी देवेंद्र को हाईकोर्ट से मिली राहत

**रांची।** गोड्डा के कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव के आवास पर आयकर की छापेमारी के दौरान दस्तावेज फाड़ने और कुछ कागजातों को गायब करने के आरोपी देवेंद्र कुमार को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उसके खिलाफ गोड्डा की निचली अदालत द्वारा लिये गए संज्ञान को रद्द कर दिया है। देवेंद्र कुमार के खिलाफ आयकर विभाग ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी। देवेंद्र कुमार ने याचिका दायर कर अदालत से प्राथमिकी रद्द करने का आग्रह किया गया था। प्रार्थी का पक्ष रखते हुए अधिवक्ता सुमित गाड़ोदिया ने अदालत को बताया कि देवेंद्र कुमार के खिलाफ जितने भी आरोप और मामले दर्ज किए गए हैं और असंज्ञेय अपराध के दायरे में हैं। असंज्ञेय अपराध में पुलिस अनुसंधान नहीं कर सकती, लेकिन पुलिस अनुसंधान कर रही है और निचली अदालत ने इस मामले में संज्ञान भी लिया है।

12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों के पद रिक्त रहने के मामले में हुई सुनवाई

# सूचना आयुक्त, लोकायुक्त समेत अन्य संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति प्रक्रिया जल्द पूरी हो: हाइकोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** सूचना आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित राजकुमार की अवमानना याचिका समेत राज्य की 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों के पद रिक्त रहने को लेकर एडवोकेट एसोसिएशन की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि सूचना आयुक्त, लोकायुक्त एवं अन्य संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति प्रक्रिया हाई लेवल स्टेज में है। विधानसभा अध्यक्ष ने नेता प्रतिपक्ष की घोषणा कर दी है। ऐसे में अब जल्द नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। राज्य सरकार के जवाब को देखते हुए कोर्ट ने सूचना आयुक्त, लोकायुक्त, संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति प्रक्रिया जल्द पूर्ण कर अगली सुनवाई में सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 15 दिसंबर निर्धारित की है।

हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में मामले की सुनवाई हुई। दरअसल, राजकुमार की अवमानना याचिका में प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राज्य सूचना आयोग में रिक्त पदों को भरने के लिए विपक्ष के नेता के पद के रिक्त रहने से कोई समस्या नहीं है। कानून में ऐसा प्रावधान है कि अगर विपक्ष के नेता नहीं है तो विपक्ष में सबसे बड़ी पार्टी के नेता को कमेटी में रखकर राज्य सूचना आयोग में सूचना आयुक्त एवं अन्य पदों नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2020 में हाईकोर्ट ने सूचना आयुक्तों कि नियुक्ति से संबंधित एक याचिका को राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद निष्पादित कर दिया था। उस समय सरकार की ओर से कोर्ट में अंडरटेकिंग देते हुए कहा गया था कि सूचना आयुक्तों की नियुक्ति जल्द कर ली जाएगी। सूचना आयुक्तों की नियुक्ति नहीं होने पर वर्ष 2021 में प्रार्थी राजकुमार ने अवमानना याचिका दाखिल की है।

बता दें कि राजकुमार की ओर से कहा गया है कि राज्य सरकार ने वर्ष 2020 में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति कर लेने का अंडरटेकिंग दिया था लेकिन अब तक सूचना आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं की जा सकी है। वहीं राज्य सूचना आयोग में रिक्त पदों की नियुक्ति एवं झारखंड में बाल आयोग, सूचना आयोग, मानवाधिकार आयोग, पुलिस कंप्लेंट अथॉरिटी, लोकायुक्त सहित करीब 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों का पद खाली रहने को लेकर एडवोकेट एसोसिएशन की ओर से भी जनहित याचिका दाखिल की गई है। इसमें पूर्व की सुनवाई में अधिवक्ता नवीन कुमार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि करीब 4 वर्षों से राज्य बाल आयोग, सूचना आयोग, मानवाधिकार आयोग, लोकायुक्त आदि संवैधानिक संस्थाओं में पदों के रिक्त रहने से किसी तरह का कोई काम नहीं हो रहा है। सूचना आयोग में रिक्त पदों को भरने के लिए विज्ञापन निकाला गया था लेकिन कुछ अब तक सूचना आयोग में कोई नियुक्ति नहीं हो पाई है।

साहिबगंज के पुलिस अधीक्षक नौशाद आलम इडी दफ्तर में नहीं हुए हाजिर

# साहिबगंज एसपी ने इडी को पत्र लिखकर मांगा समय

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज के पुलिस अधीक्षक नौशाद आलम बुधवार इडी दफ्तर में हाजिर नहीं हुए। नौशाद आलम के द्वारा ईडी को पत्र भेज कर दूसरी तारीख मांगी गई है। मिली जानकारी के अनुसार नौशाद आलम के द्वारा पत्र में यह लिखा गया है कि उन्होंने पुलिस मुख्यालय से मामले को लेकर सुझाव मांगा है। ऐसे में उन्हें कुछ दिनों की मोहलत दी जाए और पूछताछ के लिए दूसरी तिथि निर्धारित की जाए।

### ईडी को लिखा पत्र

नौशाद आलम ईडी के जोनल कार्यालय जाने के लिए रांची पहुंच चुके थे। ईडी दफ्तर जाने से पूर्व नौशाद आलम झारखंड पुलिस मुख्यालय गए और अधिकारियों को पूरे मामले की जानकारी दी और अपने साथ ले गए डॉक्यूमेंट भी उन्होंने अधिकारियों को दिखाया। जानकारी के अनुसार अधिकारियों के निर्देश के आलोक में ही नौशाद आलम ने ईडी को यह पत्र लिखा कि उन्हें आज ईडी कार्यालय में उपस्थित होने से छूट दी जाए और कोई दूसरी तारीख मुकर्रर की जाए।


### विजय हांसदा वाले मामले में भूमिका से इनकार

जानकारी के अनुसार नौशाद आलम ने ईडी के गवाह रहे विजय हांसदा मामले में अपनी कोई भी गलत भूमिका होने से इनकार किया है। पुलिस मुख्यालय को नौशाद आलम के द्वारा यह बताया गया है कि साहिबगंज पुलिस ने विजय हांसदा को कोर्ट के निर्देश के बाद बॉडीगार्ड उपलब्ध करवाया गया था। जब नौशाद आलम ने साहिबगंज एसपी का पदभार ग्रहण किया, उसके बाद विजय हांसदा ने सुप्रीम कोर्ट में एक केस के सिलसिले बॉडीगार्ड के साथ दिल्ली जाने को लेकर आवेदन दिया था। चूंकि, जिस दिन विजय को दिल्ली जाना था उस दिन रविवार था ऐसे में रेल वारंट नहीं मिल पाया, सुरक्षा को देखते हुए दुमका डीआईजी के आदेश पर विजय को बॉडीगार्ड के साथ दिल्ली जाने की इजाजत दी गई। इस दौरान बॉडीगार्ड ने बिना रेलवे वारंट के जाने में असमर्थता जताई और एसपी साहिबगंज से कन्फर्म टिकट करवाने को कहा, जिसके बाद रांची में नौशाद आलम ने फोन कर सार्जेंट से टिकट करवाने को कहा।

**दूसरा समन जल्द :** वहीं, दूसरी तरफ ईडी से मिली जानकारी के अनुसार जल्दी नौशाद आलम को दूसरा समन जारी किया जाएगा।

## स्पीड न्यूज

### दोबारा ब्रांड एंबेसडर बनें राजन पांडेय



**विश्रामपुर पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड के समाजसेवी राजन पांडेय को दूसरी बार ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। इस आलोक में नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन और नोडल पदाधिकारी सिटी मैनेजर सुभाष हेमरेम के द्वारा पत्र दिया गया। जानकारी देते हुए राजन पांडेय ने कहा कि नगर परिषद विश्रामपुर के पदाधिकारियों द्वारा सौंपे गये दायित्व का निर्वहन ईमानदारी से करेंगे। विश्रामपुर नप को स्वच्छ व सुंदर बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ा जायेगा। साथ ही सफाई के प्रति दूसरे लोगों को भी प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि नगर परिषद विश्रामपुर का सर्वांगीण विकास हो इसे लेकर भागीदारी निभाने का प्रयास करेंगे। पांडेय को ब्रांड एंबेसडर बनाये जाने पर विश्रामपुर के कई लोगों ने बधाई दी है। पांडेय को दायित्व मिलने से विश्रामपुर नगर परिषद विकास की ओर अग्रसर होगा।

### झामुमो की ऑनलाइन बैठक को मुख्यमंत्री ने संबोधित किया



**मेदिनीनगर।** क्राउन प्लाजा होटल में झामुमो पलामू की जिला समिति की बैठक अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में पूरे पलामू के झामुमो के पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल हुए साथ ही दोपहर में झामुमो की ऑनलाइन बैठक भी हुई। बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और महासचिव विनोद पांडेय ने संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं को योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया और संगठन की मजबूती के लिए सबों का मार्गदर्शन दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए सबों को सकारात्मक रूप से कार्य करना होगा। मौके पर राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कहा कि सरकार की सबसे प्रमुख कार्यक्रम 'आपकी सरकार आपके द्वार' पलामू में शुरू हो होने वाली है। झामुमो के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी गांव गांव जा कर सभी गरीबों को उनका हक दिलाएं और हेमंत सोरेन द्वारा चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं से उन्हें जोड़े। पिछले साल भी आपकी सरकार आपके द्वारर कार्यक्रम को सफल बनाने में झामुमो पलामू की पूरी टीम अपने अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा के नेतृत्व में बहुत मेहनत किया था। बैठक का संचालन सचिव सन्नू सिद्धिकी ने किया। मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य मुन्ना सिन्हा सुनील तिवारी, चंदन सिन्हा, मनोज गुप्ता, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा, कमाल खान, रंजन चंद्रवंशी, वरिष्ठ नेता अमित सिन्हा, अविनाश देव, अभिषेक सिंह, हाजी ललन, दीपक तिवारी, इकबाल अहमद संगठन सचिव अनुराग सिंह, शाहबाज खान, नवीन सिन्हा, उमा सिंह, संयुक्त सचिव विवेकानंद सिंह, रंजन कुमार, चंदन सिन्हा, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुशीला मिश्रा, कोषाध्यक्ष राजिया नियाजी, युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, सचिव आशुतोष विनायक, कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज, उपाध्यक्ष मिकु तिवारी, मुकेश चौधरी, बबलू, जशवंत सिंह, मो सायम, संगठन सचिव संजय चंद्रवंशी, कृष्ण कन्हैया दुबे, प्रशांत सिंह, व्यवसायिक मोर्चा अध्यक्ष दीपू चौरसिया, राहुल, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष फजायल अंसारी, नन्हे खान, कोषाध्यक्ष मन्नत बग्गा, उपाध्यक्ष नौशाद आलम, इंतखाब आलम नगर अध्यक्ष सोनम खान, प्रखंड अध्यक्ष, रंजीत सिंह, कमरुद्दीन अंसारी, उदय भुइया, नवलेश मेहता, अजय कुमार, संजय तिवारी शामिल थे।

### एकल अभियान संच जपला ने किया खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**हुसैनाबाद पलामू।** एकल अभियान संच जपला के द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण (नहर मोड़ जपला) में किया गया। इस खेलकूद प्रतियोगिता में संच छेत्र में संचालित 30 विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के पलामू जिला संघ चालक दिनेश कश्यप जी, सरस्वती शिशु मंदिर हुसैनाबाद के आचार्य, एकल विद्यालय संच जपला के अध्यक्ष एवं विभाग सह कार्यवाह पलामू शशि कुमार, उपाध्यक्ष उर्दवार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता, संच प्रमुख संतोष मेहता, संच सचिव धर्मेंद्र कुमार शामिल थे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र–छात्राओं को एकल विद्यालय के ओर से कॉपी एवं पेन देकर उन्हें भी उत्साहवर्धन किया गया। मौके पर संच क्षेत्र के सभी विद्यालय के आचार्य और अभिभावक उपस्थित थे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर हैदरनगर प्रखंड में कार्यक्रम का आयोजन



मेदिनीनगर। विकसित भारत संकल्प यात्रा का जागरूकता रथ बुधवार को पलामू जिला के हैदरनगर प्रखंड पहुंचा। यहां पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत बभंडी में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम क्षेत्र के जनप्रतिनिधी, किसान, छात्र,महिला स्वयं सहयता समूह और ग्रामीण जनता के मध्य केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजना यथा आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा, किसान सम्मान निधि, पीएम पोषण अभियान, जल जीवन मिशन, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना आदि तहत लाभ प्राप्त करने तथा योजना से संबंधित समस्त जानकारी को जागरूकता के विभिन्न साधनों द्वारा साझा किया गया। कार्यक्रम दौरान पंचायत अंतर्गत संचालित योजनाओं के सफल लाभार्थी द्वारा आमजन के साथ अपना अनुभव साझा कर सत्र सतत कृषि गतिविधियों के संदर्भ में भी किसानों को अवगत करवाया गया।

### समाज को नियंत्रित रखने के लिये नसबंदी आवश्यक है : डॉ विजय सिंह




मेदिनीनगर। देश में बढ़ती जनसंख्या समाज के लिए खतरनाक साबित हो रही है वहीं दूसरी ओर समाज को नियंत्रण में रखने के लिए भारत सरकार व राज्य सरकार ने संयुक्त रूप से पुरुष एवं महिला नसबंदी योजना को लागू कर जन जागरूगता अभियान चला रही है। इस योजना के तहत बुधवार को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड के पास जिला स्तरीय पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का उदघाटन उपाधीक्षक सह पूर्व सिविल सर्जन डा विजय सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि समाज को एकरूप बनाये रखने के लिए सभी के सहयोग आवश्यक है। वहीं दूसरी ओर बढ़ती जनसंख्या घर परिवार ही नहीं बल्कि समाज के लिए भी चिंतनीय विषय है। बढ़ती जनसंख्या समाज एवं राज्य के लिए ही नहीं बल्कि देश के लिए भी खतरनाक है। उन्होंने कहा कि बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने पुरूष व महिला नसबंदी योजना को लागू किया है। इसका लाभ लोग लें। डा सिंह ने कहा कि सरकार इस योजना की सफलता को लेकर लाभूक एवं प्रेरक को प्रोत्साहन राशि दे रही है। पुरूष नसबंदी कराने वाले को सरकार तीन हजार रूपये व इसके प्रेरक को चार सौ रूपये दे रही है। इसका लाभ लोग उठायें। उन्होंने कहा कि यह नसबंदी बिल्कुल ही सरल है। इससे मानव शरीर में कहीं किसी प्रकार की कोई नुकसान नहीं होता है। पुरूष नसबंदी को लेकर लोग गलत दुष्प्रचार भी करते हैं जो समाज हित के लिए उचित नहीं है। इस मौके पर डीपीएम दीपम कुमार ने पुरूष नसबंदी पर चर्चा करते हुए कहा कि पुरूष नसबंदी महिला नसबंदी से कहीं ज्यादा आसान है। उन्होंने कहा कि पुरूष व महिला नसबंदी कराना बहुत ही आसान है। इसे लेकर सरकार प्रोत्साहन राशि भी दे रही है। उन्होंने कहा कि यह नसबंदी पखवाड़ा एक माह तक पलामू जिला में चलनेवाला है। जिला के सभी सीएचसी को 25–25 पुरूष नसबंदी कराने का लक्ष्य दिया गया है। जिसे पूरा करना है। इस मौके पर डा रवि कुमार, केके शर्मा व अन्य लोग मौजूद थे।

# तरहसी प्रमुख के अविश्वास प्रस्ताव को निर्वाचन आयोग ने किया खारिज

**असत्य पर सत्य की जीत हुई है : प्रिया कुमारी**

**पैसे वाले कांग्रेसियों की मुंह हुए काले : डॉ शशिभूषण**

**प्रमुख की जीत पर निकाला गया विजय जुलूस**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तहरसी पलामू।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पलामू जिला के तरहसी प्रखंड में प्रमुख पद पर प्रिया कुमारी निर्वाचित हुई थी। जो अपना कार्य जनहित में सुचारू रूप से संचालित कर रही थी। लेकिन प्रमुख को एक साजिश के तहत अविश्वास प्रस्ताव लाकर हटाया गया था। जिसके खिलाफ प्रिया कुमारी ने झारखंड राज्य निर्वाचन आयोग के यहां इस अश्विवास प्रस्ताव के खिलाफ याचिका दायर की थी। जिस पर निर्वाचन आयोग ने सुनवाई करते हुए उस अश्विवास प्रस्ताव को निरस्त कर प्रिया कुमारी के पक्ष में फैसला सुनाते हुए पद पर बने रहने का निर्देश जारी किया। इस फैसले के आलोक में प्रिया कुमारी के समर्थकों ने तरहसी प्रखंड में गाजे बाजे के साथ भव्य जुलूस निकाला। जो तरहसी अंबेडकर चौक बेदानी से शहीद मंगल पांडे चौक होते हुए सुभाष चौक तक जुलूस निकाला गया। जुलूस के दौरान सुभाषचंद्र बोस, शहीद मंगल पांडेय की प्रतिमा पर माल्यार्पण की। इस जुलूस में मुख्य अतिथि पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता भी शामिल थे। इस मौके पर विधायक ने निर्वाचन आयोग के फैसले को आत्मसार करते हुए कहा कि आज भी भारत में सत्य बचा हुआ है। उन्होंने कहा कि गरीब, दलित, शोषित परिवार की बहु बेटी प्रमुख प्रिया कुमारी को तरहसी की जनता ने अपना एक-एक मत देकर बड़े अरमान से प्रमुख पद पर आसीन कराई थी। लेकिन कुछ साजिशकर्ताओं एवं पैसे वाले कांग्रेसियों ने प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव सदर अनुमंडल पदाधिकारी के सहयोग से लाकर प्रमुख को पद से हटाने का काम किया था। जिसे निर्वाचन आयोग ने इस अवैद्य अश्विास प्रस्ताव को खारिज करते हुए प्रिया कुमारी के पक्ष मे फैसला सुनाया। विधायक ने कहा कि साजिश करनेवालों का मुंह आज काला हो चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी गरीब, दलित, शोषित , पिछड़ी जाति के उत्थान की बात करते हैं लेकिन आज उनका चेहरा बेनकाब हो गया है कि कांग्रेस ही एक गरीब, दलित , रजक परिवार की बहु बेटी प्रमुख पद पर आसीन थी जिसे साजिश व पैसे के बल पर हटाने का काम किया गया। यह समाज के लिए बहुत ही घृणित कार्य है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान की बात करते हैं। भाजपा उनके पदचिंहों पर चलकर आज प्रमुख के साथ सामाजिक न्याय की लड़ाई में साथ देकर समाज को एक रौशनी देने का काम किया है। उन्होंने प्रमुख प्रिया कुमारी को आशीर्वाद देते हुए कहा कि दीनदयाल के सपने को साकार करने में भाजपा परिवार सदैव साथ देती रहेगी। जीत की खुशी पर प्रमुख प्रिया कुमारी ने कहा कि असत्य पर सत्य की जीत हुई है। मुझे निर्वाचन आयोग पर पूरा भरोसा और विश्वास था। मेरे साथ जो साजिश की गई थी आज उनके चेहर बेनकाब हुए हैं। उन्होंने कहा कि सदर अनुमंडल पदाधिकारी के मिलीभगत से साजिशकर्ताओं ने मेरे खिलाफअविश्वास प्रस्ताव लाने में सफल हुए थे लेकिन मैं अपनी हिम्मत नहीं हारी थी। इस अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ संघर्ष करते हुए निर्वाचन आयोग के शरण में गई जहां मुझे न्याय मिला है। मैं पूरी तन्मयता के साथ तरहसी प्रखंड की जनता के हरेक संवैधानिक कार्यों को पूरा करूंगी। जुलूस में तरहसी प्रखंड के प्रमुख प्रिया कुमारी, पति लड्डू रजक, तरहसी भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद गुप्ता, अनिल सिंह, विधायक प्रतिनिधि गोपाल साव, विधायक प्रतिनिधि रविन्द्र पासवान, दिलीप पांडे, सरयू सिंह, लाला प्रसाद यादव, उज्वल पांडे, कार्तिक सिंह, विरेंद्र मेहता, सुरेश राम चंद्रवंशी, ओमप्रकाश सिंह, दिलीप मेहता, निजी सहायक सरोज चटर्जी, गुड्डू तिवारी, श्री संकर सुकला, उदय पुरा टू मुखिया सुचित राम, चंचल यादव, शंभू प्रसाद, सतबरवा विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र सिंह चेरो, पंचायत समिति कुन्ती देवी उपस्थित थे।

# धर्म की रक्षा करना सभी सनातनियों का है कर्तव्य : देवकीनंदन ठाकुर

**देवकीनंदन ठाकुर के प्रवचन में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़**

राधे-राधे से गूंजा हाउसिंग कॉलोनी क्षेत्र








**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** धर्मो रक्षति रक्षितः। धर्म की रक्षा करना हर एक सनातनियों का कर्तव्य है। धर्म की रक्षा करने वालों की रक्षा स्वयं भगवान श्रीकृष्ण जी करते हैं। पत्रकार, कलाकार व राजनीतिज्ञ सभी का कर्तव्य है धर्म की रक्षा करना। उक्त बातें श्रीमद् भागवत पुराण कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर ने कही। वे बुधवार को स्थानीय हाउसिंग कॉलोनी में परशुराम युवा वाहिनी के नेतृत्व में आयोजित श्रीमद् भागवत पुराण कथा के प्रथम दिन कथा वाचन कर रहे थे। श्री देवकीनंदन ने श्रीमद् भागवत पुराण के प्रथम श्लोक सच्चिदानंद रुपाय विश्वोत्पत्यादि हेतवे तापत्रय विनाशाय श्री कृष्णाय नुमः...का वाचन करते हुए कहा कि सच्चिदानंद स्वरुप भगवान श्री कृष्ण को हम नमस्कार करते हैं जो इस जगत की उत्पत्ति, स्थिति और विनाश हेतु तथा आध्यात्मिक, आधिदैविक और आधिभौतिक तीनों प्रकार के तापों का नाश करने वाले हैं। मनुष्य अपने कल्याण के लिए श्रीमद् भागवत पुराण की कथा सुने, सद्गति मिलेगी। सही तरीके से सुखी रहने के लिए ठाकुर जी के दल में आना पड़ेगा तो व्यक्ति सभी दलदलों से मुक्त हो जाएगा। कोई बोलने से हिंदू नहीं कहलाएंगे व्यवहार में झलकना चाहिए। पंडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं से पूछा कि आप सभी सच्चे हिंदू हैं अथवा नकली। माथे पर ना तिलक है ना शिखा। हाथों में कलावा नहीं। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत देवकीनंदन ठाकुर ने भगवान गणेश व श्रीमद् भागवत गीता का पूजन कर किया। मुख्य यजमान प्रभात रंजन पांडेय व रंजना पांडेय, शैलेश दुबे व सुनीता दुबे आदि ने भागवत भगवान की है आरती, पापियों को तारती है आरती... बोल के साथ किया। आशीष भारद्वाज ने देवकीनंदन ठाकुर के किए गए कार्यों से उनका परिचय कराया। यज्ञ के संरक्षक अर्जुन पांडेय व उषा पांडेय ने देवकीनंदन ठाकुर का स्वागत किया। अर्जुन पांडेय की पुत्रवधू संजना पांडेय ने कहा कि देवकीनंदन ठाकुर जी ने पलामू की धरती को पावन किया है। कार्यक्रम का संचालन विष्णु शर्मा ने किया। कार्यक्रम में महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने राधे-राधे का जयकारा लगाया।

## सभी पदाधिकारी, कर्मचारी, अभियंता बायोमैट्रिक अटेंडेंस बनायें : उपायुक्त

**मुख्यमंत्री के परिभ्रमण को लेकर जिला के उपायुक्त ने की बैठक**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पलामू परिभ्रमण को लेकर उपायुक्त शशि रंजन ने समाहरणालय में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारी को कई निर्देश दिये। उन्होंने संभावित कार्यक्रम स्थल पुलिस लाइन स्टेडियम से हवाई अड्डा तक विधि व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कार्यक्रम को लेकर पदाधिकारियों को कार्य दायित्व सौंपते हुए इमानदारी पूर्वक दायित्व निर्वहन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को लेकर किसी तरह की कोई कोताही नहीं बरती जाए, चाक-चौबंद व्यवस्था के तहत आपकी योजना, आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम की सफलता का निर्देश सभी पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दिन कई योजनाओं का शिलान्यास व उदघाटन किया जाएगा इस हेतु सभी संबंधित पदाधिकारी उप विकास आयुक्त के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर सूची सौंपना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सभागार में नगर आयुक्त जावेद हुसैन, अपर समाहर्ता समेत अन्य जिले के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त ने जिले के सभी पदाधिकारी/कर्मचारी/अभियंता को अनिवार्य रूप से अपने मुख्यालय में बायोमैट्रिक अटेंडेंस बनाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि बायोमैट्रिक अटेंडेंस नहीं बनाने वाले एब्सेंट समझे जाएंगे। इसके बाद कर्मियों को चिन्हित करते हुए कार्रवाई की जायेगी।

## ट्रेन से गिरी महिला जवान ने बचाई जान

**मेदिनीनगर। बरकाकाना –बाराणसी पैसेंजर ट्रेन 03359 पूर्वाह्न 10 बजे डालटनगंज स्टेशन पर पहुंची। यह ट्रेन जैसे ही खुली कि चलती ट्रेन से गढ़वा निवासी मीरा देवी नामक महिला उतरने की कोशिश की जिसका पैर फिसल गया। वह प्लेटफार्म पर ही कुछ दूर घिसटाने लगी। जिसे आरपीएफ जवान अर्जुन प्रसाद ने देखा तो उसे दौड़कर घिसटाती महिला को काफी सूझबूझ के साथ उसकी जान बचाया। इसके बाद उक्त महिला को प्लेटफार्म पर बैठाकर उसका हाल जाना। उक्त महिला को कहीं कोई गंभीर चोट नहीं लगी है। लेकिन घसीटाने के कारण उसके पैर व शरीर के अन्य भागों में हल्की चोटे आयी है। वह पूरी तरह से स्वस्थ्य बतायी जा रही है। उक्त महिला से पूछताछ जब किया गया तो उसने बताया कि मुझे डालटनगंज स्टेशन पर उतरना था। वह उतरने के लिए भूल गयी। जैसे ही ट्रेन खुली तो दौड़ना चाही लेकिन पैर फिसल गया । गेट पर खड़े यात्री ने उक्त महिला का हाथ पकड़ लिया जो पटरी पर जाने से बच गई। वहीं इस घटना को देखकर आरपीएफ जवान अर्जुन प्रसाद व श्रीनाथ राम ने दौड़कर महिला को चलती ट्रेन से बचाने में कामयाब रहे।**

## आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान प्राप्त आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री करने पर बल

**कंप्यूटर ऑपरेटरों को लॉगिन आईडी बनाने व अन्य विषयों से संबंधित दिया गया प्रशिक्षण**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राज्य सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आगामी 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक जिले की 21 प्रखण्डों के सभी पंचायतों में आपकी योजना,आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया जाना है। शिविर में आने वाले लोगों को अधिकाधिक योजनाओं से लाभान्वित करने व कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने तथा इस दौरान प्राप्त आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री करने के लिए उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर जिले के सभी कंप्यूटर ऑपरेटरों को विभिन्न विषयों से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। सभी कंप्यूटर ऑपरेटर को लॉगिन आईडी बनाने तथा कैंप की डिटेल को भरने का प्रशिक्षण दिया गया, साथ ही किस आवेदन को कौन पेज में अपलोड करना है, रजिस्ट्रेशन पर्ची कैसे निकलेगा आदि विषयों पर जानकारी दी गयी। इसमें जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह तथा यूआईडी डीपीओ उदय व ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर पंकज कुमार पांडेय ने सभी प्रखंड व नगर निगम के ऑपरेटरों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के बाद सभी कंप्यूटर ऑपरेटरों को कैंप डिटेल और अन्य विवरण का ऑनलाइन इंट्री सुनिश्चित कराने संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

## फीडस के लिए प्रखंडवासियों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा : संग्राम सिंह



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड में महोगोनी पोल्यूट्री फीडस डिपो का उदघाटन जिला परिषद सदस्य जयशंकर सिंह उर्फ संग्राम सिंह ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने का कि पाटन प्रखंड में फीडस डीपो का होना प्रखंडवासियों के लिए खुशी की बात है। कारण कि प्रखंड के पशुपालक व मछली पालक फीडस क्रय करने के लिए बाहर जाते थे अब उन्हें यह सामग्री अपने घर पर ही उपलब्ध होगा। फीडस डिपो के हो जाने से पालकों को आत्मबल मिलेगा। इसके साथ ही वे स्वावलंबी बनेंगे। साथ ही साथ स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा। सिंह ने कहा कि अपने घर परिवार के समृद्धि के साथ पाटन प्रखंड को भी विकसित बनाने में अपना योगदान निभायें। इस मौके पर डीपो के प्रोपराईटर ने कहा कि फीडस के लिए लोग बाहर जाते थे अब उन्हें सस्ते दामों पर प्रखंड मुख्यालय पर ही उपलध कराया जायेगा। उन्होंने फीडस की गुणवत्ता पर चर्चा करते हुए कहा कि इस फीडस से पशु व मच्छ्ली का ग्रोथ समय के अनुसार काफी बढ़ता है। यह रसायनिक फीडस नहीं है। वहीं मनुष्य के शरीर पर भी यह कोई दुष्प्रभाव नहीं छोड़ता है। मौके पर डा राजीव कुमार, केल्हार पंचायत के मुखिया जैनूल सिदिकी, जटाधारी प्रजापति, संजीव कुमार समेत कई लोग शामिल थे।

## सेवानिवृत्त कैप्टन आरसी यादव का निधन



**उंटारी रोड पलामू।** थाना क्षेत्र के रहन बीगहा गांव निवासी सेवानिवृत्त कैप्टन आरसी यादव (राम चनारिक यादव) का निधन बुधवार की सुबह ब्रेन हेमरेज से हो गया। अचानक हुई इस घटना से उनके परिवार सहित आसपास के लोग हतप्रभ हैं। रिश्तेदार व शुभचिंतकों की भीड़ उनके रहन बीगहा स्थित पैतृक आवास पर सुबह से भीड़ जुटने लगी है। इधर निधन की खबर सुनकर उंटारी रोड के जिप सदस्य सह भाजपा नेता अरविंद सिंह ने गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए कहा कि कैप्टन आरसी यादव काफी मिलनसार और प्रभावशाली के साथ साथ धार्मिक कार्यों मे बढ़ चढ़ कर भाग लिया करते थे। उन्होंने कहा कि उंटारी प्रखंड के चर्चित शिव सम्पत धाम मंदिर निर्माण मे शुरू से बढ़ चढ़ कर कार्य करते थे। उन्होंने कहा कि मृत कैप्टन आरसी यादव की शिव सम्पत धाम मे उनके नाम से स्मृति भवन बनाया जाएगा।

## सरकार के सचिव ने कहा, मुआवजा देने के बाद ही परियोजना का कार्य प्रारंभ करायें

**मेदिनीनगर।** राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव कमल किशोर सोन ने झारखंड के सभी उपायुक्तों को पत्र भेजा है। उन्होंने पत्र के माध्यम से सभी उपायुक्त को निर्देश जारी किया है कि भू अर्जन की कार्रवाई एवं मुआवजा का भुगतान पूर्ण करने उपरांत ही परियोजना का कार्य प्रारंभ करें। उन्होंने कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय में दायर वादों के माध्यम से यह मामला संज्ञान में आया है कि कतिपय परियोजनाओं में भूमि अर्जन एवं मुआवजा भुगतान किये बिना ही परियोजना का कार्य कराया जा रहा है। जिसे लेकर न्यायालय में मुआवजा भुगतान कराने को लेकर याचिका दायर किया जा रहा है। इसलिए वैसे परियोजनाएं जिसमें भूमि अर्जन किये जाने की आवश्यकता है वैसे परियोजनाओं में नियमानुसार भू अर्जन की कार्यवाही पूरा कर संबंधित रैयतों को मुआवजा का भुगतान सुनिश्चित कराते हुए ही परियोजना कार्य प्रारंभ करायें। साथ ही संबंधित एजेंसी भी उक्त निर्देश का पालन करते हुए अपनी परियोजना का कार्य प्रारंभ करायेंगे।

# आजादी के 75 साल बाद भी पलामू जिले के इस गांव में नहीं पहुंची बिजली

रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के नावाडीह पंचायत के भटवा जरही टोला में बचपन से बिजली के बल्ब की रोशनी का इंतजार कर रहे ग्रामीणों की जवानी भी ढल चुकी है



**रंजीत पाण्डेय**

**चैनपुर पलामू।** रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के नावाडीह पंचायत के भटवा जरही टोला में अभी तक बिजली नहीं पहुंची। भारत को आजाद हुए 75 वर्ष हो चुके हैं। वहीं देश अमृत काल में चल रहा है, लेकिन आज भी रामगढ़ प्रखंड के एक गांव में बिजली नहीं पहुंच पाई है। आजादी के इतने साल बाद भी नावाडीह गांव में बिजली नहीं है। गांव के लोगों ने कई पीढ़ियों से बिजली नहीं देखी है और इस वजह से उन्हें कई समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है। बचपन से बिजली के बल्ब की रोशनी का इंतजार कर रहे ग्रामीणों की जवानी भी ढल चुकी है। इसके बावजूद गांव के लोग विद्युतीकरण की राह ताक रहे हैं। बिजली की समस्या को लेकर गांव के लोग अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक की गुहार लगाकर थक चुके हैं। लेकिन बिजली के नाम पर उन्हें अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है। गांव में रहने वाले 70 वर्षीय बुजुर्ग के मुताबिक, उन्हें याद नहीं कि गांव में कभी बिजली आई भी हो। ग्रामीण महबूब आलम संतोष राम हजारी तुरी श्रवण प्रसाद कविता देवी मीना देवी सरस्वती देवी दुखनी देवी अनिल कुमार हरेंद्र यादव पंकज प्रसाद प्रदीप तुरी राजू प्रसाद पप्पू परहिया मुन्ना परहिया मनोज राम नसीम अंसारी ने बताया की प्रखंड क्षेत्र के नेताओ ने तो हाथ में हाथ धरके बैठे हुए हैं। ग्रामीण ने बताया की उनके पिता के जमाने में भी बिजली नहीं थी और आज भी नहीं है।एक महिला शांति कुवंर ने बताया कि बिजली न होने की वजह से बच्चे पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। पानी भी नहीं मिलता है।इसके साथ एक बुजुर्ग महिला ने बताया कि उनका गांव बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं से भी दूर है। लेकिन अभी तक गांव में बिजली नहीं पहुंची और हमारे गांव में कोई भी मेहमान आना पसंद नहीं करता है, बच्चों की पढ़ाई सिर्फ दिन में हो पाती है रात में पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। मोबाइल की चार्जिंग भी करनी पड़ती है तो अपने गांव से 2 किलोमीटर दूरी पर जा करके मोबाइल चार्ज करते है, मोबाइल चार्ज करने के भी प्रति मोबाइल चार्ज के पैसे भी देने पड़ते हैं।

# कर्नल कप फुटबॉल महाकुंभ का आगाज आज से

**एसडीओ होगें मुख्य अतिथि**





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** विधानसभा क्षेत्र के सबसे लोकप्रिय खेलों में शामिल फुटबॉल 'कर्नल कप' का आगाज आज गुरुवार यानी (23 नवंबर) से हुसैनाबाद के अनुमंडल मैदान में हो रहा है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र की 20 बेहतरीन टीमें चमचमाती ट्रॉफी के लिए जोर आजमाइश करती हुई नजर आएंगी। फाइनल 23 दिसंबर को खेला जाएगा। नाक आउट स्टेज में 10 मुकाबले खेले जाएंगे। इनमें से शानदार प्रदर्शन करने वाली 8 टीमें अगले दौरे के लिए क्वालीफाई करेंगी।

**अनुमंडल पदाधिकारी होगें मुख्य अतिथि**

प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण होगें। अमही और झरहा के बीच शुरूआती मुकाबले से पूर्व गुरूवार को दोपहर 12:30 बजे से उद्घाटन समारोह शुरू होगा। सभी टीमों के खिलाड़ियों द्वारा मार्च पास्ट करते हुए मुख्य बाजार का भ्रमण किया जाएगा। कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह बताया कि लगातार चौथी साल इस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को हम लोग आगे बढ़ाने के लिए अवसर प्रदान कर रहे हैं। हुसैनाबाद क्षेत्र के पुराने व मशहूर फुटबॉल खिलाड़ियों के मार्गदर्शन में इस टूर्नामेंट का आयोजन होते आ रही है। क्लब के अध्यक्ष मानिक चंद्र सिंह ने कहा कि सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है टूर्नामेंट पिछले वर्ष की अपेक्षा और भी भव्य व शानदार होगा। इस बार नॉकआउट स्टेज में ही सभी मुकाबले खेले जाएंगे। जिसमें सभी टीमों को पांच बाहरी खिलाड़ियों को अपने टीम में शामिल करने की अनुमति दी गई है। प्रतिदिन एक मुकाबला खेला जाएगा जो दोपहर 2:00 बजे से शुरू होगा। उन्होंने स्थानीय खिलाड़ीयो को हौसला अफजाई करने के लिए फुटबॉल प्रेमी दर्शकों से अधिक संख्या में अनुमंडल मैदान में पहुंचने का आग्रह किया है। मौके पर स्पोर्ट क्लब के सचिव मनोज शर्मा विनय कुमार सिंह महेन्द्र चौधरी सगीर अहमद इशरार अहमद (गुड्डू) निर्णायक सुदय सिंह कमेंदर पासवान रविंद्र सिंह सुभाष कुमार मनोहर सिंह प्रदीप कुमार मुकेश सिंह पिन्टु कुमार भानु प्रताप सिंह सहित सभी टीमों के कैप्टन व खिलाड़ी मौजूद थे।

# सतबरवा : दो दिवसीय जतरा मेला का हुआ समापन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** राजा मेदिनीराय की याद में लगने वाला दो दिवसीय जतरा मेला का समापन बुधवार को हो गया। हल्की-फुल्की घटना के साथ शांतिपूर्वक संपन्न हो गया।

दूसरे दिन भी मेला में काफी भीड़ देखी गई। प्रशासन ने मेला के दौरान दोनों दिन मुस्तैद रही। मेला जाने वाले सभी मार्गों में पुलिस बल के जवान तैनात किए गए थे ताकि किसी प्रकार की हुड़दंग नहीं हो। पुलिस बल के जवान मेला स्थल में भी तैनात थे। इस दौरान थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी लगातार विधि व्यवस्था की जानकारी स्थल पर जा कर लेते रहे।

मेला में पारंपरिक हथियार तलवार की बिक्री जोरों पर थी वहीं लकठो, बादाम भी काफी बिके। मेला में आकर्षण का केंद्र झूला, मौत का कुआं रहा जहां लोगों ने काफी मनोरंजन किया।

# करगली वाशरी के रिजेक्ट और स्लरी स्टॉक का भौतिक सत्यापन करने की मांग



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** कुछ श्रमिक प्रतिनिधि ने माननीय प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर सीसीएल बीएंडके क्षेत्र अंतर्गत करगली वाशरी के रिजेक्ट कोल और स्लरी स्टॉक की जांच की मांग करने की बात कही है। नाम न छापने से मना करते हुए श्रमिक प्रतिनिधि ने बताया करगली कोलियरी के एक नंबर बंद खदान और तीन नंबर कॉलोनी हीरक रोड के पास कोल स्टॉक मे कई दशक पहले रखे लगभग 10 हजार रिजेक्ट कोल और स्लरी स्टॉक बताया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रबंधन के मिली भगत से काफी मात्रा में रिजेक्ट कोल और सैलरी कालाबाजारी में बेच दिया गया है। उसने बताया कि पूर्व में जे एम एस के रिजिनल सचिव स्वर्गीय सूर्यनाथ सिंह ने संबंध में पत्राचार कर 2012 में जांच करने की मांग की थी। जांच में क्षेत्र के तत्कालीन महाप्रबंधक सहित कई कर्मी को सजा दी गई थी। कुछ आज तक बर्खास्त है। लेकिन इस कार्रवाई के बाद भी पिछले कुछ वर्षों से रिजेक्ट कॉल और स्लरी की लूट का सिलसिला जारी है। अधिकारी और कालाबाजारी करने वाले मालामाल हो रहे हैं। स्वर्गीय सूर्यनाथ सिंह के पत्र पर एक्शन हुआ था। पांच वर्ष के बाद 3 महीने पहले रिजल्ट कोल का ई- ऑक्सन के तहत सेल चालू हुआ है। इसमें भी कई तरह के अनियमितता बरती जा रही है। जहा तक 10 हजार रिजेक्ट कोल और स्लरी स्टॉक की है तो करगली वाशरी पीओ भी एन पांडे ने इसकी पुष्टि की है। लेकिन कारो साइडिंग बनाने के लिए करगली बंद खदान को भरने के लिए रोड बनाने में रिजेक्ट कोल और स्लरी को बर्बाद किया जा रहा है। बीएंडके प्रबंधन मूक दर्शन बना हुआ है। पूछताछ करने पर करगली परियोजना पदाधिकारी अरविंद शर्मा ने बताया कि बंद एक नंबर खदान को बोल्डर भरकर लेवल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रास्ता बनाने में रिजेक्ट और स्लरी कोल को रास्ता बनाने मे भरने नहीं करने दिया जाएगा। इसी तरह से करगली गेट स्थित स्लरी पौंड मे रखे हजारो टन स्लरी के उपर बोल्डर गिराकर बर्बाद कर दिया गया। यूनियन प्रतिनिधि ने कहा कि करगली के बंद एक नंबर खदान के समीप रखे स्लरी और रिजेक्ट कोल तथा सिगारबेडा बालू बैंकर स्थित रिजेक्ट कोल स्टॉक की भौतिक सत्यापन आवश्यक है।इसके लिए वह शीघ्र ही इस संबंध मे माननीय प्रधान मंत्री को पत्र लिखकर भेजने का निर्णय लिया है।

## स्पीड न्यूज

### चास के नंदुआ स्थान में पेड़ से लटकी मिली लाश

**बोकारो/चास।** चास थाना अंतरगत नंदुआ स्थान में स्थानीय निवासी राजू गोप के 18 वर्षीय बेटे बिमल गोप की लाश पेड़ से लटकी मिली। मृतक की माँ सुखी देवी का आरोप है कि मृतक के पिता ने ही उसकी हत्या की है जबकि पिता ने सुखी देवी को मानसिक रूप से अस्वस्थ बताते हुए आत्महत्या या हत्या की सम्भावना व्यक्त की है। चास थाना के सूत्रों के अनुसार आत्महत्या की सम्भावना प्रतीत हो रही है। फिलहाल जाँच चल रही है। उसके बाद ही कुछ स्पष्ट हो सकेगा। मृतक की मां अपना बयान बार बार बदल रही है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### नौ दिवसीय रामलीला प्रारंभ

**राजगंज।** राजगंज स्थित राम जानकी मंदिर ठाकुरवाड़ी में नौ दिवसीय रामलीला प्रारंभ हुई। रामलीला की प्रस्तुति जय मां शीतला रामलीला मंडली विंध्य क्षेत्र विंध्याचल मंडल मिजार्पुर की ओर से की गई है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे । कार्यक्रम का शुभारंभ ठाकुरवाड़ी के प्रधान पुजारी रामसनेही दास जी महाराज के द्वारा फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुखिया प्रतिनिधि सुबोध चौरसिया, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सुनील साव, समाजसेवी व्यास राय, दिलीप गोप, सच्चीदा सिंह आदि मौजूद थे। कार्यक्रम के पहले दिन दशरथ पुत्रेस्टि यज्ञ व राम जन्म उत्सव की प्रस्तुति की गई। यह कार्यक्रम बुधवार 29 तारीख तक जारी रहेगा।

### मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी प्रखंड कार्यालय परिसर से मतदाता जागरूकता रथ को सीओ देवराज गुप्ता ने बुधवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीओ श्री गुप्ता ने बताया कि यह रथ प्रखंड के विभिन्न क्षेत्र में पहुंच कर चुनाव में मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करेगी। रथ पर मतदाता जागरूकता को लेकर बैनर भी लगाया गया है। मौके पर अंचल निरीक्षक नीरज कुमार, प्रखंड नाजिर आदि उपस्थित थे।

### स्व ओपी लाल की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा के तालडांगा हाउसिंग कालोनी स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ के अध्यक्ष सुरेश चंद्र झा के आवासीय कार्यालय में संघ के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष एकीकृत बिहार झारखंड के पूर्व मंत्री रहे स्व ओपी लाल की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई। झा व अन्य ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। झा ने संघ के उपस्थित पदाधिकारियों को उनके संघर्षपूर्ण जिवनी के विषय में बताए व बोले की हमलोगों को इनके जीवन से सीख लेना चाहिए।मौके पर सुरेश चंद्र झा, मो अमिरूल्लाह, गैरुल हसन, सक्सेस प्रसाद, नीलकंठ मंडल, मो आदिल, राम इकबाल साव, श्यामापदो घोष, निशिकांत मिश्रा, जीतेन्द्र मिश्रा, मनीष झा, महादेव मिश्रा, श्यामा कांत मिश्रा, विनय सिंह, मंतोष यादव, विदेशर झा, संतोष तिवारी, रमेश प्रसाद, परमानन्द सिंह आदि थे।

### सामाजिक कार्यकर्ता परमेश्वर मुर्मू ने जदयू की सदस्यता ली

**कतरास।** श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। मिलन समारोह में टुंडी विधानसभा क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता परमेश्वर मुर्मू ने जदयू के सर्वमान्य नेता नीतीश कुमार, ललन सिंह,खिरु महतो में आस्था व्यक्त करते हुए दीप नारायण सिंह की उपस्थित में जदयू की सदस्यता ग्रहण किया। इस अवसर पर जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने पार्टी में शामिल होने वाले सामाजिक कार्यकर्ता परमेश्वर मुर्मू को सदस्यता रसीद दे कर पार्टी में शामिल किया और बधाई दी। श्री सिंह ने कहा कि जदयू पार्टी गांव - गरीब, मजदूर-किसान की पार्टी है।

## सांसद पी एन सिंह ने अमर बाउरी का स्वागत और अभिनंदन किया



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी का धनबाद आगमन पर धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह के आवास गए। इस अवसर पर सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी का शाल ओढ़ा कर, पुष्पगुच्छ देकर स्वागत और अभिनंदन किया।

इस अवसर पर चिरकुंडा नगर निगम के महापौर डब्लू बाउरी, भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला महानगर के महामंत्री नितिनभट्ट, योगेंद्र यादव,उचित महतो उपस्थित थे। नेता प्रतिपक्ष अमर बावरी का धनबाद परिसदन में धनबाद महानगर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह के नेतृत्व में नेताओं और कार्यकताओं ने स्वागत और अभिनंदन किया। इस अवसर पर निवर्तमान महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार, प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश राही,चिरकुंडा नगर निगम के अध्यक्ष डब्लू बाउरी, जिला महामंत्री नितिन भट्ट, जिला महामंत्री श्रवण राय, जिला उपाध्यक्ष संजय झा, मानस प्रसून, उमेश यादव, योगेन्द्र यादव, जिला मीडिया प्रभारी मिल्टन पार्थ सारथी, भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमलेश सिंह, युवा मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता प्रियंकारंजन, चंद्रशेखर मुन्ना, बप्पी बाउरी, फूल जोशी, प्रकाश बाउरी, रामाशीश भुईंया, आशीष पासवान, मोहन कुंभकार, जयंत चौधरी, तमाल राय एवं अन्य उपस्थित थे।

### जामगोरिया मध्य विद्यालय में लगा वाटर प्यूरीफायर

**बोकारो।** वीरबाक एनिमल हेल्थ डिविजन ने कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के तहत मध्य विद्यालय जामगोरिया चास में आरओ तथा यूवी वाटर प्यूरीफायर स्थापित कर इसका शुभारंभ किया। इसका उद्घाटन पशु चिकित्सक डॉक्टर सुमन कुमार ने किया। उन्होंने बच्चों को साफ पानी पीने से होने वाले फायदे पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर वीरबाक एनिमल हेल्थ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक विनोद कुमार एवं प्रतिनिधि कपिल यादव के अलावा विद्यालय के शिक्षक राज कृष्णा राज विनोद कुमार उपाध्याय सुमन कुमारी पवन कुमार हरेन कुमार भूपेंद्र नाथ महतो शोभा देवी और बच्चे उपस्थित रहे।

### जीतन राम मांझी से मिले अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष

**बोकारो।** अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी से उनके आवास पर मिलकर उन्हें अंगवस्त्र तथा पौधा देकर सम्मानित किया। इस दौरान श्री अग्रवाल ने समाज सहित कई विषयों पर चर्चा की जिस पर श्री मांझी ने उन्हें समाधान का भरोसा दिया।

## दो दिवसीय रेल कर्मचारियों का स्ट्राइक बैलेट संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** बुधवार को एआईआरएफ के आह्वान पर ईस्ट सेंटर रेलवे कर्मचारी यूनियन का दो दिवसीय स्ट्राइक वॉलेट संपन्न हो गया।यह स्ट्राइक बैलट धनबाद मंडल के 14 शाखा के साथ-साथ पूर्व मध्य रेलवे का पांचो मंडल में एक साथ संपन्न हुआ और यह पूरे भारतीय रेलवे में एक साथ दिनांक 21 और 22 नवंबर को संपन्न हुआ रेल कर्मचारी अपनी एनपीएस को हटाकर पुरानी पेंशन बहाल करने कि मांगों को लेकर यह स्ट्राइक बैलेट ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के द्वारा रखा गया था।धनबाद मंडल के सभी 14 शाखा के संपन्न हुए वोटो का गिनती कर पटना स्थित ईसीआरकेयू के मुख्य कार्यालय में भेज दिया जाएगा। फिर पटना से पांचो मंडल का परिणाम एआईआरएफ के मुख्य कार्यालय भेज दिया जाएगा और फिर वहां से इसका जो निर्णय लिया जाएगा उसी पर सभी जोन मंडल और शाखा अमल करेंगे।

धनबाद के तीनों ईसीआरकेयू शाखा के प्रतिनिधियों ने सभी डिपो और कार्यालय में जाकर कि स्ट्राइक बैलट को संपन्न करने में अपनी भागीदारी दी जिस पर प्रमुख, बीके दुबे, नेताजी सुभाष, एन के खवास, सोमेन दत्ता, जे के साव, सुदर्शन महतो, आर के सिंह,ए के दास, अजय कुमार सिंह, इस्लाम अंसारी, तपन भटाचार्जी, प्रदीप्तो सिन्हा, एम के मुकेश, सुरेंद्र चौहान,अमरजीत यादव, प्रांसात बनर्जी, पिंटू नंदन,भानु प्रकाश गुप्ता, राजकुमार, पवन कुमार, उपेंद्र मंडल और विश्वजीत मुखर्जी शामिल थे।

## एक नजर में

### 25 नवंबर को 10 पंचायत सहित 13 स्थान पर किया जाएगा शिविरों का आयोजन

**धनबाद।** राज्य सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आगामी 24 नवंबर से 26 दिसंबर 2023 तक जिले की सभी 256 पंचायत, नगर निगम के 55 वार्ड एवं चिरकुंडा नगर परिषद के सभी वार्ड में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 25 नवंबर को 10 पंचायत, धनबाद नगर निगम के दो वार्ड एवं चिरकुंडा नगर परिषद के 1 वार्ड में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 25 नवंबर को टुंडी के बरवाटांड़, कलियासोल के आसनलिया, निरसा के बेलकूपा, तोपचांची के बिशनपुर, बाघमारा के बागड़ा एवं लोहापट्टी, बलियापुर के आमझर, एगारकुंड के वृंदावनपुर तथा गोविंदपुर प्रखंड के आसानबनी एक एवं आसानबनी दो पंचायत में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही धनबाद नगर निगम के वार्ड संख्या 10 के माडा भवन पुटकी एवं वार्ड तीन के अंचल कार्यालय कतरास तथा चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड संख्या 2 के सामुदायिक भवन मुंडाधौड़ा में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन सुबह 10:00 बजे से संध्या 3:00 बजे तक अथवा जब तक अंतिम व्यक्ति की शिकायत न सुनी जाए या उनका आवेदन नहीं लिया जाए, तब तक शिविर चलेगा।

### गाय बने राष्ट्र माता, अजय भरतिया ने भरी हुंकार

धनबाद। पवित्रम गो सेवा परिवार के धनबाद जिला मीडिया प्रभारी जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि धनबाद के अजय भरतिया ने गोपाष्टमी के दिन दिल्ली के रामलीला मैदान में चल रहे गो माता बने राष्ट्र माता आंदोलन को सर्मथन देते हुए पश्चिम बंगाल की औधोगिक नगरी दुगार्पुर से हुँकार भरी।लोगो को आगाह किया कि अगर गाय नही बची तो मानव सभ्यता नही बचेगी । पर्यावरण ,लोगो के स्वास्थ्य ,कृषि हर जगह गाय का महत्व है इसलिए केवल धार्मिक दृष्टि से नही मानवीय सभ्यता को बचाने के लिए गाय को बचाना जरूरी हो गया है अजय भरतिया के मार्गदर्शन में पिछले कई वर्षों से पवित्रम गो सेवा परिवार घायल - बीमार गोवंश की चिकित्सा ,सेवा ,जैविक खेती व पंचगव्य उत्पाद के प्रचार प्रसार हेतु झारखंड में कार्य कर रहा है। भारत मे पुनः गुरुकुल की परंपरा शुरू हो इसके लिए भी निरन्तर प्रयासरत है। बच्चो को सनातन संस्कृति एवम संस्कारो से जोड़ने हेतु अनेक कार्यक्रम चलाये जा रहे है।

### शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन

**कुमारधुबी।** राज्य परियोजना निदेशक रांची के आदेशानुसार बुधवार को मध्य विद्यालय एगयारकुंड निरसा-3 में एगयारकुंड दक्षिण पंचायत के मुखिया अजय कुमार राम की अध्यक्षता में शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया।वही बैठक के कार्यक्रम के बारे में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार झा ने पीटीएम कार्यक्रम का उद्देश्य मुद्दा एवं अभिभावकों की भागीदारी का संक्षिप्त प्रस्तुति, बाल संसद के सदस्यों का स्वागत एवं मुख्य अतिथि का अभिभाषण, जागरूकता गीत से प्रारंभ किया।श्री झा के द्वारा द्वारा विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति एवं ई विद्या वाहिनी में अधतन स्थिति ,प्रयास कार्यक्रम की उपलब्धि ,ऋ छ ट की जानकारी एवं माता-पिता की जिम्मेवारी, मध्याह्न भोजन ,गृह कार्य पर निगरानी, छात्रवृत्ति ई कल्याण तथा सावित्रीबाई फुले आदि विषयों की जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि स्थानीय मुखिया अजय कुमार राम ने कहा कि शिक्षा मानव समाज के विकास एवं प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है शिक्षा के कारण विद्यार्थी को विविध चीजों के बारे में जानकारी मिलती है शिक्षा के कारण विद्यार्थी को पुस्तकों के ज्ञान के साथ अन्य चीजों का भी ज्ञान मिलता है उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा छात्रवृत्ति साइकिल मध्यान भोजन योजना, पोशाक, छात्रवृत्ति, सावित्री बाई फुले की सुविधा आदि कार्यक्रम विद्यालय में संचालित है उन्होंने अभिभावकोंसे अपील की की प्रतिदिन साफ सुथरे पोशाक में नियत समय पर बच्चों को स्कूल भेजें।

### ठोस कचरा प्रबंधन प्लांट अधूरा रहने के मामले की जांच

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर परिषद में ठोस कचरा प्रबंधन के लिए कार्यरत पायनियर कंपनी के मालिक द्वारा ढ़ाई करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के मामले में और साक्ष्य इकट्ठा करने के उद्देश्य से बुधवार को एसआई अंकित सोलंकी के नेतृत्व में दिल्ली पुलिस चिरकुंडा नगर परिषद कार्यालय पहुंची। जहां उनलोगों ने कार्यपालक पदाधिकारी संदीप पासवान से मिलकर सारी जानकारी प्राप्त कर वापस लौट गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए कार्यपालक पदाधिकारी संदीप पासवान ने बताया कि हाई कोर्ट के निर्देश पर पायनियर कंपनी से जुड़ी कुछ जानकारी दिल्ली पुलिस को जरूरत थी। उसे उन्हें उपलब्ध करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि पायनियर कंपनी पिछले एक वर्ष से काम नही कर रही है। इसके लिए उन्हें कई बार चिरकुंडा नगर परिषद की ओर से नोटिस भेजा गया है। मगर उनलोगों द्वारा कोई जबाब नही दिया जा रहा। अगर जल्द ही कोई जबाब नही मिला तो उसे ब्लेक लिस्ट कर नए कंपनी को टेंडर दे दिया जाएगा। वही पायनियर कंपनी द्वारा निर्माण कराए जा रहे ठोस कचरा प्रबंधन प्लांट अधूरे रहने के मामले में जांच कर कानूनी सलाह ली जा रही है। उसके उपरांत विधि संवत कार्रवाई की जाएगी।

### दिल्ली में जलवा बिखेरेंगी कसमार का घोड़ा नाच टीम

**बोकारो/कसमार।** नई दिल्ली के प्रगति मैदान में 27 नवंबर तक चलने वाले भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में झारखंड राज्य की भागीदारी में सांस्कृतिक कार्य निदेशालय पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखण्ड राँची द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कृत विनोद कुमार महतो की टीम जागो जगाओ सांस्कृतिक कला मंच सिंहपुर की ओर से घोड़ा लोक नृत्य भी अपना जलवा बिखेरेंगी। झारखंड पवेलियन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों द्वारा स्वागत के साथ राज्य के समृद्ध कला का प्रदर्शन सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जायेंगी। जागो जगाओ सांस्कृतिक कला मंच सिंहपुर बोकारो की ओर से विनोद कुमार महतो रसलीन के नेतृत्व में 20 सदस्यों टीम जा रही हैं।

### मुखिया ने दो गांव को किया बाल विवाह मुक्त गांव घोषित

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के तीन गांव पिरगुल भवानीपुर व रघुनाथपुर को मुखिया की अध्यक्षता में बैठक कर बाल विवाह मुक्त गांव घोषित कर दिया गया। इस दौरान मौजूद लोगों ने गांव में बाल विवाह नहीं होने देने का संकल्प लिया। साथ ही बाल मजदूरी बाल व्यापार व बाल यौन शोषण के रोकथाम के लिए कारगर प्रयास करने का निर्णय लिया गया। मुखिया गीता देवी व सरिता देवी ने कहा कि कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन व सहयोगिनी बहादुरपुर द्वारा चलाए जा रहे अभियान बाल विवाह मुक्त गांव का कार्यक्रम काफी सराहनीय है। मुखिया ने कहां कि यह काम प्रत्येक गांव में होना चाहिए ताकि बाल विवाह जैसी कुरीति जड़ से खत्म हो सके। सहयोगिनी की मिंटी कुमारी सिन्हा ने बताया कि पूरे कसमार प्रखंड के 40 गांवों को संस्था द्वारा बाल विवाह मुक्त गांव घोषित करने का संकल्प लिया गया है। अभी तक 20 गांवों को बाल विवाह मुक्त गांव घोषित कर दिया गया है।

## झामुमो सिंदरी नगर अध्यक्ष के घर पर तोड़फोड़ मामले में लिखित शिकायत दर्ज



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा सिंदरी नगर अध्यक्ष रामगोविंद राम के शहरपुरा गुलगुलिया बस्ती स्थित आवास पर मंगलवार की शाम लगभग साढ़े 7 बजे 15 अज्ञात युवकों द्वारा जमकर तोड़फोड़ की जाने के मामले में अध्यक्ष ने पुलिस को लिखित शिकायत की है। इस घटना में साहुल और रितिक मुर्मू सहित 15 अज्ञात लोगों पर आरोप लगाया गया है। उन्होंने लिखित शिकायत में घटना के कारणों का जिक्र नहीं किया है। झामुमो सिंदरी नगर अध्यक्ष ने शिकायत पत्र में घटना के समय घर में उपस्थित माँ और बहन सहित अन्य सदस्यों के साथ उक्त युवकों द्वारा मारपीट की बात कही है।

साथ ही लगभग पचास हजार रुपए की संपत्ति की तोड़फोड़ और लगभग चालीस हजार रुपए की संपत्ति गायब होने का जिक्र भी किया है। हालांकि घटना के बाद अध्यक्ष रामगोविंद राम, उनकी माँ फुलवा देवी, बहन चिंता देवी तथा उनके नाबालिग पुत्र ने घटना का कारण अध्यक्ष के भगीना विनित कुमार के साथ उक्त युवकों के द्वारा जुआ खेलने और मारपीट की बात बताई गई थी। इसकी जानकारी पड़ोसियों ने भी दी थी और घर में रखे खाने को भी फेंक दिया। इसी क्रम में उन्होंने घर के लोहे के दरवाजे, कुर्सियाँ और साइकिल सहित अन्य सामानों की जमकर तोड़फोड़ की।

अध्यक्ष ने घटना के समय घर पर नहीं होने की बात बताई थी। उन्होंने बताया कि बलियापुर पुलिस को इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराई है। समाचार लिखे जाने तक बलियापुर थाना प्रभारी सूबेदार यादव से संपर्क नहीं हो सका था।

### अमृत वृक्ष आंवला का पूजन कर मनाया गया वृक्ष दिवस

**बोकारो।** स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा अमृत वृक्ष आंवला की पूजा अर्चना कर सेक्टर 3-ई स्थित भास्कर निवास में वृक्ष पूजन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा मुकुल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में वृक्षों को देवता के रूप में माना जाता है। वृक्ष ऑक्सीजन जड़ी बूटियों सहित छाया फल-फूल प्रदान कर हमारे जीवन की रक्षा करते हैं। मान्यता है कि समुद्र मंथन के बाद जो अमृत निकला उसकी बूंदे धरती पर जहां जहां छिटक गई वहां वहां आंवला वृक्ष की उत्पत्ति हुई और इसलिए ही इसमें अमृत का गुण पाया जाता है तथा इसके सेवन पूजन एवं स्पर्श का महत्व है। वृक्ष पूजन कार्यक्रम में शशि भूषण ओझा मुकुल पं भैरवानंद मिश्र अनीता ओझा बेबी मिश्रा मनोरमा सिंह अधिवक्ता ब्रजेश कुमार मिश्र रीना देवी विभा तिवारी श्यामा पांडेय रमा चौबे शिलम देवी बीरेंद्र कुमार पांडेय राम कृपाल मिश्र परशुराम मिश्र आदि उपस्थित रहे। आसपास के इलाके में आंवला वृक्ष की विशेष पूजा अर्चना की गई और लोगों ने आंवला वृक्ष के नीचे भोजन व पकवान बनाकर पूरे परिवार व कुटुम्बों के साथ ग्रहण किया।

## बोकारो थर्मल के डीवीसी अस्पताल में घुसकर मारपीट, 4 गंभीर





घायल बासुदेव साव व शिक्षक राजेंद्र साव।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो /बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी अस्पताल के अंदर जमकर लाठी डंडा चला। जिसमें इलाज करा रहें एक महिला सहित तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। लगभग आधा घंटा अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल रहा। एक इलाजरत कर्मी केबीन में घुसकर अपनी जान बचायी। सूचना पाकर जब तक अस्पताल पहुंची बोकारो थर्मल पुलिस तब-तक हमलावर चिंतामन साव, रविशंकर साव, कुदंन साव, उपेंद्र साव, बिरेंद्र साव, सुनील साव व सुरेश साव फरार हो गए थे। इस घटना में पेंक-नारायणपुर पुलिस कर्तव्यहीनता उजागर हुई है। पहली बार मारपीट की घटना के बाद पुलिस पीड़ितों की थाना में सुनी नहीं गयी। उल्टा उन्हें हाजत में बंद कर दिया गया। इसके बाद आरोपी पक्ष के लोग थाना भी गए, लेकिन कार्रवाई करने के बजाए अस्पताल भेज दिया गया। पेंक-नारायणपुर थाना क्षेत्र के बरई गांव निवासी बासुदेव साव का एक बछड़ा स्व.टेकलाल साव के जमीन में घुस गया था। इसी खुनस में स्व. टेकलाल के परिजनों ने बासुदेव साव के पुत्र रंजीत साव को जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद पीड़ित बासुदेव साव सहित अन्य परिजन पेंक-नारायणपुर थाना पहुंचे। वहां पर उन्हें इलाज के लिए डीवीसी अस्पताल भेज दिया। इसके बाद आरोपियों ने अस्पताल में घुसकर घायल रंजीत साव, शिक्षक राजेंद्र साव, बासुदेव साव व यशोदा देवी की पिटाई कर दी जिससे वे लोग गंभीर रूप से घायल है। जिसमें बासुदेव साव का रामगढ़ और बाकी का रांची रेफर किया गया। डीवीसी अस्पताल में हुई मारपीट की सूचना मिलने के बाद पेंक-नारायणपुर थाना की पुलिस बोकारो थर्मल पहुंची और मामले की तहकीकात में जुट गयी है। रात भर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी चलायी गयी, लेकिन सभी आरोपी फरार हो गए थे। इधर, थाना प्रभारी मनीष कुमार ने कहा कि जांचोंपरांत कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल सभी आरोपी फरार है।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, SIMDEGA**

**e-Procurement Tender Notice**

**Tender Reference No. WRD/MID/SIMDEGA/F2-03/2023-24 Date :- 22-11-2023**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Name of the work:- Construction of Checkdam on Sanbotha Toli Nala Block- Kolebira | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of Tender Paper (Rs.) |
| | | 62,53,800.00 | 1,25,500.00 | 10,000.00 |
| 2. | Time of Completion. | 335 days (11 Month) | | |
| 3. | Date of Publication of Tender on website | 05-12-2023 (2:00PM.) | | |
| 4. | Last date/Time for submission of Bids (online) | 19-12-2023 (up to 5:00 PM.) | | |
| 5. | Online submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement Portal (http://jharkhandtenders.gov.in ) 19-12-2023 (up to 5:00 PM.) | | |
| 6. | Date of opening of e-tender | 20-12-2023 ( 02.00 PM) | | |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION, DIVISION, SIMDEGA. | | |
| 8(a) (b) | Contact no. of Procurement officer E-mail of e-procurement Officer | 7004377291 midivsimdg@gmail.com | | |
| 9. | Helpline number of e-Procurement cell. | 0651-2491232 | | |

Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
M.I. Division, Simdega

PR 311756 Minor Irrigation (23-24)_D

## स्पीड न्यूज

### डीसी ने जागरूकता वाहन को किया रवाना



**रामगढ़।** राज्य सरकार के चार वर्ष पूरा होने पर 24 नवंबर से 29 दिसंबर तक आयोजित होने वाले आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को उपायुक्त चंदन कुमार ने जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वाहन जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्थित पंचायतों व गांवों में जाकर जनता को आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित होने वाले शिविरों, उनके स्थान एवं शिविर के दौरान आम जनों की समस्याओं को लेकर लगाए गए विभिन्न स्टॉल आदि के प्रति जागरूक करेगा। इस दौरान उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉक्टर असीम कुमार, एसएमपीओ विक्रम सोनी सहित अन्य उपस्थित थे।

### प्रकाशोत्सव को ले निकली प्रभात फेरी



**कुजू।** सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव जी महाराज के प्रकाशोत्सव को लेकर 22 से 26 नवंबर तक आयोजित प्रभात फेरी के प्रथम दिन बुधवार की सुबह सिख धर्मावलंबी द्वारा बुधवार को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कुजू द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। फेरी गुरुद्वारा परिसर से गुरु का गुणगान करते डटमामोड़ पहुंचे। प्रभातफेरी में निशान साहिब लिए बलजीत सिंह के साथ संगत विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर कुजू चौक स्थित अरविंदर सिंह बंटी के आवास पहुंची। यहां गुरुद्वारा साहिब प्रधान अरविंदर सिंह बग्गा ने उन्हें सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया। अरविंदर सिंह बंटी की दुकान शू गार्डन में कीर्तन-अरदास की गई। प्रभातफेरी में बाबा कुलवंत सिंह, मंजीत सिंह, हरजीत सिंह, सुरजीत सिंह,करनजीत सिंह, बलवीर सिंह, जसमीत सिंह, हरप्रीत सिंह, राजवीर सिंह, सिमर कौर, बानी कौर, माही कौर, चिक्की कौर, बेबी कौर, हरजीत कौर, सिल्की कौर, जसप्रीत कौर, कुलवंत कौर,गुरपाल कौर सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### मुख्यिा ने किया पोशाक का वितरण



**मांडू।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय उर्दू स्कूल में मांडू चट्टी मुखिया अनीता देवी ने बच्चों के बीच पोशाक का वितरण किया। पहली से सातवीं वर्ग तक के बच्चों के बीच पोशाक का वितरण किया गया। मौके पर प्राचार्या मरियम एवं शिक्षक निरमला खालको, तरन्नुम अनवर,आलम एवं रसोईया नुसरत खातून,सलीमन खातून, अकबरी खातून,विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शाहिद अंसारी, समाजसेवी छोटेलाल भुईयां,आलम अंसारी, मोहम्मद मोबीन,आदित्य आदि मौजूद थे।

### रामगढ़ में पांचवे दिन भी निकली प्रभात फेरी



**रामगढ़।** सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव के 555 वे प्रकाशोत्सव पर पांचवे दिन प्रभात फेरी निकाली गई । प्रभात फेरी के पांचवे दिन भी बड़ी संख्या में सिख समाज के पुरुष और महिला शामिल हुए। प्रभात फेरी में साध-संगत शबद गाते चलते रहे। प्रभात फेरी में सबसे आगे सरदार त्रिलोचन सिंह हाथों में निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई कर आगे आगे चल रहे थे। अमृत वेले बोले बबीहा,आओ जीतो आओ हमारे, नही छोड़ो रे बाबा राम नाम, शब्दों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। फेरी गुरुद्वारा साहिब से निकल कर सुभाष चौक होते हुए बिजुलियां बस स्टैंड गई। वहां से बस के द्वारा ला मेरिटल होटल के बिल्डिंग के पास पंजाबी फूड प्लाजा पहुंची। सरदार सतपाल सिंह सलूजा द्वारा साध संगत का स्वागत किया गया।गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से सरदार अमरजीत सिंह जग्गी ने सरदार सतपाल सिंह सलूजा को सरोपा देकर सम्मानित किया। यहां परिवार वालों ने साध संगत के लिए चाय नाश्ता का प्रबंध किया।

### देवरिया में जतरा मेला का उद्घाटन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** दीपावली एवं छठ महापर्व के अवसर पर देवरिया, मतकमा फुटबॉल ग्राउंड में बुधवार को सोहराय डायर जतरा मेला का उद्घाटन समाजसेवी सह अधिवक्ता धनन्जय यादव, पतरातू प्रखंड प्रमुख कौशल्या देवी, सीताराम मुंडा, पार्षद जयराम बेदिया, सत्येंद्र महतो, राजू मुंडा, सब इंस्पेक्ट उमा शंकर यादव,ने फीता काटकर किया। धनंजय यादव ने कहा कि मेला हमारे पूर्वजों की धरोहर है। मेला में झारखंड की सभ्यता व संस्कृति झलकती है। उन्होंने कहा कि मेला दो दिलों को जोड़ने का काम करती है।

## हजारीबाग में खास महाल जमीन पर हो रहे अतिक्रमण पर उपायुक्त ने लिया संज्ञान

# प्रशासन ने चहारदीवारी को तोड़ा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार हजारीबाग के थाना संख्या 157 भवन पट्टा होल्डिंग संख्या 302, प्लॉट संख्या 872/1235,873/ 1336 एवं 893/1337, रकवा क्रमशः 0.25 एकड़,0.15 एवं 0.10 एकड़ कुल रकवा 0.50 एकड़ भूमि के दक्षिणी भाग पर अवैध रूप से चाहरदीवारी का निर्माण किए जाने की प्राप्त सूचना के आधार पर प्रशासन की चार सदस्यीय गठित टीम के द्वारा उक्त भूमि पर कारवाई करते हुए अतिक्रमण मुक्त कराया गया। गौरतलब है कि यह लीज भूमि मोहम्मद अहसान पिता स्वर्गीय मोहम्मद सामुएल के नाम से दिनांक 31 मार्च 2008 तक नवीकृत था एवं लीज की अवधि समाप्त हो चुकी थी। लीज नवीकरण नहीं होने की स्थिति में यह भूखंड सरकार की संपत्ति घोषित हो जाती है। उपरोक्त के आलोक में अवैध रूप से चहारदीवारी निर्माण करने वाले के विरुद्ध स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज करने की कारवाई की गई है। खास महाल की भूमि पर अवैध निर्माण को ध्वस्त करने तथा अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु शशि भूषण सिंह, अंचल अधिकारी,सदर, राम रतन वर्णवाल, सीओ केरेडारी,अनिल कुमार सीओ कटकमसांडी एवं बालेश्वर राम,अंचल अधिकारी, बड़कागांव को दण्डाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया था।

## विधायक अमित यादव ने पिता चितरंजन यादव की 14वीं पुण्यतिथि मनायी

# माता-पिता की सेवा पुत्र का धर्म :अन्नपूर्णा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बरकट्ठा।** विधायक अमित कुमार यादव के पिता स्व चितरंजन यादव की 14 वीं पुण्यतिथि अपने पैतृक गांव चटकरी में मनाई ।उन्होंने पिता की प्रतिमा ओर पुष्प अर्पित कर नमन किया। सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी,कोडरमा पूर्व सांसद रविंद्र राय, बरही विधायक मनोज यादव,चतरा सांसद सुनील सिंह,कोडरमा जिला अध्यक्ष श्री चन्द्रवंशी सहित क्षेत्रीय गणमान्य लोग व नेताओं ने स्व चितरंजन यादव की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी ।पुण्यतिथि के अवसर पर सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने स्व चितरंजन यादव के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्व चितरंजन यादव संघर्षशील व्यक्ति थे ।वे समदर्शी स्वभाव के थे ।समाज के प्रति संघर्षशील और समर्पण को हमेशा याद किया जाएगा। अमित यादव ने पिता की श्रद्धांजलि अर्पित कर समाज को संदेश दिया है ।पिता की सेवा ही हर पुत्र का धर्म होना चाहिए। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय ने भी विधायक अमित कुमार यादव के इस पहल की प्रशंसा की। कहा पिता को याद करना और उनके सपनों को पूरा करना पुत्र की जिम्मेवारी है ।भाजपा नेता नेता रमेश सिंह ने कहा कि स्व चितरंजन यादव छात्र जीवन से ही संघर्षशील रहे है। उनका अधूरा सपना चलकुशा प्रखंड को कोडरमा जिला में शामिल करवाना था ।यदि यह कार्य पूरा होता है तो यह उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी ।वहीं इस दौरान मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों द्वारा जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया ।श्रद्धांजलि कार्यक्रम का संचालन दुर्गा यादव ने की ।स्व चितरंजन यादव के श्रद्धांजलि सभा में पूर्व जिला अध्यक्ष रामचंद्र सिंह, भाजपा नेता रमेश सिंह, कोडरमा जिला ध्यक्ष नीतेश चंद्रवंशी, रमेश ठाकुर,सरिता देवी,दिनेश कुमार यादव,साध्वी देवनीति, किशुन यादव,जिप सदस्य रीता देवी,अंबिका सिंह के अलावे कई लोग उपस्थित थे।

### किसानों को नहीं मिला धान का पैसा

**विष्णुगढ़।** चेड़रा पैक्स में प्रखंड के लगभग 3 सौ किसानों द्वारा धान बेची गई। बेची गई धान का एक वर्ष बाद भी मूल्य नहीं मिलने से किसान निराश हैं। किसानों का कहना है कि ऊंचे दाम तैय कर प्रलोभन बस किसानों से धान ले ली जाती है और बेचे गए धान का मूल्य एक वर्ष बाद भी नहीं मिलता है। अपने मेहनत के उगाये फसलों के उचित मूल्य के लिए एक वर्ष से हम सबको ठगा जा रहा है, कहा कि अगर सरकारी रुपए किसी आम जनता के पास होती तो सरकार मुर समेत सूद तक वसूल कर लेती। उसी तरह क्या अब किसानों को भी धान के मूल्य के साथ एक वर्ष का इंट्रेस्ट सरकार देगी। किसानों को अफसोस है कि हम भी बिचोलिये के हाथों धान को नहीं बेचा, अगर उस वक्त धान बिक जाता तो उसी वक्त कम अधिक मूल्य मिल गए होते। इस तरह महाजन को सूद नहीं देना पड़ता।

किसानों ने जिला उपायुक्त को

### राज नर्सिंग होम में मोतियाबिंद शिविर



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के तत्वावधान में ट्रेकर स्टैंड भुरकुंडा स्थित राज नर्सिंग होम में मंगलवार से चल रहे दो दिवसीय निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का बुधवार को समापन हुआ। शिविर में डॉक्टर ने 10 लोगों के आंखों की जांच की। जिसमें तीन लोग मोतियाबिंद के मरीज पाए गए। बुधवार को तीनों मरीजों को निःशुल्क ऑपरेशन के लिए निरामया अस्पताल रांची भेजा गया। क्लब की अध्यक्ष लायंस माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल व कोषाध्यक्ष अंजू देवी ने बताया कि गुरुवार को तीनों मरीजों का डॉक्टर द्वारा ऑपरेशन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मरीजों को रांची आने-जाने व रहने-खाने की पूरी व्यवस्था पूरी तरह निःशुल्क होगी। अध्यक्ष माला शर्मा ने कहा कि क्लब का उद्देश्य ही गरीब-जरूरतमंदों व समाजहित में कार्य करना है। उन्होंने कहा क्लब अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वाहन ईमानदारी पूर्वक करता आया है जो आगे भी जारी रहेगा।

# भुरकुंडा में सीसीएलकर्मी के घर से लाखों की चोरी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा ओपी क्षेत्र अंतर्गत रीवर साइड स्थित सीसीएलकर्मी के क्वार्टर का ताला तोड़कर बीती रात्रि चोरों द्वारा नकदी सहित करीब एक लाख रुपए के समानों की चोरी कर ली गई है। चोरी मामले पर भुक्तभोगी भुरकुंडा कोलियरी में कार्यरत सीसीएलकर्मी सह कोल फील्ड मजदूर यूनियन के भुरकुंडा शाखा सचिव पप्पू सिंह ने बताया कि उनका एक मकान भुरकुंडा में भी है। जहां छठ को लेकर दो दिन पहले गये हुए थे। बुधवार को वापस लौटने पर देखा की रिभर साईड वाले क्वार्टर का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाने पर अलमारी खुला हुआ और सामान बिखरे पड़े मिले। उन्होंने बताया कि चोरों ने गोदरेज में रखे 7 हजार 200 रुपए नकद सहित जेवरात

#### सात हजार नकद सहित जेवरात और बर्तनों की चोरी

और बर्त्तनों की चोरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि एक लाख रुपए से अधिक लागत के समानों की चोरी हुई है। चोरी घटना की सूचना पप्पू सिंह ने भुरकुंडा ओपी पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है।

#### जांच में जुटी पुलिस

पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। इधर रिभर साईड बुधबाजार भुरकुंडा निवासी कामता प्रसाद के आवास में भी चोरी का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार घर के लोग छठ करने गांव गये हुए थे। वापस घर लौटने पर चोरी का पता चला। चोरों द्वारा कामता प्रसाद के आवास से भी हजारों रुपये लागत के समानों की चोरी कर लेने की बात बताई जा रही है।

### भुरकुंडा : राकोमयू में दर्जनों लोग हुए शामिल



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन(राकोमयू) की बैठक बुधवार को यूनियन के क्षेत्रीय कार्यालय सौंदा में हुई। बैठक में यूनियन की मजबूती, सदस्यता अभियान चलाने सहित मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा की गई ।नौशाद हुसैन के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने राकोमयू का दामन थामा। सभी नये सदस्यों को सचिव देवेन्द्र कुमार सिंह ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। सिंह ने कहा कि हमारी यूनियन के लिए मजदूरों का हित सर्वोपरि है। इससे कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। उन्होंने यूनियन के लोगों से मजदूरों की समस्याओं का सूचीबद्ध करें, हर हाल में समाधान होगा। उन्होंने कहा कि हमारी यूनियन में सबों को एक समान मान-सम्मान दिया जाता है। सर्वसम्मति से भुरकुंडा परियोजना के लिए कमेटी का गठन किया गया। इसमें नौशाद हुसैन को भुरकुंडा कोलियरी का शाखा सचिव बनाया गया। नवमनोनित शाखा सचिव नौशाद हुसैन को फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर यूनियन के क्षेत्रीय संगठन सचिव अनिल कुमार सिंह, शशि भूषण सिंह, नागेश्वर मिस्त्री, अरूण कुमार, वशिष्ट मुनी विश्वकर्मा, ललकू लोहार, शिव बहादुर, महेश कुमार, रामलखन, रविन्द्र करमाली, मो. शहजाद, योगेंद्र कुमार, मनोज कुमार, रवि कुमार वर्मा, अविनाश कच्छप, विजय कुमार, मुन्ना राम, संजय राय, बालेश्वर, पासवान, इस्लाम अंसारी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# हजारीबाग में पांच दिवसीय राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



हजारीबाग। जिला शतरंज संघ के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग में 22 नवंबर से 26 नवंबर 2023 तक पांच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल, हजारीबाग पुलिस ट्रेनिंग अकादमी के ज्वाइंट डायरेक्टर ( डीआईजी पीटीसी ) संजय कुमार सिंह, हजारीबाग पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे सहित विशिष्ट अतिथि के तौर पर पर्यावरणविद्व सुरेंद्र प्रसाद सिंह, आईएम सुब्राजित साहा , चीफ आर्बेटर विशाल मिंज, टूनामेंट के डॉयरेक्टर करण जायसवाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित हुए और सामूहिक रूप से दीप उज्वलित कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हजारीबाग जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह के द्वारा किया गया और संचालन संघ के सचिव मनमीत अकेला के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों स्वागत शतरंज प्रतियोगिता के डायरेक्टर सह संघ के उपाध्यक्ष करण जायसवाल एवं संघ के उपाध्यक्ष अनूप भाई वर्मा के द्वारा अंग- वस्त्र स्मृति- चिन्ह एवं पौधा देकर अतिथियों का स्वागत किया गया। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि शतरंज एक माइंड गेम है जिसमें कोई उम्र का कोई सीमा नहीं होता। 6 साल के बच्चे के साथ 75 साल का बुजुर्ग भी खेल सकते है। यह एक ऐसा खेल है जो सभी को सम्मान देता है। शतरंज खेल में जीत और हार दोनों में सिख मिलती है। संघ के पदाधिकारी ने बताया कि इस मैच में 300 से अधिक लोग भाग लिए हैं और देश के 14 राज्यों से खिलाड़ी आए हैं। जिसमें एक खिलाड़ी इंग्लैंड से भी इस प्रतियोगिता में शामिल हुए हैं और दो दिव्यांग खिलाड़ी व्हील चेयर में पहुंचे हैं। प्रतियोगिता में कुल पुरस्कार राशि चार लाख सोलह हजार (4,16,000) है। प्रथम पुरस्कार 75 हजार ,द्वितीय पुरस्कार 50 हजार और तृतीय 30 हजार रुपया निर्धारित किया गया है वहीं झारखंड के खिलाड़ियों के लिए एंट्री फीस एक हजार और दूसरे राज्यों के खिलाड़ियों के लिए 15,00 रुपया निर्धारित किया गया है ।प्रतियोगिता में आर्बिटर के रूप में विशाल मिंज,अनीश अंसारी ,अमित टेंभूरेन ,अभिषेक,विक्रम ,विकास,आशीष राज ,विवेक कुमार कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्रजेश कुमार, रवि रंजन, राजू मेहता,शत्रुघ्न कुमार पांडेय,मंजरी कुमारी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

**शतरंज माइंड गेम है, जिसमें उम्र की कोई सीमा नहीं होता: विधायक**

## एक नजर में

### मध्य विद्यालय बरहीडीह में बच्चों को मिला ड्रेस



बरही। बरहीडीहाध्य विद्यालय बरहीडीह के बच्चों को मिला ड्रेस। बरही पश्चिमी के मुखिया शमशेर आलम ने बच्चों से प्रतिदिन स्कूल आने का आग्रह किया और कहा कि वह मन लगाकर पढ़े ताकि देश के आदर्श नागरिक बनकर देश सेवा करें ।मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता भोली पासवान, मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम, प्रधानाध्यापक रविंद्र कुमार अग्रवाल, शिक्षक अजय कुमार, मनोज ठाकुर, रणजीत सिंह, शशि किशोर, लाल मणि सिंह, दिनेश रविदास, सोनमती कुमारी, रानी खातून, नेहा कुमारी, शहनाज खातून तथा बच्चे नैना कुमारी, मोनिका कुमारी, सोनिका कुमारी, दिव्या सिंह, विवेक कुमार, सागर कुमार, ब्यूटी कुमारी, सानिया कुमारी, प्रेम कुमार आदि उपस्थित रहे।

२२ है पी ३ : पोशाक वितरण करते मुखिया व अन्य शिक्षकगण

### साधु सीताराम बाबा की जयंती संपन्न



**कटकमदाग।** बरगड्डा गांव के आनंद भवन आश्रम में इस साल भी 22 नवंबर को साधु सीताराम बाबा की 139 वीं जयंती धूमधाम से संपन्न हुई ।जन्मोत्सव को आनंद भवन आश्रम के अध्यक्ष राममोहन दत्त व सचिव स्वामी महिमानन्द सरस्वती ने 139 प्रदीप जलाकर जन्मोत्सव का उद्घाटन किए। साधु सीताराम के शिष्य कोलकाता सहित अन्य जगहों से एक दिन पूर्व आश्रम पहुँचकर कार्यक्रम को संपन्न कराया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रभात फेरी,गुरुदेव साधु सीताराम बाबा की श्रीमूर्ति स्नानाभिषेक,हवन,139 प्रदीप प्रज्वलन,भंडारा,गरीबों के बीच सैकड़ों शॉल वितरण से संपन्न हुई। जन्मोत्सव को सफल बनाने में मुख्य रूप से कोलकाता, दुमका, बीरभूम, आसनसोल, वर्णपुर,राँची,सरिया,हजारीबाग, सहित अन्य जगहों से अध्यक्ष राममोहन दत्त, जनरल सेक्रेटरी स्वामी महिमानन्द सरस्वती , उपाध्यक्ष कमल बनर्जी,सुब्रत बनर्जी,कोषाध्यक्ष अपर्णा सरकार,एजीएस गौतम बनर्जी, सदस्यों में रूमा बनर्जी, दीपांकर विश्वास, शान्तनु चक्रवर्ती, शेखर गुहा, जीवन बनर्जी, सोनाली मुखर्जी, सपना गुहा, शम्भूनाथ दास, शिखा दास, दीपाली बनर्जी, दिलीप बनर्जी, केके सिंह, मनोहर कुमार मिश्रा, संजय यादव, दशरथ यादव, निरंजन यादव, राजकुमार सिंह, जयशंकर मिश्रा, अरूण कुमार सिंह, उमाशंकर पांडे, मुखिया रामकुमार मेहता, ऋतिक मिश्रा, ऋषभ मिश्रा, प्रशांत सिंह, अमरजीत सिंह, अमन राज, अमरनाथ, कर्ण, विशाल, पारुल, गोरखनाथ, पिंटू, गोलू, अंकित, बादल, पंकज, दिनेश, पिंकू, आकाश, आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

### मुखिया दीपक यादव ने बच्चों को दिया स्वेटर

**कटकमदाग।** बेस पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र मे बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण मुखिया दीपक यादव ने किया । बुधवार सुबह 11:00 बजे 185 बच्चों के बीच ठंड से बचने के लिए कक्षा तीसरा से कक्षा आठवां तक के बच्चों को स्वेटर दिया गया। वही आंगनबाड़ी केंद्र में 10 बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया! इस मौके पर प्रधानाध्यापक छतरी गोप, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मिथलेश कुशवाहा, उपाध्यक्ष सुनीता देवी, सदस्य बसंती देवी, सुफिया खातून, शिक्षक में रविरंजन सींग, जीवन कुमार, विवेक कुमार, कामेश्वर गंझु, वही आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका पुन्नू कुमारी, स्वास्थ्य सहिया सविता खलखो आदि लोग उपस्थित थे।

### धर्मकांटा को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध

**कटकमसांडी।** कोल डंपिंग यार्ड से दो किमी. पश्चिम हजारीबाग चतरा मुख्य मार्ग पर करीवाआसन स्थित उर्सू लाइन मिशन स्कूल के समीप धर्मकांटा निर्माण के विरोध में सैंकड़ो ग्रामीणो ने बूधवार को अंचल कार्यालय व थाना को ज्ञापन सौंपा और हो रहे धर्मकांटा निर्माण को जनहित में तत्काल रोके जानै की गुहार लगाई। ग्रामीणों ने कहा कि अगर धर्मकांटा निर्माण को नही रोका गया, तो चरणबद्ध आंदोलन के साथ चक्का जाम किया जाएगा। ज्ञापन में कहा गया कि जहां धर्मकांटा निर्माण किया जा रहा है, वहां सौ गज की दूरी पर दोनो ओर उसूर्लाइन मिशन स्कूल और एक सरकारी स्कूल के साथ साथ जयगुरूदेव का आश्रम स्थापित है। धर्मकांटा निर्माण हो जाने से यहां सैकड़ो कोयला लदे ट्रकों व हाइवा का परिचालन व वजन मापी होगी। कतारबद्ध हाइव व ट्रकों के खड़े होने से जनजीवन प्रभावित होगी। बच्चों को स्कूल आने जाने मे दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही, कोयला लदे वाहनो के परिचालन से वायू प्रदूषण व ध्वनि प्रदूषण के दुष्प्रभाव झेलना पड़ सकता है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि यह क्षेत्र आबादी बहुल कृषि प्रधान क्षेत्र है। ग्रामीणों को मवेशियों को लाने ले जाने में फजीहतों का सामना करना पड़ सकता है। अंचल व थाने को ग्रामीणो के साथ साथ उसूर्लाइन मिशन व प्राथमिक विद्यालय करीवाआसन के शिक्षकों द्वारा भी अलग अलग आवेदन देकर नए धर्मकांटा निर्माण पर रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन में ध्रुपनारायण महतो, संजय कुजूर, रमेश महतो, वीणा कुमारी, विनोद महतो, सनम कुमार, सुनील कुमार, पतरस हंस, अशोक महतो, राजू उरांव, कपिलदेव कुजुर, विकास कुजुर, रीना देवी, पल्लवी देवी, किरण देवी, उर्मिला कुजुर, लोकनाथ यादव, पूनम मन्ना रिंकी देवी सहित करीब 150 महिला पुरुष का नाम अंकित है।

### बड़कागांव : पंचायत अध्यक्ष बने गौतम कुशवाहा



**बड़कागांव।** बड़कागांव टंडवा रोड स्थित सूर्य मंदिर के प्रांगण में कांग्रेस पार्टी के पश्चिम पंचायत के विकास और कोर कमेटी के विस्तार को लेकर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ने किया। मुख्य अतिथि अंकित राज उर्फ सुमित उपस्थित थे ।जिसमे सर्वसम्मति से गौतम कुशवाहा को पंचायत अध्यक्ष बनाया गया ।मोके पर अंकित राज ने कहा कि हर एक पंचायत में कोर कमेटी गठन कर पंचायत में चापाकल, पीसीसी रोड, नाली एवं अन्य विकास कार्य करना हमारी प्राथमिकता है। सभी टोला से एक दो व्यक्तियों का कोर कमेटी में चयन किया गया है। वहीं अध्यक्ष गौतम कुशवाहा ने कहा कि मुझे जो जिम्मेवारी मिली है मैं निष्ठा पूर्वक अपने दायित्व को निभाऊंगा पश्चिमी पंचायत के हर एक कार्य को पूरा करेंगे व कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे ।मौके पर मुखिया रंजीत कुमार,पंचायत संरक्षक धर्मनाथ महतो,अध्यक्ष गौतम कुशवाहा, उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार कुशवाहा, सचिव चंदन कुमार, मीडिया प्रभारी नरेंद्र कुमार, राजेंद्र महतो, गंगो महतो, मुकेश कुमार,सुजीत कुमार,अजय विश्वकर्मा, रोहित सिंह,कृष्ण ओझा सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 24 से

**लोहरदगा।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम लोहरदगा जिला के नप क्षेत्र में 24 नवंबर से 26 दिसंबर 2023 तक होगा। जिसमें 24 को नगर भवन, लोहरदगा में वार्ड 03, 04, 05 एवं 06 के लिए, 30 को मैना बगीचा में वार्ड 07 एवं 08 के लिए, 04 दिसंबर को मैरेज हॉल खादगढ़ा में वार्ड 09, 14 एवं 15 के लिए, 09 को वार्ड विकास केंद्र इमली चौक में वार्ड 01, 02, 10 एवं 11 के लिए, 14 को उर्स मैदान स्थित स्कूल में वार्ड 12 एवं 17 के लिए, 18 को नगर परिषद कार्यालय, सभागार में वार्ड 13 एवं 16 के लिए, 22 को वार्ड विकास केंद्र, नवाड़ीपाड़ा में वार्ड 18,19 एवं 20 के लिए और 26 को वार्ड विकास केंद्र मधुबन में वार्ड 21, 22 एवं 23 के लिए कार्यक्रम होगा। उक्त सभी स्थानों पर शिविर का आयोजन 11 बजे पूर्वाह्न से किया गया है।

### कृषक मित्र के निधन पर जताया शोक

**कैरो।** प्रखंड क्षेत्र के टाटी निवासी कृषक मित्र सह समाजसेवी बुधवा उरांव (70) की लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। बुधवा के निधन पर प्रखंड कृषक मित्र संघ ने शोक जताया है। वे कृषक मित्र रहते हुए क्षेत्र के किसानों को बीज वितरण, केसीसी आवेदन, ऋण माफी, सरकारी आयोजन व किसान मेला में किसानों को ले जाने जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य किये, जिससे क्षेत्र में लोगों के बीच प्रभाव के साथ रहे। बुधवा के निधन पर बीडीओ पवन कुमार महतो, सीओ कमलेश उरांव, बीएओ राजीव गुप्ता, कृषक मित्र राजनारायण सिंह, फुलमनी उरांव, मृत्युंजय तिवारी, अनीश अहमद, शमीम असारी, समियूल असारी, रामनाथ उरांव, प्रतिमा देवी ने शोक जताया।

### लोहरदगा ग्रामीण मंडल महामंत्री के पिता के निधन पर जताया शोक



**लोहरदगा।** भाजपा लोहरदगा ग्रामीण मंडल के मंडल महामंत्री विवेक चौहान के पिता और ग्रामीण मंडल के पूर्व मंडल प्रखंड अध्यक्ष रहे भईया गंधर्व नाथ शाह का बुधवार दोपहर अचानक देहांत हो गया। उनका अंतिम संस्कार बाघा स्थित कोयल नदी घाट पर किया गया। निधन पर मंडल अध्यक्ष सूरज दशौंधी ने शोक जताते हुए अपूरणीय क्षति बताया है। इस दुख की घड़ी में परिजनों को प्रति सांत्वना जतायी है।

### दो पक्ष में मारपीट, थाना में मामला दर्ज

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के खोरा गांव में सोमवार की रात दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें कई लोगों को चोट लगी है। लोगों ने घटना की जानकारी गुमला थाना को दी। थाना प्रभारी विनोद कुमार गांव पहुंच मामले को शांत कराया और घायलों को अस्पताल भेजा। दोनों पक्ष के लोग सदर अस्पताल आये और मारपीट को लेकर थाना में प्राथमिकी की दर्ज करायी। वहीं पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### घाघरा में पूर्व मुख्य सचिव आर एस शर्मा का डीसी-डीडीसी ने किया स्वागत



**घाघरा।** झारखंड सरकार के पूर्व मुख्य सचिव सह ट्राई के डायरेक्टर आरएस शर्मा के बिशुनपुर प्रखंड जाने के क्रम में घाघरा ब्लॉक के समीप बुधवार को अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस क्रम में जेसेलपीएस के कार्यपालक अभियंता, गुमला डीसी कर्ण सत्यार्थी, डीडीसी हेमंत सती, प्रखंड प्रमुख सविता देवी, बीडीओ दिनेश कुमार ने बुके देकर पूर्व मुख्य सचिव का स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम के उपरांत पूर्व मुख्य सचिव आर एस शर्मा के साथ जिला के उपायुक्त, उपविकास आयुक्त बिशनपुर कार्यक्रम के लिए रवाना हो गये। मौके पर कृष्णा लोहरा, उप मुखिया विनीता कुमारी, संजय पांडे, अरुण साहू समेत कर्मी उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ जिला गुमला कार्य समिति की बैठक संपन्न



**घाघरा।** आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ जिला गुमला कार्य समिति की बैठक बुधवार को घाघरा आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ममता देवी ने की। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष रीमा देवी, प्रदेश संगठन मंत्री रामचंद्र गोप उपस्थित हुए। बैठक की शुरुआत श्रमिक गीत एवं भारत माता जय के नारे के साथ हुआ। प्रदेश अध्यक्ष रीमा देवी ने बताया कि अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी महासंघ आह्वान पर केंद्र सरकार के विरुद्ध 11 दिसंबर 2023 को विशाल प्रदर्शन दिल्ली जंतर मंतर में किया जायेगा। जिसमें देश के 24 प्रदेश के आंगनबाड़ी बहने भाग लेंगी। बैठक में सावित्री देवी नोरबेता एक्का, विनीता पन्ना, शशिकला देवी, नीलम कंडुलना, रोशनी उरांव, मंजूलता कुजूर, रजिया बेगम सहित सहायिका सेविका व कई प्रखंड के प्रतिनिधि भी थे।

### वृक्षारोपण और चेकडैम निर्माण में घपले की जांच की मांग को लेकर धरना 28 को

**गुमला।** भाकपा (माले) रेड स्टार के जिला सचिव सह जंगल बचाओ अभियान समिति के लोहरदगा-गुमला वन प्रमंडल के सदस्य प्रकाश उरांव ने गुमला वन प्रमंडल पदाधिकारी को मांग-पत्र सौंपकर बीते वर्ष गुमला रेंज एरिया के अंतर्गत कोटाम व सिसई प्रखंड के संबल गांव में हुई वृक्षारोपण कार्य में भारी गड़बड़ी की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। श्री उरांव ने मांग-पत्र में यह भी कहा है कि संबल, चरकाटांगर व कोयनारा ग्राम में बने चार चेकडैम को भी जैसे तैसे बनाकर विकास के लाखों रुपए राशि का घपला किया गया है।

### मुशायरा व कवि सम्मेलन 24 को



**गुमला।** अखिल भारतीय मुशायरा व कवि सम्मेलन के अयोजन को लेकर पैगाम ए अदब की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष तनवीर खान व कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव गुलाम रब्बानी विशेष रूप से शामिल थे।

## पीएलएफआइ के काम रोकने के फरमान से क्षेत्र में दहशत

खबर मन्त्र सवांददाता

■ पीएलएफआई ने मसमानो में चिपकाया पोस्टर, गांव में दहशत



**भंडरा।** थाना क्षेत्र के मसमानो गांव में बीती रात पीएलएफआई नक्सलियों ने पोस्टरबाजी की। नक्सलियों द्वारा पोस्टर चिपकाए जाने से क्षेत्र में दहशत है। पुलिस ने पोस्टर को जब्त कर लिया। मसमानो गांव मे जिला परिषद द्वारा करीब बीस लाख की लागत से पक्की नाली निर्माण का कार्य प्रगति में है। निर्माण कार्य गांव के ही सवेदक मनोज लाल द्वारा कराया जा रहा था। बीती रात पीएलएफआई नक्सलि संगठन द्वारा पोस्टर चिपका कर कार्य रोकने का निर्देश दिया है पोस्टर मे नक्सलियों द्वारा नाली निर्माण कार्य घटिया कर पैसा की बर्बादी की बात कही गयी है। साथ ही कार्य मे सरकार एव सरकार के लोग शामिल होने की बात कही गयी है। नक्सलियों ने पीएलएफआई संगठन से इजाजत लेने के बाद हि काम शुरू करने का निर्देश दिया है। इधर, भंडरा पुलिस के थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया की पोस्टरबाजी मे पीएलएफआई के नाम से पोस्टर चिपकाया गया है।

# पांच देशों के उद्योगपतियों ने गुमला कंचन राइस मिल का किया निरीक्षण

■ उद्योगपतियों ने चावल मशीन की टेक्नलॉजी व अनाज की गुणवता की जांच की, भारत से अनाज का आयात करने की कही बात

खबर मन्त्र संवाददाता



राइस मिल के निरीक्षण के दौरान बैठक करते विदेशी उद्योगपति।

**गुमला।** पांच देशों के उद्योगपति बुधवार को गुमला प्रखंड के खोरा पतराटोली गांव स्थित कंचन राइस मिल का दौरा किये। जहां उनके द्वारा राईस मिल के मशीन की टेक्नलॉजी व तकनीक की जानकारी ली और राईस मिल से उत्पादित अनाज की गुणवता की जांच की। जांच के बाद अनाज की उत्पादकता को उद्योगपतियों ने उत्तम क्वालिटी का माना और उक्त मशीन को बेहतरीन करा दिया। जिन पांच देशों से उद्योगपति आये थे उनमें जापान, होंडरस, वाटामाला, बोलिबिया, सेलबाडोज के नाम शामिल हैं।

उद्योगपति जेसन व होसे ने बताया कि कंचन राईस मिल की मशीन उत्तम क्वालिटी की है। जिसे उन्नत किस्म के अनाज बनाये जा रहे हैं। अनाज की गुणवत्ता भी बहुत अच्छी है। इन पांच देशों के उद्योगपतियों के गुमला दौरा का मुख्य उद्देश्य एजीआई कंपनी के मशीन की जांच करनी थी। जिसे वे अपने देश में चावल उत्पादन करने के लिए आयात करेंगे।

**क्या बोले विदेशी प्रतिनिधि**

विदेशी प्रतिनिधियों ने बताया कि वे भारतीय अनाज आयात करना चाहते हैं लेकिन अभी भारत सरकार के अनाज निर्यात पर रोक लगाने से वे अनाज आयात नहीं कर पा रहे हैं। लेकिन प्रतिबंध खत्म होने पर वे भारत से अनाज का भी अयात करेंगे। भारत से लगभग 40 हजार टन अनाज अयात का लक्ष्य इन देशों को है। एजीआई कंपनी के सुनील कुमार ने बताया कि विदेशी उद्योगपति उनके गुमला में लगाये गये मशीन की जांच करने आये थे। जांच के क्रम में विदेशी उद्योगपतियों को मशीन की टेक्नालॉजी बेहतर लगी। इस दौरान कंचन राईस मिल के संचालक दीपक साहु, लक्की साहु, एजीआई कंपनी के सत्यनारायण सिंह, मुकेश, रविंद्र पासवान, सतीश कुमार आदि उपस्थित थे।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने किया जिले के हाथी प्रभावित गांवों का दौरा

## हाथियों को बस्तियों में भोजन तलाशने की आदत पड़ गयी है : चैतु उरांव

खबर मन्त्र संवाददाता



ग्रामीणों से बैठक कर जानकारी लेते कांग्रेस जिलाध्यक्ष।

**गुमला।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष चैतु उरांव बुधवार को कामडारा प्रखंड के हाथी प्रभावित गांवों का दौरा किया और ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्या सुनी। इस दौरान श्री उरांव जिले के सरिता, किसनी, गोहारोम, खिजरी, पिमपीं, कुदा, कोड़ेकेरा, बमनडीह, आदि गांवों का दौरा किया।

मौके पर श्री उरांव ने कहा कि गजराज न केवल खेत खलिहानों को रौंद रहे हैं बल्कि घर द्वार भी तोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कामडारा प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों के लगातार बढ़ रहे उत्पात से गांव से लेकर शहर तक लोग त्रस्त है। प्रतिदिन किसी न किसी गांव या घर में घुसकर जंगली हाथी किसानों के महीनों की मेहनत पर पानी फेर देते हैं। अब तो शहरी इलाके में भी हाथी बेधड़क घुस रहे हैं तथा भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा बतलाया गया कि क्षेत्र में अलग-अलग झुंड में बंटे तकरीबन 17-18 हाथी घूम रहे हैं। इनमें नर, मादा एवं हाथी के बच्चे शामिल हैं। अधिकांश हाथी झुंड में ही रहते हैं, पर 2-3 ऐसे हैं जो अकेले घूमते हैं।

**खास बातें :** गांवों के लोग मशाल जलाकर तथा पटाखे छोड़कर हाथियों को भगाते हैं। लेकिन इतनी बड़ी संख्या में घूम रहे हाथियों को भगाने के लिए उनके पास संसाधन नहीं है। झुंड को भगाने के लिए एक तरफ लोग जातें है तो दूसरी तरफ कोई दूसरा हाथी उत्पात मचाना शुरू कर देता है। सबसे अधिक उत्पात इन दिनों झुंड से अलग होकर अकेले घूम रहा हाथी उत्पात मचा रहा है। पिछले एक सप्ताह के दरम्यान यह गजराज सभी क्षेत्र में घुस कर निशाना बना चुका हैं। इस दौरान लाखों रुपये की संपत्ति को क्षति पहुंची है।

# आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम कल भिठा में

## बीडीओ ने आम नागरिकों से की कार्यक्रम का लाभ उठाने की अपील

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया की सरकार के चार वर्ष पूरा होने पर पुनः सरकार आपके द्वार कार्यक्रम प्रखंड मे 24 नवम्बर से शुरू हो रही है कार्यक्रम में जनउन्मुख सभी योजनाओं से संबंधित आवेदन जमा कर उनकी निष्पादन की प्रक्रिया की जायेगी।

पिछले कार्यक्रम के सकारात्मक परिणाम आ था। इस अवधि में बिरसा हरित ग्राम योजना, पोटो हो खेल विकास योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, हरा राशन कार्ड, सोना सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना और मरङ गोमके जयपाल सिंह मुण्डा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना जैसी कई लोक कल्याणकारी योजनाओं से जरूरतमंद लाभान्वित होंगे। लोगों की अधिक सहभागिता के लिए प्रखंड स्तर पर शिविर आयोजन को लेकर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

**आपकी उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश में सरकार**

पिछले दो वर्ष में आपकी सरकार के द्वारा आपकी उम्मीदों पर खरा उतरने के भरपूर प्रयास किये गये। आपकी सरकार आपके अधिकार के लिए आपके द्वार पहुंची है। शिविर से जरूरतमंद सभी योजनाओं से जोड़े जायेंगे। बीडीओ ने प्रखंड वासियों से शिविर में योजनाओं का लाभ अवश्य लेने की अपील की। इस बार सर्वजन पेंशन योजना से लक्ष्य से परे हटकर सभी को पेंशन का लाभ देना है। प्रत्येक वृद्ध, निःशक्त, परित्यक्त और विधवा महिला को योजना का लाभ मिलेगा। सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर सभी सरकारी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करने का प्रयास सरकार कर रही है।

**कार्यक्रम की पंचायतवार तिथि :** 24 नवंबर को भिठा पंचायत, 28 को आकाशी पंचायत, 1 दिसंबर को भंडरा पंचायत, 5 को उदरंगी पंचायत, 7 को मसमानो पंचायत, 9 को भौरों पंचायत, 13 को जमगाई पंचायत, 16 को गड़रपो पंचायत एवं 21 को बड़ागाई पंचायत में कार्यक्रम की तिथि निर्धारित हुई है। बीडीओ रंजीत सिन्हा ने प्रखंड के सभी ग्रामीणों को कार्यक्रम मे भाग लेकर लाभ उठाने की अपील की है।

### स्कूटी-बाइक की भिड़ंत में दो छात्राएं घायल

**गुमला।** थाना क्षेत्र के करमडीपा स्थित पेट्रोल पंप के समीप स्कूटी व बाइक की सीधी भिड़ंत में दो छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गयी। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सदर अस्पताल लाया गया। जहां दोनों का इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार दोनों छात्राएं स्कूटी से शहर कपड़ा खरीदने आयी थी। वापसी में करमडीपा पेट्रोल पंप के समीप सामने से एक तेज गति से आ रहे बाइक चालक ने टक्कर मार बाइक सवार वहां से भाग निकला। घटना में दोनों छात्राओं दीपिका सोरेन और अंशु टेटे को चोट लगी है।

### स्कूटी से गिरकर तीन लोग हुए घायल

**चैनपुर।** मुख्यालय के मड़ाई कोना के समीप बाइक से गिरकर एक युवती व दो युवक घायल हो गये। जिसमें युवकों को हल्की चोट लगी है तथा युवती के बायें पैर में चोट आयी है। घायलों में कटकाही हेसाग गांव के विल्यस तिर्की (23) एवं आकांक्षा तिर्की (17), मालम नावाटोली के रोहित कुजूर (17) के नाम शामिल हैं। जानकारी के अनुसार तीनों मोटरसाइकिल में नसे में धुत होकर चल रहे थे तथा गाड़ी में सवार होकर तिगावल अपने दोस्त को छोड़ कर वापस हेसाग जा रहे थे। तभी मड़ाई कोना के पास अचानक ऑटो के कट मारने से वो अनियंत्रित होकर गिर पड़े। जिसके बाद स्थानीय संतोष कुजूर एवं जनतुन खातून की मदद से तीनों घायलों को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज कर छुटी दे दी गयी।

### झामुमो नेता एनुल छह साल के लिए पार्टी से बाहर

**लोहरदगा।** झामुमो नेता सह कुडु उपप्रमुख एनुल अंसारी को पार्टी के खिलाफ कार्य करने के लिए 6 सालों के लिए निष्कासित कर दिया गया है। बताया जाता है कि उन्होंने पार्टी के खिलाफ कार्यकर्ताओं को बहकाते हुए झामुमो के कार्यक्रमों में शामिल होने से रोका। एनुल के पार्टी से निकालने का पत्र जिला सचिव अनिल उरांव ने जारी किया है। जिसमें उन्हें पार्टी के खिलाफ काम करने का दोषी बताते हुए पार्टी से 6 साल के लिए बाहर कर दिया गया है।

### संवेदकों को जल्द मिले बकाया राशि : सूरज अग्रवाल

**लोहरदगा।** जिला में एससीए मद योजना का बकाया राशि संवेदकों को भुगतान जल्द करने की मांग डीसी से की गयी है। जिला संवेदक संघ के अध्यक्ष सूरज अग्रवाल ने उपायुक्त को लिखे पत्र में कहा है कि लोहरदगा जिला में रउअ मद से निविदा द्वारा कार्य कराया गया है जिसका भुगतान राशि उपलबध नहीं होने के कारण 10 महीना से नहीं किया गया है। उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में संवेदक के द्वारा उधार में समान एवं कर्ज लेकर विकास कार्य योजनाएं का कार्य पूर्ण कर दिया गया है परन्तु भुगतान के लिए कार्यालय का चक्कर लगाते-लगाते परेशान है। बहुत से संवेदकों का दुकानदार द्वारा चेक बाउंस का मुकदमा भी न्यायालय में किया गया है। इसलिए उन्होंने डीसी से एससीए मद से कराये गये लोहरदगा जिला के संवेदकों का भुगतान जिला में आवंटित केन्द्र प्रयोजित योजना के मद से भुगतान कराने की मांग की है।

## प्रखंड कार्यालय स्थित जोहार एग्री मार्ट का ताला तोड़ कृषि उपकरणों की चोरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**भंडरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जोहार एग्री मार्ट का चोरों ने ताला तोड़ दिया। घटना बुधवार की रात की है। चोर ताला तोड़कर सामान उड़ा ले गये। सूचना मिलते ही इंजार्च जोहार परियोजना के बीपीएम अखिलेश कुमार अपने कर्मी के साथ जोहार एग्री मार्ट का निरीक्षण किया। बीपीएम ने बताया की जोहार एग्री मार्ट प्रखंड मुख्यालय के पुराने भवन मे संचालित हो रहा है।

जोहार एग्री मार्ट का संचालन दक्षिणी कोयल पोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। इसके द्वारा किसानो को खेती मछली पालन आदि योजनाओं के लिए सहायक उपकरण दिया जाता है। उन्होंने बताया की चोरो द्वारा मार्ट के पीछे के दरवाजे का ताला तोड़कर चोर 25 पीस कुदाल, गइता 25 पीस, तिरपाल 5 पीस, बेलचा, बाल्टी, मछली किट सहित कई महत्वपूर्ण समान चुरा ले गए। उन्होंने बताया कि अज्ञात चोर द्वारा करीब एक लाख की लागत के समान की चोरी की गयी।

## बहदुरा गांव में पड़हा मिलन समारोह आयोजित, सैकड़ों लोग हुए शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

■ हर पांच वर्ष में होता है कार्यक्रम, सामाजिक परंपरा और संस्कृतिक को बचाने का हो रहा है अनूठा प्रयास



**घाघरा।** प्रखंड के बहदुरा गांव में पड़हा मिलन समारोह बुधवार को मनाया गया। इस दौरान गुमला के टोटो से लगभग 500 की संख्या में पारंपरिक वेशभूषा के साथ महिला पुरुष व बच्चे पहुंचे। जहां बहदुरा गांव के लोगों के द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। यहां बता दे कि यह पड़हा मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन लगभग 1983 से पहले से चला आ रहा है जो प्रत्येक 5 वर्षों में किया जाता है।

इस मौके पर पूर्व मुखिया झरी उरांव ने बताया कि प्रत्येक 5 साल में पड़हा मिलन समारोह का आयोजन दोनों गांव के बीच किया जाता है। बुधवार को टोटो गांव से लोग समारोह में शामिल होने के लिए बहादुरा गांव आए हैं। इस कार्यक्रम में आदिवासी समुदाय के अलावे गांव के हर एक वर्ग के लोगों के सहयोग से यह भव्य कार्यक्रम को संपन्न किया जाता है।

## सुखदेव भगत दाह संस्कार कार्यक्रम में हुए शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता



**कैरो।** प्रखंड के ग्राम टाटी के रहने वाले सढाब्रे पंचायत के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष बुधवा उरांव का आकस्मिक निधन की जानकारी मिलते ही लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस प्रभारी सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत कांग्रेसियों के साथ टाटी ग्राम पहुंच पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किये एवं परिजनों से मिलकर उन्हें ढाढ़स बंधाया। मौके पर उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में कांग्रेस शोकाकुल परिवार के साथ है। श्री भगत इस दौरान दाह संस्कार कार्यक्रम में भी शामिल हुए। मौके पर शोक व्यक्त करने वालों में कांग्रेस प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अनीश खान, अनिल कुमार, किशोर उरांव, बुधराम उरांव, बहादुर यादव, गणपत उरांव, बुधवा उरांव, मुस्लिम अंसारी, जोरावर अंसारी थे।

## अचानक सड़क पर गिरे किशोर की मौत

**गुमला।** पालकोट थाना अंतर्गत अलंकेरा निवासी बुद्धेश्वर उरांव (15) पिता एतवा उरांव सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया। इसके बाद तत्काल उसे उप स्वास्थ्य केंद्र पालकोट में भर्ती कराया गया। जहां से उसे सदर अस्पताल भेज दिया गया। सदर अस्पताल में डॉ किस्कू ने जांच कर किशोर को मृत घोषित कर दिया। जानकारी देते हुए मृतक के चचेरे भाई ने बताया हम लोग दोनों भाई पांडे पानी बकरी लेकर घर लौट रहे थे। मेरा भाई मुझसे पीछे चल रहा था। तभी वह अचानक मुंह के बल जमीन पर गिर गया।

## देश के विकास में डॉन वास्को स्कूल का अहम योगदान : डीइओ

खबर मन्त्र संवाददाता

■ डॉन वास्को स्कूल का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया गया



**गुमला।** डान वास्को स्कूल का बुधवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीईओ सुनील शेखर कुजूर, गुमला धर्मप्रांत के प्रशासक फादर लिनुस पिंगल एक्का व विधायक भूषण तिर्की ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक फादर विरेंद्र एक्का ने स्कूल का वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया। मौके पर मुख्य अतिथि डीईओ सुनील शेखर कुजूर ने कहा कि डान वास्को स्कूल देश के विकास में अहम योगदान कर रहा है। बच्चों के शैक्षणिक स्तर, शिष्टाचार व अनुशासन से विद्यालय के शिक्षा के स्तर का पता चल रहा है। खेल के क्षेत्र में विद्यालय के बच्चे कीर्तिमान बना रहे हैं।

# विशुनपुर प्रखंड के पीवीटीजी गांवों का दौरा कर पूर्व मुख्य सचिव ने धरातलीय स्थिति को जाना

■ ग्रामीणों के जीवन स्तर पर हो रहे सुधार की प्रशंसा

■ उपायुक्त ने पीवीटीवी गांवों को सरकार की सभी कल्याकारी योजनाओं से आच्छादित करने का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



गांव भ्रमण के दौरान गांवों की स्थिति से अवगत होते पूर्व मुख्य सचिव रामसेवक शर्मा व अन्य।

**गुमला।** पूर्व चेयरमैन ट्राई एवं पूर्व मुख्य सचिव झारखंड राम सेवक शर्मा एवं सीईओ जेएसएलपीएस संदीप कुमार व नज संस्था के कार्यकर्ताओं का जिले में आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने गुमला जिलान्तर्गत बिशुनपुर प्रखंड के नरमा पंचायत के ग्राम तुसरूकोना में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के विकास तथा आजीविका के मुद्दों व विकासात्मक कार्यों का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, उप विकास आयुक्त हेमंत सती, बीडीओ व सीओ विशुनपुर सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे। 40 परिवारों वाले नरमा पंचायत के ग्राम तुसरूकोना (पीवीटीजी) में पिछले 3 वर्षों से अति गरीब तबके के 21 परिवारों को चिह्नित कर उनके विकास के लिए जिला प्रशासन द्वारा नज एवं जेएसएलपीएस संस्था के सहयोग से उनके आर्थिक विकास के लिए कार्य किया गया। इसी संबंध में उनके जीवन विकास के धरातलीय स्थिति से अवगत होने के उद्देश्य से सभी अधिकारियों ने उक्त ग्राम का दौरा किया।

**खास बातें :** इस दौरान अधिकारियों ने तुसरूकोना ग्राम एवं नरमा पंचायत के अन्य पीवीटीजी टोलों के ग्रामीणों के साथ जन संवाद का भी आयोजन किया। इस दौरान पिछले 3 वर्षों में उनके जीवन यापन में आये परिवर्तन के बारे में ग्रामीणों से जानकारी ली। चयनित 21 परिवार की मौजूद महिलाओं ने बताया कि पहले वे जंगल में फलने वाले जंगली फलों एवं सब्जियों का सेवन करते हुए अपना जीवन यापन करते थे।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का लोहरदगा कार्यक्रम होगा ऐतिहासिक : मोजम्मिल

■ सीएम हेमंत के लोहरदगा आगमन को ले झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद की अध्यक्षता में बैठक कर बनायी रणनीति

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में मौजूद जेएमएम कार्यकर्ता।

**लोहरदगा।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लोहरदगा आगमन को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति की आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद की अध्यक्षता में परिसदन भवन में आयोजित की गयी।

बैठक में उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करते हुए जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लोहरदगा आगमन कार्यक्रम ऐतिहासिक हो इसे लेकर सभी कार्यकर्ता अभी से ही तैयारी में जुट जाएं। उन्होंने कार्यकताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भाग लेने हेतु मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का लोहरदगा जिला अंतर्गत कुडू प्रखंड के चिरी मैदान मे में आयोजित कार्यक्रम में आगमन होने वाला है ऐसे में पार्टी कार्यकर्ता पूरी तरह से तैयारियों में लग जाएं और सीएम के कार्यक्रम में क्षेत्र की जनता की उपस्थिति बेहतर हो इसके लिए रणनीति बनाकर व्यापक रूप से प्रचार प्रसार में दिलचस्पी दिखाएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य की जनता को सरकार के चार साल कार्यकाल पूरा होने के उपलब्ध में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विकास योजनाओं से लाभान्वित कराए जाने को लेकर राजनीति तैयार की है।

# 35 गौवंश लदे चार वाहन जब्त, चालक समेत व्यापारी हिरासत में



खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर थाना प्रभारी द्वारिका राम के नेतृत्व में बीती रात गौवंश लदे चार वाहनों को जप्त किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त वाहन में लगभग 35 गौवंश बिहार की ओर से आ रहा था, जिसे पुलिस ने वाहन समेत चालक एवं व्यापारी को हिरासत में लिया है। वहीं खबर लिखे जाने तक डीएसपी प्रशिक्षु दिवाकर कुमार ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। हलांकि खबर लिखे जाने तक मामले को लेकर कुछ बता नहीं पायी है।



झोली यात्रा में शामिल गौ भक्त

## गौ-माता की निकली झोली, शहर में गौ को खिलाया सामग्री

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। श्री कोडरमा गौशाला के तत्वावधान में बुधवार को कोडरमा रेलवे स्टेशन स्थित काली मंदिर के समीप से ढ़ोल बाजे के साथ गौ-माता कि झोली निकाली गई। इस झोली में गौ-भक्त दो ग्रुप में बट कर शहर के अड्डी बंगला, श्याम बाबा पथ, भदानी रोड, हटिया रोड, खुदरा पट्टी, स्टेशन रोड, रांची-पटना रोड का भ्रमण किया। इस दौरान कई लोगों ने अपने निवास स्थल के समीप गौ की पूजा की और गौ को चारा लड्डू आदि खिलाया। बताते चलें कि गौशाला समिति इस वर्ष मेले का आयोजन नहीं कर रही है। वहीं समिति के द्वारा 25 नवंबर को स्थानीय शिव वाटिका में गौ संरक्षण पर परिचर्चा एवं स्कूली बच्चों के द्वारा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। वहीं समिति के अध्यक्ष प्रदीप केडिया सचिव ओमप्रकाश खेतान व कोषाध्यक्ष अविनाश सेठ ने बताया कि शिव वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में गौशाला के उत्थान के लिए सहयोग करने वाले दान दाताओं को सम्मानित भी किया जाएगा। वहीं गौशाला के उत्थान के लिए लगभग 325 गौ-वंशों की सेवा की जा रही है। इसमें नगरवासियों का सहयोग अपेक्षित है। गौशाला के द्वारा 3-4 स्थलों पर स्टॉल लगाकर दूध की बिक्री की जाती है, साथ ही गोबर से निर्मित समग्रीयों की बिक्री हो रही है। इधर नगर में निकाली गई झोली यात्रा में 39 हजार 311 रुपया की प्राप्ति हुई है। इस झोली यात्रा में गौशाला समिति के सज्जन शर्मा के आलावा आयुष पोद्दार, आशीष खेतान, अनिल चौधरी, अमित अग्रवाल, संतोष लड्ढा, अरविंद चौधरी, संजय नरेडी, सागर भदानी, विष्णु देव, बंटी यादव आदि शामिल थे।

## नाबालिक पुत्री की गोली मारकर हत्या, पिता गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

रंका। गढ़वा जिला अंतर्गत रंका थाना क्षेत्र अंतर्गत अनहर गांव में ऑनर किलींग का मामला सामने आया है। नाबालिग पुत्री की प्रेम प्रसंग से नाराज एक पिता ने पुत्री की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर आरोपी के घर से एक देशी पिस्तौल बरामद किया है। साथ ही आरोपी पिता को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार अनहर गांव के संजय कुमार सिंह की पुत्री पुष्पा कुमारी का किसी दूसरे संप्रदाय के युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। पिता को इस विषय में जानकारी होने पर वह अपनी पुत्री को बार-बार समझाया, लेकिन पुत्री मानने को तैयार नहीं थी। गुस्से में पिता ने पुत्री की गोली मारकर हत्या कर दी। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही रंका पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर षव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर हस्पिटल गढ़वा भेज दिया। एसडीपीओ संतोष कुमार ने बताया कि अनहर के संतोष कुमार सिंह ने अपनी पुत्री की देशी पिस्टल से हत्या कर पिस्टल को शव के पास छोड़कर फरार हो गया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पिता को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिया गया है।



गिरफ्तार संजय

## जिला स्तरीय खेल संचालन समिति की बैठक संपन्न

चतरा। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला खेल संचालन समिति की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में निम्नलिखित प्रस्ताव जिला स्तरीय समिति द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया।

सिमरिया प्रखण्ड स्थित सिमरिया स्टेडियम में फुटबॉल (बालक, बालिका) खेल हेतु आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र खोलने का निर्णय लिया गया। चतरा सदर में स्थित इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन (बालक, बालिका) खेल हेतु डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केन्द्र खोलने का निर्णय लिया। चतरा सदर स्थित राज्य सम्पोषित +2 उच्च विद्यालय चतरा में वॉलीबॉल (बालक) खेल हेतु डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केन्द्र खोलने का निर्णय लिया। सिमरिया प्रखण्ड स्थित उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय लेपो में हॉकी (बालक, बालिका) खेल हेतु डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केन्द्र खोलने का निर्णय लिया। चतरा सदर प्रखण्ड स्थित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम चतरा में फुटबॉल (बालिका) खेल हेतु आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र खोलने का निर्णय लिया गया।

## कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगता जांच कैम्प

गढ़वा। झारखंड राज्य अंतर्गत आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इस दौरान गढ़वा जिला अंतर्गत सभी स्वास्थ्य प्रखंडों में दिव्यांगता जांच कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तिथि, समय एवं स्थल निर्धारित कर दी गई है। जानकारी देते हुए डीडीसी राजेश कुमार राय ने बताया कि 23 एवं 24 नवंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में दिव्यांगता जांच कैंप का आयोजन किया जाएगा। 23 नवंबर को दिव्यांग जनों का अनलाइन पंजीयन एवं रेफरल निर्गत करने का कार्य किया जाएगा। 24 नवंबर को दिव्यांग जनों का जांच कार्य किया जाएगा। 30 नवंबर एवं 1 दिसंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धुरकी में दिव्यांगता जांच कैंप का आयोजन किया जाएगा। सभी कैंप का आयोजन सुबह 10:30 बजे से संध्या पांच बजे तक किया जाएगा।

## सस्टेनेबल जस्ट ट्रांज़िशन पर कार्यशाला का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। टॉस्क फोर्स-सस्टेनेबल जस्ट ट्रांज़िशन (झारखंड सरकार), चतरा जिला प्रशासन एवं सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट (सीड) के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को समाहरणालय सभा कक्ष में एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य सस्टेनेबल जस्ट ट्रांज़िशन के विविध पहलुओं के बारे में जिला प्रशासन तथा संबंधित विभागों एवं एजेंसियों के अधिकारियों का सेंसिटाइजेशन एवं कैपेसिटी बिल्डिंग करना था। ज्ञात हो कि टास्क फोर्स और इसके टेक्निकल पार्टनर सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट (सीड) द्वारा राज्य के विविध जिलों और क्षेत्रीय स्तर पर ऐसे कंसल्टेशन एवं वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। बैठक को संबोधित करते हुए ए. के. रस्तोगी (आईएफएस, सेवानिवृत्त), अध्यक्ष, टास्क फोर्स-सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन (झारखंड सरकार) ने कहा कि सस्टेनेबल जस्ट ट्रांज़िशन के रोडमैप निर्माण में हम विकेन्द्रीकृत दृष्टिकोण से जिला एवं क्षेत्रीय स्तर पर सभी स्टेकहोल्डर्स को सहभागी बनाने की कोशिश कर रहे हैं। राज्य में जलवायु परिवर्तन के लिहाज से चतरा बेहद संवेदनशील जिलों में से एक है और इसे भविष्योन्मुखी एवं न्यूनतम कार्बन अर्थव्यवस्था बनाने की जरूरत है। इसके लिए व्यापक शोध एवं अध्ययन की जरूरत है।

इसी कड़ी में चतरा में इस कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य अधिकारियों को सस्टेनेबल एनर्जी ट्रांज़िशन की जरूरत से अवगत कराना, उनका क्षमतावर्धन करना और चतरा के आर्थिक विविधीकरण कार्ययोजना के निर्माण में जिलास्तरीय अधिकारियों का सहयोग लेते हुए उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने कहा कि सस्टेनेबल एनर्जी ट्रांजिशन से जुड़े कार्यों को लेकर टास्क फोर्स को सहयोग प्रदान करने के लिए चतरा जिला प्रशासन तत्पर है। सामाजिक-आर्थिक विकास एवं पर्यावरणीय लक्ष्यों को हासिल करना हमारे लिए बड़ी प्राथमिकता है।

## अधिग्रहीत भूमि के रैयतों को ससमय मुआवजा दें: अपर समाहर्त्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

### जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यो की समीक्षा




चतरा। समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन, कारा सुरक्षा, उग्रवादी हिंसा, जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा टॉस्क फोर्स, मेगा प्रोजेक्ट, भू-अर्जन समेत अन्य से संबंधित मामलों की गहन समीक्षा की गई। जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा टॉस्क फोर्स की बैठक में परियोजनाओं में चलने वाले वाहनों में स्पीड लिमिट मशीन लगाने का कार्यवाही की जा रही है। नगर परिषद क्षेत्र में ट्रैफिक की समस्या से निजात के लिए चतरा प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी बाजार क्षेत्र में सड़क पर वाहन खड़ा करने वाले लापरवाह वाहन चालक एवं वाहन मालिक के ऊपर कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिया है। जिला परिवहन पदाधिकारी इंदर कुमार ने जानकारी दिया कि योजना के तहत वैसे व्यक्ति जो सड़क दुर्घटना स्थल से घायल व्यक्ति को अस्पताल तक पहुंचाते है। उन्हें इस नेक कार्य के लिए प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। इसे लेकर अपर समाहर्त्ता ने सभी थाना प्रभारी सभी अंचल अधिकारी एवं सिविल सर्जन चतरा को चिन्हित कर योग्य लाभुकों को नियमानुसार लाभान्वित करने का निर्देश दिया। आपदा प्रबंधन अन्तर्गत प्राकृतिक आपदा एवं कोविड-19 से संबंधित लंबित प्रस्ताव कि विवरणी की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्त्ता ने जमीन मुआवजा राशि एवं अब तक किए भुगतान की पूर्ण जानकारी विस्तार पूर्वक लिया। बैठक में मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर दास, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चतरा अविनाश कुमार, डीएसपी मुख्यालय केदारनाथ राम, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार समेत विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता, संबंधित अंचल अधिकारी, संबंधित परियोजनाओं के प्रबंधक समेत अन्य विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### जमीन विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट, बुजुर्ग की मौत

चंटवारा (कोडरमा)। थाना क्षेत्र के थाम में मंगलवार शाम चार बजे जमीन विवाद में दो पक्षों में जम कर मारपीट हुई। इस मारपीट में एक बुजुर्ग की मौत हो गयी, जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। वहीं घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल सहित अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। जिसमें एक-दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। वहीं घटना की सूचना मिलने पर चंदवारा थाना प्रभारी नीतीश कुमार सहित कई पुलिस कर्मी घटना स्थल पर पहुंचकर गांव में कैंप कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार गांव में स्थित जमीन पर अपना-अपना दावे को लेकर दो पक्षों में पहले तू-तू मैं-मैं हुआ, इसके बाद मामला बढ़ गया और मारपीट शुरू हो गयी, देखते ही देखते लाठी-डंडा, पत्थर आदि चलने लगा। वहीं मारपीट में प्रथम पक्ष के शंभु यादव, गणेश यादव, दिनेश यादव, उमेश यादव, यादव, राजेंद्र यादव, लखन यादव, बसंती देवी, अविनाश यादव, रोहित यादव, नारायण महतो आदि शामिल है। इनमें से चार लोग शंभु यादव, राजेंद्र यादव, दिनेश यादव, नारायण महतो को रांची रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरे पक्ष के उमेश यादव, राजेंद्र यादव, लखन यादव व अन्य शामिल है। मारपीट के दौरान एक बुजुर्ग की मौत हो गयी। वहीं मृतक की पहचान 85 वर्षीय भिखो यादव पिता शिवन यादव थाम निवासी के रूप में हुई है।

### भक्तों का जत्था खाटू रवाना, आज शहर में निकलेगी निशान यात्रा



कोडरमा रेलवे स्टेशन से खाटू के लिए रवाना होते श्रद्धालु

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। श्याम बाबा जन्मोत्सव को लेकर गुरुवार को झुमरीतिलैया में 51 फीट लंबी निशान यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा की शुरुआत झंडा चौक स्थित दुर्गा मंदिर से होगी एवं पानी टंकी श्री श्याम मंदिर पहुंच कर संपन्न होगी। वहीं भव्य आरती का आयोजन किया जाएगा तथा देर शाम मंदिर में ताली कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। वहीं श्याम मित्र मंडली के द्वारा ताराटांड में भजन कीर्तन का आयोजन किया जायेगा। इधर बुधवार को श्याम बाबा के जन्मोत्सव को लेकर लगभग 40 श्रद्धालु भक्तों का जत्था अजमेर शियालदा एवं जोधपुर हावड़ा से रवाना हुआ। जिसमें मुख्य रूप से रवि दाहिमा, पप्पू सिंह, दीपेश जेठवा, विवेक सहल, अनूप कंदोई, विकास अठघरा, उमंग कंदोई, भोला सिंह, शुभम कुमार, भोला यादव, प्रमोद सिन्हा, बंटी अग्रवाल, गणेश मजूमदार, संजय शारड़ा, शालिनी दाहिमा, पूनम सहल, सीमा सहल, सुमन कंदोई, आशीशा सहल आदि के नाम शामिल हैं।

### श्रम अधीक्षक द्वारा की गयी मिष्ठान भंडार एवं लाइन होटलों की जांच



मरकच्चो (कोडरमा)। प्रखंड क्षेत्र में श्रम अधीक्षक अनिल रंजन के नेतृत्व में बुधवार को बाल श्रम व न्यूनतम मजदूरी को लेकर प्रखंड के आधा दर्जन होटलों और मजदूरों द्वारा कार्य कर रहे संस्थानों की जांच की गई। जांच के क्रम में मरकच्चो ब्लॉक चौक से आनंद मिष्ठान भंडार पंचखेरो लाइन होटल की जांच कर कार्य कर रहे मजूदूरों को मिलने वाले मजदूरी की जानकारी ली गई। जांच के बाद श्रम अधीक्षक ने बताया सही मजदूरी मजदूर को मिलता है या नही इसकी जांच की जा रही है एवं बाल श्रमिकों से काम करवाने वाले लोगों पर करवाई की जाएगी। वहीं जांच दल में अनील रंजन के अलावे संजय कुमार, सहायक पिंटू कुमार व कार्यालय कर्मी मौजूद थे।

### कोडरमा थाना में गुमशुदगी को लेकर आवेदन



कोडरमा। थाना क्षेत्र अंतर्गत चाराडीह निवासी मनोज साव पिता स्व.डेगलाल साव ने अपने 14 वर्षीय पुत्र निखिल कुमार की गुमशुद्गी को लेकर थाना में आवेदन दिया है। दिये गये आवेदन में बताया है की मंगलवार शाम करीब पांच बजे मेरा पुत्र चाराडीह चौक गया हुआ था, जिसके बाद वह घर वापस नहीं आया है। अपने स्तर से खोजबीन करने के बाद भी कहीं पता नहीं चल सका। वहीं आवेदन मिलने के बाद कोडरमा थाना पुलिस बच्चे की खोजबीन में जुट गई है।

### डुमरडीहा में आपसी विवाद में मारपीट

डोमचांच (कोडरमा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत बगड़ो के डुमरडीहा में आपसी विवाद में मारपीट का मामला सामने आया है। घटना को लेकर एक पक्ष के कमलेश राम पिता प्रकाश राम ने पुलिस को आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। आवेदन में उन्होंने सात लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया है। इसमें महेश राम पिता स्व रामेश्वर राम, महेश राम का दोनों भाजा संजीत कुमार व राजन राम दोनों के पिता द्वारिका राम निवासी बरकट्ठा, महेश राम के पुत्र आशीष राम, पुत्री मायावती कुमारी, भवों मधु देवी पति पति महेश राम सभी ग्राम डुमरडीहा बगड़ों शामिल हैं।

## एक नजर में

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक सम्पन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक की गई। बैठक में सर्वप्रथम कल्याण विभाग अंतर्गत जुड़े वनपट्टा से संबंधित अनुमंडल स्तरीय वन अधिकारी समिति द्वारा प्राप्त कुल तीन प्रस्ताव की समीक्षा करते हुए तीनों प्रस्तावों का त्रुटि निराकरण करने का निर्णय सर्वसम्मती से जिला स्तरीय वनाधिकार समिति द्वारा लिया गया। वहीं राजस्व शाखा चतरा में टंडवा अंचल अंतर्गत ग्राम फुलवरिया, टेक्ठा, कबरा एवं नावाडीह में प्रस्तवित पीएफटी कोल वासरी निर्माण तथा भारत माला परियोजना अंतर्गत वाराणसी - कोलकत्ता एक्सप्रेसवे निर्माण हेतु हंटरगंज अंचल एवं सिमरिया अंचल अंतर्गत शेष अपयोजित गैर मजरूआ जंगल/जंगल झाड़ी भूमि का एफआरए/ एनओसी निर्गत करने का निर्णय सर्वसम्मती से लिया गया।

### डीडीसी ने दी अबुआ आवास योजना एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा की जानकारी



जानकारी देते डीडीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। डीडीसी राजेश कुमार राय ने बुधवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर अबुआ आवास योजना एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक प्रत्येक पंचायत में आयोजित शिविर में योग्य परिवारों से अबुआ आवास योजना के लिए आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। योजना का लाभ लेने के लिए योग्य लाभुक आवेदन पत्र पंचायत या प्रखंड कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। आवेदन के साथ आधार कार्ड, बैंक खाता एवं जॉब कार्ड की छाया प्रति समर्पित करेंगे।

डीडीसी ने अबुआ आवास योजना की विशेषताएं बताते हुए कहा कि कच्चा मकान एवं आवास विहिन परिवारों को पक्का आवास का लाभ देने के लिए झारखंड सरकार ने अबुआ आवास योजना की शुरूआत की है।

### 16वां राज्य स्तरीय अंतर जिला वॉलीबाल प्रतियोगिता आज से



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। गढ़वा जिला वॉलीबाल संघ के तत्वावधान में 16वां राज्य स्तरीय अंतर जिला यूथ बालक एवं बालिका वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 26 नवंबर तक किया जाएगा। गढ़वा जिला वॉलीबाल संघ के अध्यक्ष आनंद प्रकाश दुबे, कार्यकारी अध्यक्ष नवीन पाठक तथा सचिव ओम प्रकाश तिवारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गढ़वा में पहली बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित किया जा रहा है। स्थानीय गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में 23 नवंबर को इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि डीसी शेखर जमुआर एवं एसपी दीपक कुमार पांडेय सुबह 1130 बजे करेंगे। उन्होंने बताया कि आयोजन की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। मैच चार ग्रुप में आयोजित किए जाएंगे। ग्रुप में लीग के हिसाब से मैच आयोजित किए जाएंगे। टॉप 4 टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। आयोजित प्रतियोगिता के लिए रांची, गोड्डा, खूंटी, सिमडेगा, हजारीबाग की बालक-बालिका टीम पहुंच चुकी है। सभी टीमों के लिए भोजन की उत्तम व्यवस्था की तैयारी को लेकर समिति के लोग रात दिन कर लगे हुए हैं।

### बरडीहा में अवैध क्रेशर संचालित, लाखों रुपए राजस्व की हानि



पत्थर को तोड़ते मजदूर

खबर मन्त्र संवाददाता

मझिआंव। बरडीहा थाना क्षेत्र के नवाडीह गांव में वर्षों से अवैध रूप से क्रेशर प्लांट संचालित है। जिस कारण सरकार को लाखों रुपए राजस्व की हानि हो रही है। अवैध रूप से संचालित क्रेशर प्लांट नावाडीह गांव के ही संगम कुमार गुप्ता पिता नंदू साव का बताया जाता है। उक्त संचालक के द्वारा पत्थरों की ढुलाई बिशुनपुर थाना क्षेत्र के ओड़या वन क्षेत्र स्थित जतपुरा के पहाड़ से एवं बरडीहा थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव के जंगलों से अवैध रूप से पत्थरों को तोड़कर प्लांट में उपयोग किया जाता है।

लगभग एक सप्ताह पूर्व क्रेशर परिसर में 10 से 12 गाड़ी पत्थर डंपिंग किया गया है। जिसको मजदूरों के द्वारा तोड़कर छोटा किया जा रहा था। मजदूर केश्वर भुईयां एवं एक अन्य मजदूर ने बताया कि कुछ दिन पहले ही क्रेशर परिसर में पत्थर लाया गया है।

## स्पीड न्यूज

### लातेहार जिला यूथ वॉलीबॉल टीम गढ़वा रवाना

**लातेहार।** झारखंड राज्य युथ महिला पुरुष वालीबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने लातेहार जिला यूथ टीम गढ़वा रवाना हुई। झारखंड वॉलीबॉल संघ एवं गढ़वा जिला वालीबाल संघ के संयुक्त तत्वावधान में गढ़वा टाउन हॉल मैदान में राज्य यूथ महिला पुरुष वालीबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है। लातेहार जिला यूथ टीम को जिला खेल पदाधिकारी लातेहार संजीत कुमार ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया। जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार ने खिलाड़ियों को अपना सौ प्रतिशत योगदान देते हुए प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने हेतु मनोबल बढ़ाया। लातेहार जिला यूथ पुरुष टीम में कप्तान शुभम कुमार साव के अलावे अनुज उरांव, आनंद कुमार, मनीष रंजन भगत, उमेश उरांव, विवेक कुमार, तालीम अंसारी, कन्हैया पांडेय आशुतोष कुमार ठाकुर, पियूष कुमार, शिवम कुमार पासवान व सागर भुईयां हेड कोच प्रवीण मिश्रा एवं असिस्टेंट कोच कमलेश उरांव के नाम शामिल है।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में पांच लोग हुए गंभीर रूप से घायल

**मनिका।** थाना क्षेत्र के सिंजो स्थित भाजपा नेता पंकज यादव के घर के समीप दिन बुधवार की सुबह लगभग 10:00 बजे दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना का सूचना पाकर मनिका थाना पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और सभी घायलो को पुलीस वाहन एवं 108 एंबुलेंस के सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका लाया गया जहां सभी घायलों को डॉ उमेश कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वही स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए लातेहार सदर अस्पताल रेफर कर दी गई है जिसमें चार लोगों की गंभीर चोट बताई जा रही है। घायल लोगों में सिलदेव सिंह 35 वर्ष, राजदेव सिंह, 30 वर्ष मकनपुर सरयू लातेहार, देवधारी सिंह 65 वर्ष सिंजो मनिका शामिल है।

### किशोरी को न्याय दिलाने को लेकर चंदवा में निकला कैंडल मार्च



कैंडल मार्च में शामिल लोग।

**चंदवा।** बीते दिनो चंदवा में एक नाबालिग किशोरी के संदेहास्पद स्थित हुयी मौत मामले में पीड़िता को न्याय दिलाने को लेकर बुधवार की देर शाम चंदवा में कैंडल मार्च निकाली गयी। इंदिरा गांधी चौक से शुरू हुयी कैंडल मार्च गैरेज लेन, मुख्य बाजार होते सुभाष चौक पहुंची जहां श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। मार्च में शामिल सैकड़ो लोग तख्तियां लेकर प्रशासन से पीड़िता को न्याय देने, घटना संकलप्तो की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। कैंडल मार्च की अगुवाई समाजिक कार्यकर्ता अयुब खान, कांग्रेस नेता असगर खान, बाबर खान, भाजयुमो नेता विनय रिकी वर्मा, विरेन्द्र कुमार, अनिता देवी, रविशंकर जाटव व अन्य कर रहे थे। मार्च में सैकड़ो की संख्या में महिला, पुरूप युवा अ किशोरी शामिल थे।

### लातेहार में धूमधाम से मनाई गई आंवला पूजा

**लातेहार।** जिले में बुधवार को आंवला नवमी का पर्व धूमधाम से मनाई गई। कहा जाता है कि आंवला व्रत और पूजा करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। इसलिए इसे अक्षय नवमी भी कहा जाता है। जानकारो के अनुसार आंवले के वृक्ष में भगवान विष्णु का वास होता है। इस वजह से आंवले के पेड़ की पूजा करते हैं। आंवले का भोग लगाने, आंवले को ही प्रसाद स्वरूप ग्रहण करने से अक्षय पुण्य प्राप्त होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार आंवला नवमी के दिन आंवले के पेड़ से अमृत की बूंदें टपकती हैं। इसलिए इस दिन आंवले के पेड़ के नीचे बैठने और भोजन करने की परंपरा है। ऐसा करने से सेहत अच्छी रहती है। ग्रंथों के अनुसार आंवला नवमी को भगवान विष्णु ने कूष्मांड राक्षस का वध किया था। इसलिए इसे कूष्मांड नवमी भी कहते हैं। आंवला नवमी पर कूष्मांड यानि कद्दू का दान करते हैं। आंवला नवमी से ही द्वापर युग का प्रारंभ हुआ था। प्रातःकाल जागने के बाद स्नानादि से निवृत्त होकर आंवले के वृक्ष के नीचे पूर्व दिशा की ओर मुख करके पूजन करके पेड़ की जड़ में दूध की धारा गिरा कर तने में चारों तरफ सूत लपेट कर पूजा अर्चना व परिक्रमा कर पूजा को संपन्न किया गया।

### महिला ने जहर खाकर किया आत्महत्या का प्रयास, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के गोनिया ग्राम में बुधवार को एक महिला ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अनीता देवी 22 वर्ष पति शुभम साव ग्राम गोनिया थाना बरियातू निवासी का पति के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। जिसको लेकर गुस्साए महिला ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के बाद परिजनों के सहयोग से महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टर अलीशा कुमारी के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं महिला की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

# छिपादोहर थाना के जवान पर अपराधियों ने किया हमला, हालत गंभीर

## घायल जवान को इलाज के लिए ले जाने के क्रम में पुलिस वाहन भी हुआ दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत

▸▸ सामने से आ रही बाइक और ऑटो को बचाने के क्रम में हुई घटना, बाइक सवार एक युवक की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता



सड़क जाम करते ग्रामीण।



दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

**बरवाडीह।** बुधवार को छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत भट्ठी मोहल्ला में एक पुलिस जवान को अपराधियों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। अपराधियों ने पुलिस जवान काशीनाथ कुमार पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। गंभीर अवस्था में घायल जवान को इलाज के लिए डालटनगंज के जाने के क्रम में पुलिस वाहन (बोलेरो) भी छिपादोहर- केड़ बाई पास रोड में मोड़ के समीप एक ऑटो और मोटरसाइकल को बचाने के क्रम में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें मोटरसाइकल पर सवार एक युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक युवक अवध बिहारी सिंह (18), पिता लाल बिहारी सिंह केड़ का रहने वाला था। इस घटना में टेंपू में सवार कुछ सवारी को भी गंभीर चोट आई है। वहीं पुलिस बोलेरो में सवार एक सब इंस्पेक्टर काशी महली, चालक विजय राम और दो सिपाही भी घायल हुए है। सभी घायलों का इलाज छिपादोहर उप स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। जिसके बाद गंभीर रूप से घायल पुलिस जवान और यात्रियों को बेहतर इलाज के लिए डालटनगंज सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। इधर एसडीपीओ दिलु लोहरा ने बताया कि पुलिस जवान पर अपराधियों ने हमला किया है, जल्द ही सभी अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

**ग्रामीणों ने मुआवजे को लेकर किया सड़क जाम**

उधर सड़क दुर्घटना में युवक की मौत होने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर बेतला-महुआडाड़ मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। जाम की सूचना पर बरवाडीह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहरा और सर्किल इंस्पेक्टर अनिल उरांव ने जाम स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम को समाप्त कराया। इस दौरान लगभग दो घंटे तक सड़क जाम रहा।

## पुलिस नाबालिग आदिवासी बेटी की हत्या का शीघ्र उद्भेदन करें वरना शनिवार से विराट आंदोलन प्रारंभ होगा - प्रतुल शाहदेव

खबर मन्त्र संवाददाता



परिजनो से मिलते प्रतुल शाहदेव।

**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव बुधवार को चंदवा के डेम टोली स्थित नाबालिग आदिवासी बेटी के घर पहुंचे जिसकी रहस्यमय परिस्थितियों में हत्या हो गई थी। प्रतुल ने परिजनों से विस्तार से घटना की जानकारी ली। परिजनों ने बताया कि उन्होंने पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी है और इस कांड में शामिल संदिग्धों के बारे में भी बताया है। प्रतुल ने इस बात पर गहरी नाराजगी व्यक्त की कि घटना के तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस इस घटना का उद्भेदन नहीं कर पाई है। मौजूद ग्रामीणों से सलाह मशवरा कर पुलिस को शुक्रवार तक का समय दिया गया। सहमति बनी कि शनिवार से आंदोलन की शुरूआत थाने के बाहर विराट प्रदर्शन से होगी।

प्रतुल शाहदेव ने चौकीदार सदिक अंसारी हत्याकांड मामले को लेकर पुनः परिजनों से भी मुलाकात की। सदिक की 15 दिन पूर्व चंदवा-माल्हन-मैकलुस्कीगंज पथ पर दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। प्रतुल ने इस बात पर गहरा रोष व्यक्त किया कि पुलिस के चौकीदार के हत्या की गुत्थी 15 दिनों बाद नहीं सुलझा पाई है।प्रतुल ने चंदवा बीडीओ से बातचीत कर मुआवजे की प्रक्रिया को आगे बढ़ने का अनुरोध किया। शीर्ष अधिकारियों से भी इस कांड का अति शीघ्र उद्भेदन करने का मांग की है। प्रतुल शाहदेव के साथ कृष्ण कुमार, रिकी वर्मा, सोनू कुमार, गोलू कुमार, रवि ठाकुर, गोपाल शाहदेव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जबरन जमीन पे मिट्टी गिराकर मारपीट करना निंदनीय : अमित पाण्डेय



मामले की जानकारी लेते अमित पांडेय।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** बुधवार की सुबह तुबेद स्थित डीवीसी द्वारा संचालित कोल माइंस में नेवाड़ी के कुछ ग्रामीण जलावन के लिए कोयला लेने गए थे, इसी क्रम में प्रशासन के द्वारा उन लोगों के साथ मारपीट की घटना हुई घटना की सूचना पाकर आजसू जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय नेवाड़ी स्थित ग्रामीणों से मिले। मारपीट में घायल विकास ठाकुर ने बताया कि मेरे जमीन पर जबरन मिट्टी गिरा दिया गया था, उसको हटाने को तीन दिन से कर्मियों को कह रहे थे वही अपनी जमीन में गिरे हुए मिट्टी में कोयले को जलावन के लिए चुन रहे थे इसी क्रम में प्रशासन के लोग आकर मेरे साथ डंडे से मारपीट किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह घटना निंदनीय है, डीवीसी और प्रशासन के द्वारा जलावन के लिए कोयला ले जाने से रोकना एवं मारपीट करना किसी प्रकार से सही नहीं है। कल लातेहार एसपी से मिलकर मामले में संज्ञान लेने को लेकर आवेदन दिया जाएगा और जो मारपीट की घटना में शामिल है उन पर कार्रवाई करने की मांग की जाएगी। मौके पर जिला प्रवक्ता नितेश पाण्डेय राकेश सिंह, विकाश ठाकुर, ललन सिंह, निकेश सिंह, अंकित कुमार, मो सागर, अनुज, अर्णव, प्रवीण दुबे आदि लोग उपस्थित थे।

## समग्र शिक्षा अभियान एवं एमडीएम को लेकर प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का हुआ आयोजन

▸▸ प्रखंड के कुल 34 प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय की हुयी ऑडिट

खबर मन्त्र संवाददाता



ऑडिट में मौजूद अधिकारी व टीम।

**चंदवा।** स्थानीय राजकीय मध्य विद्यालय के प्रशाल कक्ष में बुधवार को समग्र शिक्षा अभियान एवं मध्याह्न भोजन योजना को लेकर प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यकम आयोजित की गई। बतौर ज्यूरी सदस्य उप प्रमुख अश्विनी कुमार मिश्रा, बीडीओ विजय कुमार, सीएसओ राजू रामवृक्ष लोहरा, स्वयं सहायता समूह से शीला देवी मौजूद थी। इनके अलावे अंकेक्षण दल में दिलीप कुमार पाठक एवं अंजू कुजूर उपस्थित थे। बारी-बारी से प्रखंड के कुल 34 प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय की ऑडिट की गई। अंकेक्षण दल के सदस्यों ने मध्यान भोजन में मेनू आधारित भोजन एवं समग्र शिक्षा अभियान के दौरान विद्यालय में खर्च की जाने वाली विकास राशियों से संबंधित जानकारी प्राप्त की। जनसुनवाई के दौरान विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को दी गई एमडीएम की राशि, कुकिंट कास्ट, एलपीजी समेत अन्य की जानकारियां ली गई। रसोइया की लापरवाही पर स्कूल प्रबंधन समिति के माध्यम से दूसरे रसोइया का चुनाव करने की बात कही गई। रजिस्टर में वाइटनर का प्रयोग देख टीम भड़की दिखी। कुछ विद्यार्थियों डीबीटी के माध्यम से विद्यार्थियों को राशि भुगतान पर कहा कि संबंधित आंकड़ा उन्हें अपने पास रखना चाहिए। मौके पर विशेष रूप से बीईओ राजश्री तुरी, बीपीओ सुबोध कुमार चंदेश, बीआरपी प्रतीक कुमार सिन्हा, सीआरपी विकास कुमार, संजू सिन्हा, दीपक कुमार, धनंजय कुमार समेत सभी 34 विद्यालय के प्रधानाध्यापक मौजूद थे।

## लातेहार सदर बीडीओ के रूप में मनोज तिवारी ने किया पदभार ग्रहण



प्रभार लेते बीडीओ।

▸▸ लंबित मामलों को शीघ्र निष्पादन करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी

खबर मंत्र संवाददाता

**लातेहार।** प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में मनोज तिवारी ने बुधवार को पदभार ग्रहण किया। नए प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज तिवारी ने वर्तमान प्रभारी बीडीओ देवाशीष टोप्पो से पदभार लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद नए बीडीओ ने कहा कि प्रखंड स्तर के लंबित मामलों को शीघ्र निष्पादन करना व विकास योजनाओं को गति देना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। साथी ही सरकार की हर वर्तमान योजनाओं को निचले पायदान के लोगो तक पहुंचाना मेरा लक्ष्य होगा। इसके पूर्व प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी केतन गुप्ता ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर प्रमुख परशु राम लोहरा, प्रखंड के कर्मचारी, रोजगार सेवक एवं प्रबुद्ध जन मैजूद थे।

## एक नजर में

### संदेहास्पद मौत मामले को भाजपा शिष्टमंडल ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात, दिया आर्थिक सहायता



पीड़ित परिवार से मुलाकात करते भाजपा शिष्टमंडल के नेता।

**चंदवा।** चंदवा के गेरुआगढ़ा जाने वाले ग्रामीण मार्ग पर नाबालिग आदिवासी किशोरी के संदेहास्पद मौत मामले को लेकर बुधवार को सांसद सुनील सिंह के निदेर्शानुसार भाजपा शिष्टमंडल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की व ढांढस बंधाया। शिष्टमंडल में शामिल भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, जिला सांसद प्रतिनिधि विनीत मधुकर, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र साहू व अन्य ने पीड़ित परिवार से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। शिष्टमंडल ने प्रशासन से संदेहास्पद हत्याकांड मामले में शीघ्रता से उद्भेदन करने की मांग करते हुए कहा कि इस जघन्य अपराध की जिनती भी भ्रत्सना की जाए कम है। इस हृदय विदारक घटना के पीछे जो भी लोग संलिप्त हैं, प्रशासन उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए सख्त से सख्त सजा दिलाये। इस दौरान शिष्टमंडल के द्वारा पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान किया गया। शिष्टमंडल में कृषि एवं गव्य सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र यादव, मंडल महामंत्री दीपक निषाद, कुलामन साहू, राजकुमार पाठक समेत कई अन्य शामिल थे।

### लातेहार जिला यूथ वॉलीबॉल टीम गढ़वा रवाना

**लातेहार।** झारखंड राज्य युथ महिला पुरुष वालीबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने लातेहार जिला यूथ टीम गढ़वा रवाना हुई। झारखंड वॉलीबॉल संघ एवं गढ़वा जिला वालीबाल संघ के संयुक्त तत्वावधान में गढ़वा टाउन हॉल मैदान में राज्य यूथ महिला पुरुष वालीबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है। लातेहार जिला यूथ टीम को जिला खेल पदाधिकारी लातेहार संजीत कुमार ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया। जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार ने खिलाड़ियों को अपना सौ प्रतिशत योगदान देते हुए प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने हेतु मनोबल बढ़ाया। लातेहार जिला यूथ पुरुष टीम में कप्तान शुभम कुमार साव के अलावे अनुज उरांव, आनंद कुमार, मनीष रंजन भगत, उमेश उरांव, विवेक कुमार, तालीम अंसारी, कन्हैया पांडेय आशुतोष कुमार ठाकुर, पियूष कुमार, शिवम कुमार पासवान व सागर भुईयां हेड कोच प्रवीण मिश्रा एवं असिस्टेंट कोच कमलेश उरांव के नाम शामिल है।

### छिटपुट घटनाओं को छोड़ पलामू किला मेला शांतिपूर्ण संपन्न, आखिरी दिन भी मेले में उमड़ी भीड़



मेले में उमड़ी भींड़।

**बेतला।** चेरोवंश के सबसे लोकप्रिय और आदर्श राजा मेदिनीराय की याद में पलामू किला परिसर में मंगलवार से शुरू दो दिनी मेला का कुछ छिटपुट घटनाओं को छोड़ बुधवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। मेले के आखिरी दिन भी लोगों की सबसे अधिक भीड़ देखी गई। मौके पर पलामू प्रमंडल समेत देश के विभिन्न जगहों से हजारों की संख्या में आए दर्शनार्थियों ने जहां ऐतिहासिक पलामू किला के भग्नावशेषों में छिपी प्राचीन आकर्षक कलाकृतियों और आसपास के प्राकृतिक मनोहारी दृश्यों का दीदार किया,वहीं घरेलू निर्मित सामानों तलवार,गंड़ासा बरछी,ढाल,कटारी,टांगी आदि की मेले में जमकर खरीदारी की। वहीं कई पलामू का प्रसिद्ध मिठाई लकठो,गटउरी और कचरी की खरीदारी करते दिखे। मेला के शांतिपूर्ण संपन्न होने पर आयोजन समिति के अध्यक्ष अरविंद सिंह ने लोगों के प्रति आभार जताया। इधर मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर बरवाडीह के बीडीओ राकेश सहाय, एसडीपीओ दिलू लोहरा, पुलिस इंस्पेक्टर अनिल उरांव और थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह पुलिस बल के साथ दूसरे दिन भी गश्त करते दिखे। इधर मेले को लेकर बुधवार को पर्यटकों के लिए दिनभर पार्क खुला रखने की अधिसंख्य लोगों ने बेतला वन प्रबंधन के निर्णय की जमकर सराहना की। नतीजतन मेला के दूसरे दिन बेतला का माहौल काफी चहल-पहल रहा।

## अनियंत्रित बाइक ने पैदल जा रहे युवक को मारी टक्कर, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के ओलहेपाट ग्राम के समीप एक अनियंत्रित बाइक सवार ने पैदल अपने घर जा रहे एक युवक को टक्कर मार दिया और खुद भी गिरकर घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कैलाश गंजू 50 वर्ष पिता बितन गंझु ग्राम बरनी थाना बरियातू निवासी मोटरसाइकिल से लातेहार से बालूमाथ की ओर आ रहा था ।इसी दौरान ओलहेपाट ग्राम के समीप पैदल अपने घर जा रहे गणेश ठाकुर 40वर्ष पिता मदन ठाकुर ग्राम पकरी थाना बालूमाथ निवासी को टक्कर मार दिया और खुद भी गिरकर घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर संजय सिद्धार्थ के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वही गंभीर रूप से घायल गणेश ठाकुर को बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## 50 प्रतिशत अनुदान पर बॉयलर चूजा व कई आवश्यक सामग्री का वितरण किया

खबर मन्त्र संवददाता



चुजा वितरण करते अतिथि।

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित पशु चिकित्सालय भवन मे मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुशिला बागे, बीससुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु, राजसभा सांसद प्रतिनिधि रिगन ने संयुक्त रूप से चार लाभुकों के बीच पांच-पांच सौ बायलर चुजों के साथ आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। इस संबन्ध मे डॉ सुशिला बागे ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के तीन लाभुक सारो देवी ग्राम बेसरा, रुवी देवी, व पुनम देवी ग्राम टुन्डाहुटु के बीच 50 प्रतिशत अनुदान पर पांच-पांच सौ चुजों का वितरण किया, इन लाभुकों को लाभ का योजना वर्ष 2021-22 में स्वीकृत हुआ था। एवं रमेशर उरांव ग्राम बेसरा को पांच सौ चुजें दी गई, इनको योजना वर्ष 2020-21 मे स्वीकृत हुआ था। वही राजेन्द्र गंझु ने कहा कि यह योजना लोगों को स्वालम्बी बनाने के लिए चलायी जा रही है, आशा है की लाभुक इस योजना का लाभ उठाकर स्वालंबी बनेगे अपना आय बढाएंगे और आत्म निर्भर बनेगें।मौके पर पशु चिकित्सा कर्मी सरजु पासवान, विनोद बैठा, दिलिप सिंह व शिवनाथ यादव उपस्थित रहे।

## राजद की नीति और सिद्धांतो को ग्रामीण स्तर पर उतारने का कार्य करेंगे युवा : मोहित कुमार

# प्रखण्ड कमेटी का विस्तार व पंचायत कमेटी का किया गठन

खबर मन्त्र संवाददाता



मोहित कुमार (राजद युवा अध्यक्ष, बरवाडीह)।

**बरवाडीह।** आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को देखते हुए राष्ट्रीय जनता दल पूरी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतर चुकी है। वहीं राजद कार्यकर्ता जी जान से पार्टी को मजबूत बनाने में जुट गए है। उधर भाजपा के कद्दावर नेता सह मनिका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा प्रत्याशी रघुपाल सिंह के राजद में आने के बाद पार्टी जमीनी स्तर पर काफी मजबूत दिखाई दे रही है। इधर राष्ट्रीय जनता दल के बरवाडीह प्रखण्ड युवा अध्यक्ष मोहित कुमार उर्फ मिठू ने बरवाडीह प्रखण्ड युवा राजद कमेटी का विस्तार करने के साथ- साथ सभी पंचायतों में पंचायत अध्यक्षों की भी घोषणा कर दी है। वहीं नवनिर्वाचित अध्यक्षों को संगठन को धारदार बनाने की जिम्मेवारी भी दी है। इस संबंध में राजद प्रखण्ड युवा अध्यक्ष मोहित कुमार ने बुधवार को प्रेस ब्यान जारी किया है। जिसमें युवा राजद के प्रखण्ड सचिव शंकर यादव, सह सचिव जितेंद्र यादव, उपाध्यक्ष कलाम अंसारी और शहाबुद्दीन अंसारी, महासचिव संजय प्रसाद, महामंत्री विजय ठाकुर, मीडिया प्रभारी संजय वर्मा, कोषाध्यक्ष जनता पाल तथा छात्र मोर्चा का अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद को बनाया है। इसके अलावा पंचायत अध्यक्षों में केचकी पंचायत अध्यक्ष के रूप में सरफराज अंसारी के साथ-साथ हाशिम अंसारी को पोखरी, संतु सिंह बेतला, जगरुद्दीन अंसारी बरवाडीह, दिलीप यादव खुरा, मुकेश राम कुचिला, रवि शर्मा मोरवाई, विजय यादव छिपादोहर, जोजो खलको कैड़, खुशबुद्दिन अंसारी हरातु, अर्जुन यादव उकामाड़, विनोद लकड़ा लात और बसंत राम को छेंचा पंचायत अध्यक्ष बनाया गया है। मोहित कुमार ने बताया कि प्रखण्ड में पार्टी और संगठन में मजबूती लाने के उद्देश्य से प्रखंड कमेटी का विस्तार करते हुए युवाओं को नई जिम्मेदारियां सौंपी गयी है। सभी नव निर्वाचित पदाधिकारी पद पर रहकर राष्ट्रीय जनता दल के निति और निर्देश को ग्रामीण स्तर पर उतारने का कार्य करेंगे।

# कर्मचारियों को महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की बढ़ोतरी का प्रस्ताव पास

एजेंसी



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को संपन्न मंत्रिमंडल की बैठक में बिहार के सरकारी सेवकों के लिए सरकार ने महंगाई भत्ता मे इजाफा किया है। कैबिनेट ने चार फीसदी महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी का प्रस्ताव पास किया है।डीए को 42 फीसदी से 46 प्रतिशत कर दिया गया है। एक जुलाई 2023 के प्रभाव से यह लाभ दिया जाएगा। सीएम ने फेसबुक पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि- देश में पहली बार बिहार में जाति आधारित गणना का काम कराया गया है। जाति आधारित गणना के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्थिति के आंकड़ों के आधार पर अनुसूचित जाति के लिये आरक्षण सीमा को 16 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के लिये आरक्षण की सीमा को 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 2 प्रतिशत, अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षण की सीमा को 18 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत तथा पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षण की सीमा को 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है अर्थात सामाजिक रूप से कमजोर तबकों के लिये आरक्षण सीमा को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत कर दिया गया है। सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिये 10 प्रतिशत आरक्षण पूर्ववत लागू रहेगा। अर्थात इन सभी वर्गो के लिए कुल आरक्षण की सीमा को बढ़ाकर 75 प्रतिशत कर दिया गया है। जाति आधारित गणना में सभी वर्गों को मिलाकर बिहार में लगभग 94 लाख गरीब परिवार पाये गये हैं, उन सभी परिवार के एक सदस्य को रोजगार हेतु 2 लाख रुपए तक की राशि किश्तों में उपलब्ध करायी जायेगी। 63,850 आवासहीन एवं भूमिहीन परिवारों को जमीन क्रय के लिए दी जा रही 60 हजार रुपये की राशि की सीमा को बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दिया गया है। साथ ही इन परिवारों को मकान बनाने के लिए 1 लाख 20 हजार रुपये दिये जायेंगे। जो 39 लाख परिवार झोपड़ियों में रह रहे हैं उन्हें भी पक्का मकान मुहैया कराया जायेगा जिसके लिए प्रति परिवार 1 लाख 20 हजार रुपए की दर से राशि उपलब्ध करायी जायेगी। सतत जीविकोपार्जन योजना के अन्तर्गत अत्यंत निर्धन परिवारों की सहायता के लिए अब 01 लाख रुपए के बदले 02 लाख रुपये दिये जायेंगे। इन योजनाओं के क्रियान्वयन में लगभग 2 लाख 50 हजार करोड़ रुपये की राशि व्यय होगी। इन कामों के लिये काफी बड़ी राशि की आवश्यकता होने के कारण इन्हें 5 साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। यदि केन्द्र सरकार द्वारा बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिल जाय तो हम इस काम को बहुत कम समय में ही पूरा कर लेंगे। हमलोग बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग वर्ष 2010 से ही कर रहे हैं। इसके लिए 24 नवम्बर, 2012 को पटना के गांधी मैदान में तथा 17 मार्च, 2013 को दिल्ली के रामलीला मैदान में बिहार को विशेष राज्य के दर्जे के लिए अधिकार रैली भी की थी। हमारी मांग पर तत्कालीन केन्द्र सरकार ने इसके लिए रघुराम राजन कमेटी भी बनाई थी जिसकी रिपोर्ट सितम्बर, 2013 में प्रकाशित हुई थी परन्तु उस समय भी तत्कालीन केन्द्र सरकार ने इसके बारे में कुछ नहीं किया। मई, 2017 में भी हमलोगों ने विशेष राज्य का दर्जा देने के लिए केन्द्र सरकार को पत्र लिखा था। आज कैबिनेट की बैठक में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने हेतु केन्द्र सरकार से अनुरोध करने का प्रस्ताव पारित किया गया है। मेरा अनुरोध है कि बिहार के लोगों के हित को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार बिहार को शीघ्र विशेष राज्य का दर्जा दे।

## स्पीड न्यूज

### दहेज प्रताड़ना का आरोपी चार साल बाद गिरफ्तार

**सरैयाहाट।** वर्ष 2019 से फरार चल रहे दहेज प्रताड़ना के प्राथमिकी अभियुक्त जतरू मांझी(30) ग्राम कुसुमडीह नोनीहाट को बुधवार को हँसडीहा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी के ऊपर उसकी पत्नी किरण कुमारी ने हँसडीहा थाना कांड संख्या 74/19 भादवि की धारा 341, 323, 498(ए), 494, 506 व 3/4 दहेज अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी जीतेन्द्र साहू ने बताया की मामला दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था, बुधवार को गुप्त सुचना के आधार पर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### झारखण्ड पुलिस के जवान सहित छह पर एफआईआर

**सरैयाहाट।** दुमका के सरैयाहाट थाना में पदस्थापित एएसआई प्रदीप बाखला ने देवघर एयरपोर्ट पर पदस्थापित झारखण्ड पुलिस के जवान मृत्युंजय उर्फ राजू झा के ऊपर मारपीट, गालीग्लौज, एक लाख की रंगदारी सहित कई आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। अपने आवेदन में एएसआई प्रदीप बाखला ने बताया है की वे मंगलवार की शाम दुमका न्यायलय से अपनी बाईक से लौट रहे थे। इसी दौरान उनके आगे से जा रही सफारी वाहन के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। जिसकी वजह से उनकी बाईक उक्त वाहन से सट गई। जिसके बाद उक्त वाहन से तीन महिला व तीन पुरुष बाहर आये और उनके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। इस दौरान सभी ने उनसे एक लाख रुपये की मांग करने लगे। मामलें को लेकर सरैयाहाट पुलिस कांड संख्या 82/2023 आईपीसी की धारा 341, 323, 353, 504, 506 व 34 के तहत मामला दर्ज करते हुए अनुसन्धान में जुट गई है।

### पुलिस पार्टी पर पथराव करने वाले आए पुलिस की गिरफ्त में



**गोड्डा।** काली पूजा के विसर्जन के वक्त नगर थाना गोड्डा के पथरा पंचायत के पथरा चौक पर दो गुटों के बीच झड़प हो गई जिसमे पुलिस के कुछ लोग चोटिल हुए थे। एक गुट के द्वारा लाठी डंडे से दूसरे पक्ष पर प्रहार किया गया था। बीच बचाव और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गई पुलिस जवानों पर भी हमला किया गया जिसमे कई जवानों को चोट भी लगी थी। पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीना के निर्देश पर एसडीपीओ गोड्डा जेपीएन चौधरी के नेतृत्व में एक जांच कमिटी बनाई गई जिसमे नगर थाना गोड्डा के थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक, पुलिस अवर निरीक्षक मुकेश सिंह गोड्डा सहित कई पुलिस जवान भी शामिल किए गए थे। उसी मामले में आज निक्कू यादव पिता ग्राम सरोटिया थाना नगर गोड्डा ने अपने बयान में अपना संलिप्त होने की बात स्वीकार की है। अभियोगी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। दोनो पक्षों की ओर से थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। ये सारी जानकारी एसडीपीओ गोड्डा की ओर से एक प्रेस वार्ता के माध्यम से दी गई है।

### वैशाली में पेट्रोल पंप से सवा लाख की लूट

**हाजीपुर।** बिहार के वैशाली जिले में महुआ थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव में अपराधियों ने आज सुबह एक पेट्रोल पंप से सवा लाख रुपए लूट लिया। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि फुलवरिया गांव स्थित पेट्रोल पंप पर आज सुबह पांच बजकर दस मिनट पर तीन अपराधी आए और वहां उपस्थित कर्मचारी को हथियार का भय दिखाकर गल्ला से सवा लाख रुपए लूट लिए। इससे पहले कि आस पास के लोग जमा हो पाते तीनों अपराधी मौके से फरार हो गए।

## बेगूसराय में दिनदहाड़े फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से लूट




एजेंसी

**बेगूसराय।** मंसूरचक के गोविंदपुर पंचायत-दो स्थित अहियापुर रेलवे निचली सतह पुलिया के निकट सड़क पर मंगलवार को एस.के.एस. फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से अपराधियों ने पिस्तौल दिखा कर एक लाख 22 हजार रुपए लूटकर पैदल भाग निकला। पीड़ित गौरव कुमार ने बताया कि एस.के.एस. फाइनेंस कंपनी कार्यालय फाटक चौक मंसूरचक के सेंटर नंबर-99 स्थित अहियापुर में समूह की बैठक कर ऋण वसूली करते हुए सेंटर नंबर 267 तेमूंहा समूह की बैठक में भाग लेने मोटरसाइकिल से जा रहा था। इसी दौरान रेलवे पुलिया के निकट तीन बदमाशों ने पिस्तौल दिखा कर रोक लिया। उसके बाद बैग में रखा ऋण वसूली का एक लाख 22 हजार रुपये लूट कर पैदल हथियार लहराते हुए भाग निकला। घटना की सूचना मंसूरचक थाना को तुरंत ही दिया गया, लेकिन पुलिस एक धंटे बाद घटना स्थल पर पहुंची। स्थानीय लोगों ने एसपी से अपराधियों पर नकेल कसने के लिए शीघ्र प्रशासनिक व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग किया है।

## पारिवारिक विवाद में युवक ने गोली मारकर की आत्महत्या

एजेंसी



**बेगूसराय।** बछवाड़ा थाना क्षेत्र के रानी पंचायत-एक के नारेपुर पश्चिम गांव में पारिवारिक कलह को लेकर मंगलवार को दिनदहाड़े एक युवक ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली की आवाज सुनकर आस पास के लोग दौड़े लेकिन तब तक मौत की भीड़ जमा हो गई। मृतक नारेपुर पश्चिम निवासी श्याम देव दास के करीब 32 वर्षीय पुत्र पवन कुमार दास है। ग्रामीण और परिजन ने घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछवाड़ा लाया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया है। परिजन ने बताया कि उक्त युवक बेगूसराय में रहकर ठेला पर दुकान चलाता था। अपने पत्नी और बच्चे के साथ वहीं किराये के मकान में रहता था। इस दौरान पति-पत्नी में हमेशा किसी किसी बात पर विवाद होते रहता था। विगत दिनों उक्त युवक अपने परिवार के साथ घर नारेपुर आया था। पत्नी सोनी देवी ने बताया कि मंगलवार की दोपहर पति से फाइनेंस कंपनी का किशत का रुपये की मांग किया। काफी जिद के बाद रूपया लेकर मैं किशत जमा करने चली गई। जब घर लौटी तो पति गोली मारकर हत्या कर चुके थे। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना बछवाड़ा थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने घटनास्थल से एक पिस्टल बरामद किया है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय भेज दिया है। एसपी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि पति-पत्नी के घरेलू विवाद में सीने में गोली मारकर आत्महत्या करने की बात सामने आई है। घटना स्थल से एक पिस्टल बरामद किया गया है। घटना वाले कमरे को सील कर दिया गया है। तेघड़ा डीएसपी डॉ. रविन्द्र मोहन प्रसाद सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचे तथा सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

## खबर एक नजर में

### आपकी सरकार, आपके द्वार योजना अंतर्गत बीडीओ ने पंचायत कर्मियों के साथ बैठक कर दिए आवश्यक निर्देश



**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी आलोक वरन केसरी में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा से संबंधित लगाए जाने वाले विभिन्न पंचायत में शिविर को ले कर्मियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया ।बताया गया कि शिविर में पंजीकरण, अबूवा आवास योजना,बिरसा सिंचाई कुंप, बीरसा हरित ग्राम गोजना, जाति, आय, जन्म, मृत्यु, दिव्यांग आदि पेंशन, संपत्ति, भूमि म्यूटेशन, लगान रसीद, ऑनलाइन नए अभिलेखों में सुधार, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड में संशोधन, स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल विकास, मनरेगा, पशुपालन झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, सावित्रीबाई फुले, धोती साड़ी वितरण, गुरु जी क्रेडिट कार्ड, विद्युत संबंधी समस्या, आपूर्ति,पेयजल, मुख्यमंत्री पशुधन, जनजाति कल्याण सहित दो दर्जन से अधिक स्टाल लगाया जाएगा। विभिन्न स्टॉलों पर योजना से संबंधित कुर्मी ग्रामीणों के आवेदन को जमा लेंगे और अधिकारियों और कर्मियों द्वारा मिलकर विभिन्न प्रकार की योजनाओं और समस्याओं का निदान त्वरित गति से किया जाएगा ।बताया कि ऑन द स्पॉट कई योजनाओं का समाधान किया जाएगा। बताया कि शिविर में आने वाले ग्रामीणों को निश्चित रूप से किसी न किसी योजनाओं का लाभ देकर लाभान्वित किया जाएगा। शिविर में आने वाले ऐसा कोई ग्रामीण नहीं बचेगा जिसे कि बगैर लाभान्वित हुए वापस लौटना पड़ेगा। बताया कि झारखंड राज्य सरकार की यह सोच है कि प्रत्येक ग्रामीण को विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं में से किसी न किसी योजनाओं से लाभान्वित किया जाता रहे ।ताकि सरकार, प्रशासनिक अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच लगातार समन्वय स्थापित रहे। और ग्रामीण समस्याओं से दूर रहे। बैठक में विभिन्न विभागों के सहयोगी पदाधिकारी, कर्मी, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, पंचायत सचिव, प्रभारी पदाधिकारी, साहित विभिन्न विभागों के दर्जनों कमी थे।

### छठ पर्व के बाद रेलवे स्टेशन से लेकर बस स्टैंड तक यात्रियों की भीड़ उमड़ने लगी है



बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन से लेकर छतौनी बस स्टैंड पर दिल्ली सहित अन्य जगहो के लिए लोगो की भारी भीड़ देखी जा रही है। मंगलवार को दिल्ली जाने वाली सप्तक्रांति सुपर फास्ट एक्सप्रेस ट्रेन पकड़ने के लिए बापूधाम मोतिहारी स्टेशन पर अप्रत्याशित भीड़ देखने को मिला। एससी बॉगी से लेकर स्लीपर बॉगी तक में चढने में यात्रियो को भारी मशक्कत करनी पड़ी ।जेनरल बोगी में तो शौचालय तक में लोग यात्रा करते दिखे ।भीड़ के कारण कई लोगो ने यात्रा को निरस्त करना मुनासिब समझा। उल्लेखनीय है, कि बापूधाम मोतिहारी होकर गुजरने वाली लंबी दूरी की सभी ट्रेनों में बर्थ फुल है ।हालांकि पर्व को लेकर चल रही कुछ स्पेशल ट्रेनों के कारण राहत जरूर है ।बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन के अधीक्षक दिलीप कु सिंह ने बताया कि इस रूट से रेगुलर जाने वाली सप्तक्रांति मिथिला, बांद्रा, सदभावना सहित सभी लंबी दूरी की ट्रेनों में सीट फुल है। वहीं, 22 नवंबर को रात 2:30 बजे व दिन के 3:30 बजे मोतिहारी से खुलने वाली दो स्पेशल ट्रेनों में भी सीट फुल है। 25 नवंबर को जाने वाली स्पेशल ट्रेन में भी आरएसी की स्थिति है। जबकि 28 नवंबर को दिल्ली जाने वाली स्पेशल ट्रेन में सीट उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि ईस्ट सेन्ट्रल रेलवे ने इस बार छठ पर्व के मौके पर आने-जाने के लिए स्पेशल ट्रेनों के करीब साढ़े तीन सौ फेरे उपलब्ध कराये गये है। जिससे कुछ राहत तो है,लेकिन भीड़ को देखते हुए यह व्यवस्था भी नाकाफी नजर आ रही है।

### गरीब एवं बेघरों को 2.50 लाख करोड़ रुपये देगी नीतीश सरकार

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली महागठबंधन सरकार ने बिहार के गरीब एवं बेघर परिवारों के लिए विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन को मंजूरी दी है। जाति गणना के अंतर्गत सामाजिक एवं आर्थिक आंकड़ों के आधार पर राज्य में गरीब एवं बेघर परिवारों की पहचान की गई है। नीतीश सरकार इन परिवारों को आर्थिक रूप से मदद करेगी। सीएम नीतीश कुमार ने बताया कि अगले पांच सालों में लगभग 2.50 लाख करोड़ रुपये इन योजनाओं के तहत खर्च किए जाएंगे। यह राशि किस्तों में अलग-अलग योजनाओं के जरिए लाभार्थियों तक पहुंचाई जाएगी। सीएम नीतीश कुमार ने बुधवार को राज्य कैबिनेट की बैठक के बाद जारी बयान में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश में पहली बार बिहार में जाति आधारित गणना का काम कराया गया है। जाति आधारित गणना के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्थिति के आंकड़ों के आधार पर एससी, एसटी, ईबीसी, ओबीसी का आरक्षण बढ़ाकर 65 फीसदी कर दिया गया है। ईडब्लूएस कैटगरी का 10 फीसदी आरक्षण पहले की तरह लागू रहेगा। इस तरह राज्य में कुल आरक्षण 75 फीसदी हो गया है। सीएम नीतीश ने कहा कि जाति आधारित गणना के मुताबिक सभी वर्गों को मिलाकर बिहार में लगभग 94 लाख गरीब परिवार पाए गए हैं। राज्य सरकार इन सभी परिवार के एक सदस्य को रोजगार से जोड़ने हेतु 2 लाख रुपये देगी। यह राशि किस्तों में उपलब्ध कराई जाएगी।

## अधिवक्ता संघ चुनाव को लेकर नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन निवर्तमान अध्यक्ष विजय सिंह समेत 14 उम्मीदवारों ने किया नामांकन

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** जिला अधिवक्ता संघ के नये कार्यकारिणी समिति के चुनाव के मद्देनजर नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन बुधवार को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव समेत विभिन्न पदों के लिए 14 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। संघ के निवार्ची पदाधिकारी अमर जीवन के समक्ष निवर्तमान अध्यक्ष विजय कुमार सिंह समेत विभिन्न पदों के लिए 14 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर सहायक निवार्ची पदाधिकारी मो.राजा और शिवशंकर चौधरी भी मौजूद थे।नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन तक विभिन्न पदों के लिए कुल 38 प्रत्याशियों द्वारा पर्चा दाखिल किये गये है। इस तरह अध्यक्ष पद के लिए वरीय अधिवक्ता विजय कुमार सिंह, निशिकांत प्रसाद, राघवेन्द्र नाथ पांडेय, उपाध्यक्ष पद के लिए कमल किशोर झा, महादेव महतो, मुकेश वर्मा, महासचिव पद पर राकेश कुमार, सुनील कुमार जायसवाल, जयंत कुमार सिन्हा, अनिल कुमार झा, संयुक्त सचिव सचिव के पद पर सोम नाथ डे, मो. शहाबुद्दीन, संयुक्त सचिव पुस्तकालय के पद पर रामफल लायक, भोला प्रसाद चौधरी, लाला मानस कुमार, सुधेश कुमार सिंह, राजेश प्रसाद साह, कोषाध्यक्ष पद पर विमलेन्दु कुमार, कामोद नारायण झा, धीरेन्द्र प्रसाद मरीक, सहायक कोषाध्यक्ष पद पर पंकज कुमार यादव, प्रदीप कुमार, राजन कुमार घोष कार्यकारिणी सदस्य पद पर चंद्रभूषण गुप्ता, प्रवीर कुमार दूबे, मिताली चटर्जी, मनोज कुमार मिश्रा, विभूति भूषण झा, वीणा सिंह, रेखा प्रसाद, महेंद्र साह, त्रिपुरारी कुमार, मो इब्राहिम, विद्यापति झा, संजय कुमार झा, शिव शंकर साह, सुरेश प्रसाद भगत, और राजकुमार गुप्ता समेत 38 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल पत्र दाखिल किया है। गुरुवार 23 नवम्बर को नामांकन पत्रों की जांच एवं 24 नवम्बर शुक्रवार तक नामांकन पत्र वापस लिया जा सकेगा।

## डालसा ने प्रखंड परिसर में चलाया जागरुकता अभियान



**दुमका।** झालसा, रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम जिले के विभिन्न प्रखंडो के साथ-साथ महत्वपूर्ण संस्थानों में आयोजित किया जा रहा है। बुधवार को काठीकुंड प्रखंड परिसर में पारा लीगल वालंटियर द्वारा बाल विवाह, बाल मजदूरी, मानव तस्करी मोटर दुर्घटना दावा अधिनियम, पोक्सो अधिनियम, महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा, साइबर अपराध एवं इससे बचने के उपाय एवं अन्य विषयों पर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया गया। चार चरणों में आयोजित इस अभियान का तीसरा चरण 6 से 30 नवंबर तक और अंतिम व चौथा चरण एक से 25 दिसंबर तक चलाया जाएगा। 100 दिनों तक चलने वाले इस अभियान के तहत जेल और ऑब्जर्वेशन होम को बंदी को शामिल किया जाएगा। जिसके अंतर्गत वैसे बंदी या वैसे बालक जिन्हें किसी भी कारण से कानूनी सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। उन्हें प्राधिकार की ओर से कानूनी सुविधा मुहैया कराई जाएगी।

## पेज 1 का शेष

### सर्वोच्च पंचायत को...

**मतभेद छोड़ें, विकास का संकल्प लें : स्पीकर–** एस मौके पर स्पीकर रविंद्रनाथ महतो ने सभी से अपील की कि हम सब पक्ष और विपक्ष के लोग अपने अंतर्विरोधों को भूलकर देश और राज्य को विकसित करने का संकल्प लें। श्री महतो ने कहा कि पांचवीं झारखंड विधानसभा को कई ऐतिहासिक विधाई कार्य के लिए झारखंड के राजनैतिक इतिहास में लंबे समय तक याद किया जायेगा। इस मौके पर विधानसभा के उत्कृष्ट कर्मी संयुक्त सचिव मिथलेश कुमार मिश्र, अवर सचिव विष्णु पासवान, प्रशाखा पदाधिकारी निलेश कुमार सिंह व नियाज अहमद, वरीय सचिवालय सहायक तापस कुमार यादव और अनुसेवक माइकल लकड़ा को भी सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने सभी को प्रशस्ति पत्र, शॉल तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उत्कृष्ट विधायक को 51 हजार रुपये और प्रत्येक चयनित पदाधिकारी एवं कर्मी को 21 हजार रुपये की सम्मान राशि दी गयी। दूसरे और अंतिम दिन 23 को विधानसभा परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा, जिसमें बॉलीवुड के जानेमाने प्लेबैक सिंगर जावेद अली और गजल गायक कुमार सत्यम प्रस्तुति देंगे।

### सेना के मेजर समेत चार...

आतंकवादी अपनी पोजीशन छिपाने के लिए दुर्गम पहाड़ों, घने जंगलों और अल्पाइन जंगलों का फायदा उठाते हैं। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि मारे गये आतंकवादी का शव जंगलों में पड़ा था और आतंकवादियों की ओर से जारी गोलीबारी के कारण उसे निकाला नहीं जा सका। पिछले हफ्ते राजौरी जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया था। इससे पहले, शुक्रवार को राजौरी जिले के बुद्धल इलाके में जम्मू-कश्मीर पुलिस और सुरक्षा बलों के संयुक्त अभियान में एक आतंकवादी मारा गया था। मारे गये आतंकवादी के पास से एक एके-47 राइफल, तीन मैगजीन, तीन ग्रेनेड और एक थैली बरामद की गयी, जिसके साथी हालांकि भागने में सफल रहे।

## उपायुक्त के साथ बोआरीजोर प्रखंड की पंचायतों तक पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** बुआरीजोर,जनजातीय क्षेत्र के लिए संचालित सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थी तक पहुंचाने और देश के विकास में सक्रिय हितधारक बनने के लिए नागरिकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आज दिनांक 22/11/2023 को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी जिशान कमर की अगुवाई में विकसित भारत संकल्प यात्रा बोआरीजोर, प्रखंड के राजाभीठा एवं कुशबिल्ला पंचायत पहुंची, जहां रथ का पारंपरिक रूप से स्वागत एवं अभिनंदन हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि इस यात्रा का लक्ष्य सभी पात्र लाभार्थियों को आवश्यक सेवाएं सुलभ कराना है, जिनमें स्वच्छता सुविधाओं, वित्तीय सेवाओं, बिजली कनेक्शन, वंचितों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, पोषण, स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छ पेयजल से लेकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक शामिल हैं। इसके तहत इन समस्त योजनाओं के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने और अंतिम पायदान पर मौजूद व्यक्तियों तक संबंधित लाभों को पहुंचाना है, विकसित भारत संकल्प यात्रा सरकार के लक्ष्यों को प्राप्त करने का सशक्त माध्यम बनी है। इस रथ के माध्यम से जिले के पंचायतों में सरकार की प्रमुख योजनाओं यथाः- प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी, पोषण अभियान, जनधन योजना, सुरक्षा बीमा योजना,जल जीवन मिशन आदि योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। उन्होंने कहा कि इस वाहन का मुख्य उद्देश्य समाज के आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं की जानकारी को पहुंचाना, उनके बीच सरकार की योजनाओं को लेकर जागरूकता का प्रसार करना तथा उन्हें लाभान्वित करना है। इस दौरान विकसित भारत हेतु संकल्प भी लिया गया। इसके अलावे उपायुक्त ने सभी पंचायतों में होने वाले सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की भी जानकारी देते हुए कहा कि कार्यक्रम में सभी योजनाओं का स्टॉल के भाध्यम से फॉर्म लिया जाएगा फॉर्म प्रखंड या पंचायत से निःशुल्क मिलेगा इसके साथ अन्य कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

स्पीड न्यूज

# इजराइल-हमास युद्ध विराम पर सहमत

## 150 फिलस्तीनी के बदले 50 बंधक होंगे रिहा

**इजराइल कैबिनेट ने कतर, मिस्र और अमेरिका की मध्यस्थता वाले समझौते को तीन के मुकाबले 35 वोट से दी मंजूरी**

**सभी लक्ष्य हासिल होने तक युद्ध जारी रहेगा : नेतन्याहू**

एजेंसी

**यरुशलम।** इजराइल और हमास बुधवार को चार दिन के अस्थायी युद्ध विराम पर सहमत हो गए जिससे 150 फलस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले गाजा में चरमपंथी समूह द्वारा बंधक बनाए गए 50 लोगों की रिहाई होगी और क्षेत्र में मानवीय सहायता आपूर्ति की अनुमति मिलेगी। समझौता लागू होने पर यह पहली बड़ी कूटनीतिक जीत होगी और सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमले के बाद से शुरू हुए युद्ध में विराम लगेगा। यह घोषणा इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की उस टिप्पणी के बीच आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि हमारे सभी लक्ष्य हासिल होने तक युद्ध जारी रहेगा। तेल अवीव में करीब छह घंटे चली बैठक बुधवार को सुबह खत्म हुई। बैठक के बाद इजराइल कैबिनेट ने कतर, मिस्र और अमेरिका की मध्यस्थता वाले समझौते को तीन के मुकाबले 35 वोट से मंजूरी दी। धुर दक्षिणपंथी ओत्जमा येहुदित पार्टी के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन ग्विर सहित



पार्टी के मंत्रियों ने इसके खिलाफ वोट किया। कैबिनेट की बैठक से पहले युद्ध कैबिनेट और सुरक्षा कैबिनेट की बैठक हुई। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में कहा कि गाजा में बंधक बनाई गईं 50 महिलाओं और बच्चों को चार दिनों में रिहा किया जाएगा, इस दौरान युद्ध विराम रहेगा। नेतन्याहू ने कैबिनेट बैठक से पहले जोर दिया कि समझौता इजराइल की सेना के अभियान से हमास पर दबाव बढ़ने का नतीजा है। उन्होंने कहा कि हमास को खत्म करने, सभी बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने और इजराइल की सुरक्षा को गाजा से कोई खतरा नहीं होने की पुष्टि समेत सारे लक्ष्य हासिल होने तक युद्ध जारी रहेगा। इजराइल के प्रधानमंत्री ने कहा कि हम युद्ध कर रहे हैं और सारे लक्ष्य हासिल होने तक युद्ध जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि बंधकों की रिहाई हमारी शीर्ष प्राथमिकता है और इसे लेकर हम प्रतिबद्ध हैं। नेतन्याहू ने कहा कि हमारे सामने मुश्किल लेकिन सही फैसला है। उन्होंने कहा कि जब तक हर व्यक्ति देश नहीं लौटता, तब तक हम चैन से नहीं बैठेंगे। युद्ध के कई चरण हैं और बंधकों की वापसी भी चरणबद्ध होगी। हर 10 अतिरिक्त बंधकों की रिहाई पर युद्ध विराम अगले दिन के लिए बढ़ा दिया जाएगा। हालांकि इसमें रिहा किए जाने वाले फिलस्तीनी कैदियों की संख्या का जिक्र नहीं है। सरकार की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, इजराइल की सरकार सभी बंधकों की घर वापसी के लिए प्रतिबद्ध है। आज रात सरकार ने इस लक्ष्य को प्राप्त करने के पहले चरण की रूपरेखा को मंजूरी दे दी, जिसके अनुसार कम से कम 50 बंधकों (महिलाओं और बच्चों) को चार दिनों के लिए रिहा किया जाएगा। इस दौरान युद्ध में विराम रहेगा। प्रत्येक 10 अतिरिक्त बंधकों की रिहाई के परिणामस्वरूप एक और दिन की राहत मिलेगी। अंतिम मंजूरी के बाद अगले 24 घंटे तक समझौते को लागू नहीं किया जा सकता है क्योंकि इजराइल का कानून जनता को किसी समझौते के खिलाफ उच्चतम न्यायालय जाने की अनुमति देता है। स्थानीय मीडिया का अनुमान है कि बंधकों की रिहाई का पहला चरण गुरुवार को सुबह हो सकता है। इजराइल ने 300 फिलस्तीनियों की सूची जारी की है जिन्हें इजराइल और हमास के इस समझौते के तहत रिहा किया जा सकता है। यह सूची इजराइल के न्याय मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। सूची में शामिल लोगों के नाम, उम्र और अपराध का जिक्र है। पहले चरण में सिर्फ 150 कैदियों की रिहाई की संभावना है।

कतर की राजधानी दोहा हमास के मुख्यालय के रूप में काम करती है। कतर ने इजराइल और हमास के बीच अस्थायी युद्ध विराम के लिए समझौते की पुष्टि की है।

### भारत ने कनाडाई नागरिकों के लिए ई-वीजा सेवा बहाल की

**ओटावा/नयी दिल्ली।** भारत ने एक कनाडाई सिख अलगाववादी नेता की हत्या में भारत सरकार की संभावित संलिप्तता के कनाडा के आरोपों को लेकर शुरू हुए राजनयिक विवाद के बाद वहां के नागरिकों के लिए निलंबित की गई इलेक्ट्रॉनिक वीजा सेवा को बुधवार को बहाल कर दिया। इस निर्णय को दोनों देशों के बीच तनाव कम करने की दिशा में एक कदम माना जा रहा है। सितंबर में भारत और कनाडा के रिश्तों में उस समय तनाव पैदा हो गया था जब कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने ब्रिटिश कोलंबिया में 18 जून को खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता का आरोप लगाया था।

### छह नक्सलियों पर दूसरा पूरक आरोपपत्र दाखिल

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने 2021 में छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में हुए हमले से संबंधित मामले में छह और भाकपा (माओवादी) सदस्यों के खिलाफ दूसरा पूरक आरोपपत्र दाखिल किया है। इस हमले में 22 जवानों की जान चली गई थी। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस मामले में अब तक 46 व्यक्तियों के नाम आरोपपत्र में सामने आ चुके हैं।

### नोएडा में बिहार के बीटेक छात्र ने की आत्महत्या

**नोएडा ।** नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में 19 वर्षीय बीटेक (इंजीनियरिंग) के छात्र ने बुधवार को अपने हॉस्टल के कमरे में पंखे से फंदा लगाकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। नॉलेज पार्क के थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि मूल रूप से बिहार के सीतामढ़ी जिले का निवासी शिवम कुमार एक कॉलेज से बीटेक की पढ़ाई कर रहा था। उसने बुधवार सुबह अपने हॉस्टल के कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

### पाक आतंकी मॉड्यूल से जुड़े तीन गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने बुधवार को कहा कि पाकिस्तान स्थित आतंकवादी मॉड्यूल से जुड़े होने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कहा कि इन गिरफ्तारी के साथ ही उसने पैसे लेकर हत्या करने की साजिश को विफल कर दिया है। आरोपियों के पास से आठ हथियार और 30 कारतूस बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान बठिंडा के राजभूपिंदर सिंह उर्फ भिंदा, फाजिल्का के रमन कुमार और कोटकपुरा के जगजीत सिंह के रूप में हुई है।

### एटीएस की हिरासत से बांग्लादेशी नागरिक फरार

**मुंबई।** महाराष्ट्र आतंकवाद-रोधी दस्ते (एटीएस) द्वारा तीन साल पहले गिरफ्तार किया गया एक बांग्लादेशी नागरिक हिरासत से फरार हो गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि रविवार शाम को फरार हुये आरोपी की पहचान अनवर उर्फ शहादत हाशिम (29) के रूप में हुई है।

### खुद राहुल गांधी कांग्रेस के लिए पनौती है : विज

चंडीगढ़। हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ राहुल गांधी के पनौती मोदी संबंधी बयान को लेकर बुधवार को उन पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस नेता खुद ही अपनी पार्टी के लिए पनौती हैं। विज ने कहा कि खुद राहुल गांधी कांग्रेस के लिए पनौती हैं। जिस दिन से वह कांग्रेस का चेहरा बनकर उभरे हैं, उसी दिन से पार्टी डूबती जा रही है।गांधी ने मंगलवार को राजस्थान में एक चुनावी रैली के दौरान कहा था कि पीएम का मतलब पनौती मोदी है। उन्होंने कहा था कि भारत-ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट विश्व कप फाइनल के दौरान अहमदाबाद स्टेडियम में प्रधानमंत्री की उपस्थिति देश की टीम के लिए दुर्भाग्य लेकर आई और वह मैच हार गई।

# कांग्रेस के सभी झूठे वादे पर मोदी की गारंटी भारी

**राजस्थान में अब कभी भी गहलोत की सरकार नहीं बनेगी : प्रधानमंत्री**

एजेंसी

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्तारूढ़ कांग्रेस द्वारा दी जा रही गारंटियों पर कटाक्ष करते हुए बुधवार को कहा कि कांग्रेस के हर झूठे वादे पर, मोदी की गारंटी भारी है। उन्होंने कहा कि जहां कांग्रेस से उम्मीद खत्म होती है, वहां से मोदी की गारंटी शुरू होती है। मोदी ने विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत का विश्वास जताते हुए कहा कि राजस्थान में अब कभी भी अशोक गहलोत की सरकार नहीं बनेगी। मोदी सागवाड़ा (डूंगरपुर) में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी कांग्रेस के हर झूठे वादों पर भारी है। गरीब कल्याण, जनकल्याण को लेकर जहां कांग्रेस से उम्मीद खत्म होती है, वहां से मोदी की गारंटी शुरू होती है।

कांग्रेस ने दशकों के अपने शासनकाल में जो सोचा तक नहीं, वह सब बीते 10 साल में आपके सेवक ने देशवासियों के चरणों में समर्पित कर दिया। मोदी ने कहा कि



आज मैं मावजी महाराज जी का आशीर्वाद लेते हुए एक भविष्यवाणी करने की हिम्मत कर रहा हूं। इस पवित्र धरती की ताकत है कि मेरे मन में यह विचार आया है और मैं मावजी महाराज से क्षमा मांग कर यह बोलने की हिम्मत कर रहा हूं, पूरे राजस्थान के लोग लिखकर रख लें, इस बार तो नहीं, अब राजस्थान में कभी भी अशोक गहलोत की सरकार नहीं बनेगी। कभी भी नहीं। यह मावजी महाराज की धरती से बोले गए शब्द हैं। उन्होंने लोगों से कहा कि लोकतंत्र ने आपको कुशासन वाली इस कांग्रेस सरकार को बदलने का मौका दिया है। इस मौके को हाथ से जाने नहीं देना है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस का सूपड़ा साफ करो, राजस्थान को दंगों, अपराधों, बहनों-बेटियों पर अत्याचार और भ्रष्टाचार से मुक्त करो। राजस्थान से कांग्रेस सरकार की विदाई इसलिए भी जरूरी है ताकि यहां केन्द्र सरकार की हर योजना तेजी से लागू हो। मोदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने राजस्थान में हर सरकारी भर्ती में घोटाला किया है। कांग्रेस के पाले हुए पेपर लीक माफिया ने राजस्थान के युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है।

प्रदेश में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में सात गारंटियों को शामिल किया है। इनमें परिवार की महिला मुखिया को 10,000 रुपये का वार्षिक सम्मान, 1.05 करोड़ परिवारों के लिए 500 से रुपए में रसोई गैस सिलेंडर, पशुपालकों से 2 रुपये प्रति किलो की दर से गोबर की खरीद, सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) का कानून लाना शामिल है।

### इडी से डरने वाली नहीं है कांग्रेस : खड़गे

**हैदराबाद।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ईडी के नेशनल हेराल्ड अखबार से संबंधित संपत्तियां कुर्क करने पर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी, भाजपा से नहीं डरने वाली और उसे सत्ता से बाहर करने के लिए लड़ाई जारी रखेगी। तेलंगाना के आलमपुर में एक सभा में खड़गे ने यह दावा भी किया कि मोदी और अमित शाह ने उस अखबार को बंद करने के बारे में सोचा जिसे देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने शुरू किया था। उन्होंने कहा कि मुझे आज दुख हो रहा है। मेरी पार्टी का अखबार नेशनल हेराल्ड, जिसे पं. नेहरू ने शुरू किया था, मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस से संबंधित संपत्ति जब्त कर ली। वह संपत्ति किसी व्यक्ति की नहीं थी। पं.नेहरू ने वह अखबार स्वतंत्रता संग्राम और लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए शुरू किया था। यह स्वतंत्रता सेनानियों की आवाज बन गया था। खड़गे ने कहा कि मोदी और शाह ने एक ऐसे अखबार को बंद करने के बारे में सोचा जो लोगों की आवाज था। उनकी सोच यह थी कि अगर नेहरू जी का अखबार नेशनल हेराल्ड बंद हो जाएगा, तो तेलंगाना में लोग डर जाएंगे ।

# सुरंग में फंसे श्रमिकों को निकालने के प्रयास तेज

## ड्रिल करके 42 मीटर तक डाला गया पाइप

एजेंसी


**नयी दिल्ली।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों को निकालने के लिए क्षैतिज पाइप 42 मीटर तक डाला गया जिससे फंसे हुए 41 लोगों के जल्द बाहर निकलने की उम्मीद जगी है। सरकार ने कहा कि अब तक क्षैतिज ड्रिल करके 42 मीटर तक या 67 प्रतिशत हिस्से तक पाइप डाला गया है। एक अन्य पाइप के जरिये रोटी, सब्जी, खिचड़ी, दलिया, संतरे और केले जैसे खाद्य पदार्थों की पर्याप्त आपूर्ति की जा रही है। इसके अलावा दवाओं और टी-शर्ट, अंतर्वस्त्र तथा टूथपेस्ट, साबुन जैसी अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति भी सुनिश्चित की जा रही है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ)/ राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) द्वारा वायर संपर्क के जरिये एक संशोधित संचार प्रणाली विकसित की गई। एनएचआईडीसीएल ने ऑगर बोरिंग मशीन का इस्तेमाल



करके श्रमिकों को बचाने के लिए सिलक्यारा से क्षैतिज बोरिंग फिर से शुरू कर दी है। सिलक्यारा से ढहे हिस्से के मलबे के बीच बोरिंग के काम को शुक्रवार दोपहर को रोक दिया गया था जब अमेरिकी निर्मित ऑगर मशीन को लगभग 22 मीटर के बाद बाधा का सामना करना पड़ा था। क्षैतिज ड्रिल करने का अभियान मंगलवार को फिर शुरू किया गया था। उत्तरकाशी जिले में चारधाम यात्रा मार्ग पर निमार्णाधीन सिलक्यारा सुरंग का एक हिस्सा 12 नवंबर को ढह गया था जिससे मलबे के दूसरी ओर श्रमिक फंस गए थे, जिन्हें निकालने के लिए युद्धस्तर पर बचाव अभियान चलाया जा रहा है।

# फिल्म डंकी का गाना लुट पुट गया रिलीज

**मुंबई।** डंकी के मेकर्स ने राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी इस फिल्म की म्यूजिकल यात्रा शुरू करते हुए फिल्म से पहला दिल छू लेने वाला गाना ह्यडंकी ड्रॉप 2 - लुट पुट गया जारी कर दिया है। यह गाना हार्डी के उस अध्याय को खोलता है, जब वह मनु के प्यार में पड़ जाता है और वह दुनिया के खिलाफ उसके लिए खड़ी होती है। गाने में आप देखेंगे कि कैसे मनु के लिए उसकी भावनाएं उसे एक होपलेस रोमांटिक में बदल देता हैं। इस गाने को म्यूजिक मैस्ट्रो प्रीतम ने कंपोज किया है, जिसमें अरिजीत सिंह की दिल छू लेने वाली आवाज है। गाने के बोल स्वानंद किरकिरे और आईपी सिंह ने लिखे हैं। डंकी में कलाकारों की टोली है, जिसमें शाहरुख खान के साथ बोमन ईरानी, तापसी पन्नू, विक्की कौशल, विक्रम कोचर, अनिल ग्रोवर जैसे बेहद प्रतिभाशाली अभिनेताओं ने रंगीन किरदार निभाए हैं। जिओ स्टूडियोज, रेड चिलीज



एंटरटेनमेंट और राजकुमार हिरानी फिल्म्स की प्रस्तुति, राजकुमार हिरानी और गौरी खान की निर्मित, अभिजात जोशी, राजकुमार हिरानी और कनिका ढिल्लों की लिखित डंकी दिसंबर में रिलीज होने वाली है।

## मोदी ने जी-20 नेताओं से की आतंकवाद व हिंसा के खिलाफ एकजुट होने की अपील

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को विश्व के नेताओं से मानवता के लिए आतंकवाद और हिंसा के खिलाफ एकजुट होने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी संघर्ष में नागरिकों की हत्या पूरी तरह से अस्वीकार्य है। उन्होंने जी-20 वर्चुअल शिखर सम्मेलन में यह सुनिश्चित किए जाने का भी आग्रह किया कि इजरायल-हमास संघर्ष क्षेत्रीय संघर्ष न बने। प्रधानमंत्री मोदी ने जी-20 के वर्चुअल शिखर सम्मेलन में ग्लोबल साउथ की चिंताओं को आगे रखते हुए इन देशों में डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए एक सोशल इंपैक्ट फंड तैयार करने का प्रस्ताव रखा और घोषणा की कि भारत इसमें 2.5 करोड़ डॉलर का सहयोग करेगा। सितंबर में दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के बाद भारत ने अपनी अध्यक्षता में यह शिखर सम्मेलन आयोजित किया है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने इजरायल हमास संघर्ष में बंधकों को छोड़े जाने की खबरों का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि बाकी बचे बंधकों को भी छोड़ा जाएगा। प्रधानमंत्री ने संघर्ष के बीच मानवीय सहायता की आवश्यकता पर बल दिया और शांति के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद और हिंसा के खिलाफ हमें एक बुलंद आवाज बनना होगा। मानवता की हमसे अपेक्षा है कि हम इस दिशा में कदम से कदम मिलाकर चलें। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें ग्लोबल साउथ की चिंताओं को प्राथमिकता देनी होगी। उन्होंने कहा कि वह उन चुनौतियों का सामना कर रहे हैं जिनके लिए वह स्वयं जिम्मेदार नहीं है।

## आइआइएम इंदौर अब हिंदी में भी पढ़ाएगा नेतृत्व के विकास का पाठ

**कामकाजी पेशेवरों के लिए जनवरी से शुरू होगा पाठ्यक्रम**

एजेंसी

**इंदौर।** इंदौर का भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम-आई) नेतृत्व विकास का पाठ अब हिन्दी में भी पढ़ाएगा। इसके लिए संस्थान की ओर से कामकाजी पेशेवरों के लिए अगले साल जनवरी से अपने किस्म का पहला पाठ्यक्रम शुरू किया जा रहा है।

आईआईएम-आई के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आइआइएम-आई के नेतृत्व विकास कार्यक्रम की कक्षाओं में पहली बार हिन्दी में व्याख्यान दिए जाएंगे। आईआईएम-आई के निदेशक डॉ. हिमांशु राय ने कहा कि भाषा शिक्षा में कभी भी बाधा नहीं बननी चाहिए। हिन्दी भाषा में अपने पहले नेतृत्व विकास कार्यक्रम के जरिये हम न केवल प्रबंधन शिक्षा जगत में रूढ़िवादिता को तोड़ने जा रहे हैं, बल्कि यह भी सुनिश्चित करने जा रहे हैं कि ज्ञान और कौशल हमारे देश के हर कोने तक पहुंचे। आईआईएम अधिकारी ने बताया कि हिन्दी भाषा में शुरू होने जा रहे नेतृत्व विकास कार्यक्रम की अवधि 10 दिन की होगी और इसमें सभी क्षेत्रों के कामकाजी पेशेवर शामिल हो सकेंगे।

उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के प्रतिभागियों को नेतृत्व और प्रबंधन पद्धतियों के साथ ही संचार कौशल, मार्केटिंग, वित्तीय लेखांकन, मानव संसाधन प्रबंधन, व्यापार के लिए डिजिटल अनुप्रयोग, उत्पाद प्रबंधन आदि विषयों के गुर सिखाए जाएंगे।

### रूसी हमले से अबतक यूक्रेन में 10 हजार मरे

**जेनेवा।** रूसी हमले में अब तक यूक्रेन के 10 हजार नागरिकों की मौत हो चुकी है। हर दिन हो रहे रूसी हमलों के साथ मौत का यह आंकड़ा बढ़ रहा है। यूक्रेन के पूर्वी डोनेट्स्क और खार्कीव क्षेत्र में सोमवार देर रात रूस के मिसाइल हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई और आठ घायल हो गए। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने मंगलवार को 10 हजार यूक्रेनी नागरिकों के मारे जाने पर गहरी चिंता जताई।

उल्लेखनीय है कि फरवरी 2022 में रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था। रूस-यूक्रेन युद्ध 21वें महीने में प्रवेश कर चुका है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने कहा कि रूस द्वारा लंबी दूरी की मिसाइलों का प्रयोग करने के कारण आधी मौतें पिछले तीन माह में सीमा से बहुत दूर हुईं। मृतकों में एक तिहाई 60 साल से अधिक उम्र के हैं। मास्को नागरिकों को निशाना बनाने की बात से इनकार करता रहा है।

# नैतिक शिक्षा समाज में लाती है सकारात्मक बदलाव

- **संबलपुर में राष्ट्रपति ने ब्रह्माकुमारी के शिक्षा अभियान न्यू एजुकेशन फॉर न्यू इंडिया की शुरूआत**
- **युवा पीढ़ी अपने बुजुर्ग माता-पिता का ख्याल रखें : मुर्मु**

एजेंसी

**संबलपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि नैतिक शिक्षा जीवन निर्माण में मदद करती है और समाज में सकारात्मक बदलाव लाती है। ओडिशा की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के समापन पर मुर्मू ने संबलपुर में ब्रह्माकुमारी के शिक्षा अभियान न्यू एजुकेशन फॉर न्यू इंडिया की शुरूआत करते हुए यह बात कही।

राष्ट्रपति ने कहा कि नैतिक शिक्षा हमें करुणा, दया, मित्रता और भाईचारे के जीवन मूल्यों से अवगत कराती है। उन्होंने कहा कि इस अभियान की परिकल्पना मूल्यों को





विकसित करने और छात्रों की चेतना के उत्थान के लिए की गई है।

उन्होंने कहा कि समाज निर्माण में शिक्षा ने सदैव महत्वपूर्ण एवं परिवर्तनकारी भूमिका निभाई है। मुर्मू ने कहा कि सेवा, समानता और सहानुभूति जैसे नैतिक और मानवीय मूल्य हमारी संस्कृति की बुनियाद हैं और युवाओं को इन आदर्शों से परिचित होना चाहिए। मुर्मू ने युवा पीढ़ी को अपने बुजुर्ग माता-पिता और समाज के वंचित वर्ग के लोगों की देखभाल करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम से बच्चों के मन में इन मूल्यों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण पैदा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि करुणा, दयालुता, मित्रता और भाईचारे जैसे गुणों वाले व्यक्ति में सकारात्मक परिवर्तन आ सकते हैं। किसी व्यक्ति में सकारात्मक परिवर्तन से एक बेहतर समाज बन सकता है।

### सेंसेक्स 92 अंक चढ़ा निफ्टी भी मजबूत


**मुंबई।** बेहद उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बुधवार को मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 92.47 अंक या 0.14 प्रतिशत चढ़कर 66,023.24 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में इसने 65,664.85 के निचले स्तर और 66,063.43 के ऊपरी स्तर को छुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 28.45 अंक या 0.14 प्रतिशत बढ़कर 19,811.85 अंक पर बंद हुआ। इन्फोसिस, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, टाइटन, आईटीसी, टेक महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज और अल्ट्राटेक सीमेंट में उल्लेखनीय बढ़त हुई। दूसरी ओर इंडसइंड बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, जेएसडब्ल्यू स्टील, एचडीएफसी बैंक और मारुति के शेयर नुकसान के साथ बंद हुए।

VERMA PRESS®
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !



# भारतीय कॉर्पोरेट जगत: छोटे कारोबारियों की दस्तक

**हाल** के वर्षों में शेयर बाजार में सबसे बेहतर प्रतिफल लार्ज कैप शेयरों से नहीं बल्कि मिड कैप और स्मॉल कैप सूचीबद्ध कंपनियों से आया है।

**टी एन नाइनन**

भारत में क्या घटित हो रहा है यह समझना कभी भी आसान नहीं रहा है क्योंकि यहां हमेशा विरोधाभासी कथानक मौजूद रहते हैं। एक कहानी यह है कि भारतीय कारोबार तेजी से ऐसी स्थिति में पहुंच रहे हैं जहां कुछ प्रभावशाली कारोबारी अधिकांश क्षेत्रों पर दबदबा कायम कर रहे हैं और एक तरह का आर्थिक केंद्रीकरण हो रहा है।

स्टील हो या सीमेंट, विमानन या वाहन, दूरसंचार या बैंकिंग, संगठित खुदरा कारोबार या मीडिया, बंदरगाह या हवाई अड्?डे, इन सभी में छोटे कारोबारियों को या तो खरीद लिया जा रहा है (खुदरा क्षेत्र में मेट्रो और फ्यूचर, हवाई अड्?डों में जीवीके, बंदरगाहों में कृष्णापत्तनम के साथ यही हुआ), या फिर वे बंद हो जाते हैं (विमानन में किंगफिशर, जेट एयर और गो एयर), या एकदम हाशिये पर चले जाते हैं (कई सरकारी बैंक, दूरसंचार क्षेत्र में वीआई) या बाजार से बाहर हो जाते हैं जैसे कि फोर्ड और जीएम।

इसके अलावा पोर्टफोलियो प्रबंधन कंपनी मार्सेलस के डेटा विश्लेषण के मुताबिक भारतीय कॉर्पोरेट जगत के 46 फीसदी मुनाफे में केवल 20 कंपनियां हिस्सेदार हैं। एक दशक से दूसरे दशक के बीच शीर्ष 20 कंपनियों में कोई खास परिवर्तन नहीं आया।

यदि कंपनियां इससे बाहर भी हुईं तो ज्यादातर मामलों में सरकारी कंपनियां थीं। अगर केवल शीर्ष निजी कंपनियों को ही गिना जाए तो करीब 15 कंपनियां सबसे अधिक मुनाफे वाली रही हैं और परिभाषा के मुताबिक बीते दो दशक यानी 2002 से 2022 के बीच उनका दबदबा लगातार बढ़ा है।

इससे पहले के दशकों में शीर्ष स्तर पर ऐसी स्थिरता देखने को नहीं मिली थी। निश्चित तौर पर सन 1992 से 2002 के दशक में कारोबारी जगत में हलचल देखने को मिली क्योंकि आर्थिक सुधारों की वजह से देश में कारोबारों के परिचालन का माहौल बदला था।

शीर्ष स्तर पर व्याप्त नई स्थिरता से यही सुझाव मिलता है कि अर्थव्यवस्था में प्रतिस्पर्धा कम हुई या शायद इसमें परिवर्तन का दौर सीमित हुआ और हलचल के दशक में विजेता बनकर उभरी कंपनियां बाद के दौर में भी अव्वल बनी रहीं।

इस निष्कर्ष को इस आंकड़े से भी बल मिलता है कि शीर्ष 20 कंपनियों में केवल सूचीबद्ध कंपनियां शामिल हैं जबकि कई अन्य महत्त्वपूर्ण कारोबार जिनमें अधिकांश विदेशी स्वामित्व वाले हैं वे गैरसूचीबद्ध रहे हैं-ह्युंडै और कोका-कोला, सैमसंग और बॉश आदि ऐसी ही कंपनियां रहीं, हालांकि इनमें से कई अब बाजार में अच्छी पहुंच बना चुकी हैं।

चुनिंदा कंपनियों के दबदबे की इस कहानी का विपरीत कथानक यह है कि हाल के वर्षों में शेयर बाजार में सबसे बेहतर प्रतिफल लार्ज कैप शेयरों से नहीं बल्कि मिड कैप और स्मॉल कैप सूचीबद्ध कंपनियों से आया है। इनमें से अधिकांश का नाम भी जाना-पहचाना नहीं है। यह बात समाप्त हो रहे संवत वर्ष और पिछले औसतन पांच संवत वर्षों के लिए भी सही रहा है।

निश्चित तौर पर मार्सेलस के आंकड़े दिखाते हैं कि शीर्ष 20 कंपनियों द्वारा शेयरधारक प्रतिफल बीते दशक में उससे पिछले दशक की तुलना में प्रभावित हुआ है। चक्रवृद्धि वार्षिक औसत के रूप में शेयर धारकों का प्रतिफल 2002-12 के दशक के 26 फीसदी से घटकर अगले दशक में 15 फीसदी रह गया। यह रुझान चुनिंदा कंपनियों के दबदबे की कहानी के साथ तालमेल वाला नहीं है।

इसका एक आसान स्पष्टीकरण यह होगा कि 2012-22 के दशक में अर्थव्यवस्था बहुत धीमी गति से विकसित हुई: ऐसे में शेयरधारकों का प्रतिफल प्रभावित हुआ। धीमी वृद्धि के साथ छोटे कारोबारियों के लिए माहौल और कठिन हो गया। परंतु यह बात इस तथ्य के साथ कैसे मेल खाती है कि छोटी कंपनियों ने बड़ी कंपनियों की तुलना में शेयरधारकों को बेहतर प्रतिफल दिया?

जैसा कि होता है छोटे और मझोले क्षेत्रों के लिए चीजें आसान हो गई हैं क्योंकि कर दरों में बदलाव हुआ है और ढेर सारे अप्रत्यक्ष करों की जगह वस्तु एवं सेवा कर ने ले ली है। इसके अलावा डिजिटल भुगतान में इजाफे, नकदी प्रवाह आधारित ऋण, संगठित खुदरा में वृद्धि की वजह से बेहतर बाजार पहुंच, बेहतर लॉजिस्टिक्स आदि ने भी क्षेत्रीय कारोबारियों की छाप मजबूत करने में मदद की है।

एक परिदृश्य यह हो सकता है कि कई बड़ी कंपनियों ने निवेश किया जो सही नहीं साबित हुआ। इसके परिणामस्वरूप उत्पन्न दोहरे बैलेंस शीट के संकट ने उनके परिचालन नतीजों को प्रभावित किया।

कुछ कंपनियां दिवालिया हो गईं तथा बड़े कारोबारियों ने उन्हें सस्ते में खरीद लिया। इससे बाजार सुदृढ़ीकरण हुआ। इस अवधि में जीडीपी की तुलना में कॉर्पोरेट मुनाफा तेजी से गिरा लेकिन उनमें सुधार देखने को मिल रहा है और वे बिक्री में वृद्धि को भी पीछे छोड़ रहे हैं।

जीडीपी के हिस्से के रूप में मुनाफा अभी भी 2008 के स्तर पर वापस नहीं आया है। इस बात को समझा जा सकता है क्योंकि उस दौर से अब तक की आर्थिक गति में अंतर रहा है।

बैंकों में नकदी और कर्ज के कम स्तर को देखते हुए बड़े कारोबारी आने वाले दशक का इस्तेमाल बाजार में अपना दबदबा बढ़ाने में कर सकते हैं। बहरहाल, मौजूदा प्रमाणों के मुताबिक तो उसका यह अर्थ नहीं कि छोटी कंपनियों का प्रदर्शन खराब होगा। व्यापक कारोबारी जगत में जीवंतता बरकरार है।

## जल्द पूरा हो भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता

उम्मीद है कि यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की दीवाली के आसपास होने वाली अचानक भारत यात्रा के दौरान इस पर हस्ताक्षर हो सकते हैं।

एक और दीवाली करीब है और भारत तथा यूनाइटेड किंगडम के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर अब तक हस्ताक्षर नहीं हो सके हैं। गौरतलब है कि एक दीवाली पहले भी इस समझौते पर हस्ताक्षर का वादा किया गया था।

उम्मीद है कि यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की दीवाली के आसपास होने वाली अचानक भारत यात्रा के दौरान इस पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। परंतु मसले इतने हैं कि यह संभावना दूर की कौड़ी नजर आ रही है।

इन मसलों को देखते हुए अगर मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर हो भी जाते हैं तो यह बहुत हल्का और संकीर्ण होगा जबकि दोनों अर्थव्यवस्थाओं के वास्तविक एकीकरण के लिए कहीं अधिक गहन समझौते की जरूरत होगी।

इस देरी के लिए दोनों देशों के राजनीतिक और अफसरशाही प्रतिष्ठान समान रूप से उत्तरदायी हैं। भारत सरकार ने जहां एफटीए पर चर्चा करने की अपनी पुरानी अनिच्छा को बदल दिया है, वहीं अभी भी वह व्यापार से होने वाले लाभों को लेकर बहुत हिचकिचा रही है। वह विशिष्ट क्षेत्रों से झटका लगने को लेकर भी चिंतित है।

यहां तक कि वे क्षेत्र जिनकी रोजगार में बहुत बड़ी हिस्सेदारी नहीं है तथा जो अपेक्षाकृत विशेषाधिकार वाले हैं , वे भी एफटीए में देरी की वजह बनने में सक्षम हैं।

उदाहरण के लिए भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच समझौतों में एक मुद्दा पेशेवर सेवाओं से जुड़े प्रश्न का भी है। भारत अपने बाजार को पेशेवर सेवाओं के लिए खोलने का इच्छुक नहीं नजर आता। खासकर विधिक सेवा जैसे क्षेत्रों में। ऐसा तब है जब इस बात पर लगातार जोर दिया जाता रहा है कि श्रमिकों की आवाजाही सभी मुक्त व्यापार समझौतों का अहम हिस्सा है। एक ओर जहां पेशेवर गिल्ड और कंपनियां बेहतर संपर्क वाली और मजबूत राजनीतिक पकड़ वाली होती हैं, वहीं यह दावा शायद ही किया जा सकता है कि उनके कारोबार पर कोई भी संभावित प्रभाव इतना गहरा होगा कि वह नए मुक्त व्यापार समझौते के सभी लाभों से परे हो।

भारत सरकार को हर हितधारी समूह की बात सुननी बंद कर देनी चाहिए और अपनी नजरें अंतिम नतीजे पर रखनी चाहिए जो है: यूनाइटेड किंगडम के बाजार तक पहुंच। ध्यान रहे यूनाइटेड किंगडम अचानक अपने प्रमुख कारोबारी साझेदारों के साथ तरजीही रिश्तों से वंचित हो चुका है।

इस बीच यूनाइटेड किंगडम की सरकार राजनीतिक गतिरोधों से जूझ रही है। पिछली दीवाली तक यह समझौता पूरा करने का वादा करने वाले पिछले प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन बहुत पहले जा चुके हैं और उसके बाद उनकी जगह लेने वाली उदारवादी मुक्त व्यापार समर्थक लिज ट्रस भी पद से बहुत पहले हट चुकी हैं।

मौजूदा प्रधानमंत्री भारतीय पृष्ठभूमि के हैं। सुनक ऐसे किसी भी आरोप को लेकर काफी संवेदनशील रहेंगे कि उन्होंने भारत को कुछ ज्यादा रियायत दे दी। उनके पारिवारिक संपर्कों को देखें तो उन्हें भारत को कोई भी रियायत देने को लेकर खास सावधानी बरतनी होगी क्योंकि उसकी व्याख्या भारतीय कारोबारी जगत का पक्ष लेने के रूप में की जा सकती है।

उदाहरण के लिए भारतीय आईटी कंपनियों के लिए लाभदायक हो सकने वाले अतिरिक्त वर्क वीजा सुनक के कार्यकाल में जाहिर तौर पर अधिक विवादित होंगे, बनिस्बत कि जॉनसन या ट्रस के कार्यकाल की तुलना में।

खेद की बात यह है कि समय तेजी से बीत रहा है। अगर भारत-यूनाइटेड किंगडम मुक्त समझौता अगले कुछ सप्ताह में नहीं निपटाया गया तो उसे अगले कुछ महीनों के लिए टालना पड़ सकता है।

भारत में अगले वर्ष के आरंभ में आम चुनाव होने हैं और लगता नहीं है कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल के अंतिम कुछ महीनों में मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होंगे। परंतु तब यूनाइटेड किंगडम में भी चुनाव करीब होंगे और ऐसे में सुनक के लिए भी बाजार संबंधी कोई साहसी कदम उठाना मुश्किल होगा।

स गंवाए अवसर के लिए किसी एक व्यक्ति या संस्थान को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है। परंतु भारतीय कंपनियां और कर्मचारियों को एक ऐसे देश तक पहुंच गंवाने का खेद हो सकता है जो नए कारोबारी साझेदारों को लेकर उत्साहित है।



## उभरते बाजारों का मजबूत प्रदर्शन

वैश्विक निवेशकों के बीच कम जोखिम लेने की क्षमता, बिगड़ते भूराजनीतिक हालात और निरंतर बढ़ा हुआ राजकोषीय घाटा चुनौतियां बढ़ा सकता है।

महामारी के दौरान किए गए नीतिगत समायोजन को समाप्त करने और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा मार्च 2022 के बाद नीतिगत दरों में तेज इजाफा किए जाने के बाद तमाम उभरते बाजार वाली अर्थव्यवस्थाओं में टैपर टैंट्रम 2.0 (केंद्रीय बैंक द्वारा परिसंपत्ति खरीद कार्यक्रम को कम करना) का डर गहरा हो गया था।

बहरहाल चिंताओं के बावजूद भारत समेत उभरते बाजारों ने उल्लेखनीय मजबूती दिखाई है। इससे पता चलता है कि जहां अमेरिका तथा अन्य विकसित देशों में नीतिगत सख्ती वित्तीय बाजारों में उथलपुथल पैदा कर सकती है और उभरते बाजारों की वित्तीय स्थिति तंग बना सकती है, वहीं मजबूत घरेलू बुनियाद अर्थव्यवस्था को विपरीत आर्थिक झटकों से बचा सकती है। सैन फ्रांसिस्को के फेडरल रिजर्व बैंक के अर्थशास्त्रियों के एक विश्लेषणात्मक आलेख ने भी इस दलील को मजबूती प्रदान की।

आलेख में 16 उभरते बाजारों के 10 वर्ष के सरकारी बॉन्ड के प्रतिफल में बदलाव को ध्यान में रखकर यह आकलन किया गया कि वैश्विक बाजार ने फेडरल रिजर्व की नीतिगत सख्ती को लेकर क्या प्रतिक्रिया दी?

परिणाम दिखाते हैं कि उभरते बाजारों में चालू खाते के घाटे में मानक विचलन बढ़ने के कारण नीति सख्त होने की शुरूआत के पश्चात पहली छमाही में 10 साल के सरकारी बॉन्ड के प्रतिफल में केवल 40 आधार अंक का इजाफा हुआ। सांख्यिकीय दृष्टि से महत्त्वपूर्ण यह संबंध दिखाता है कि चालू खाता अधिशेष वाले देशों में कम बदलाव नजर आया और वे नीतिगत सख्ती को झेलने के मामले में चालू खाता घाटे वाले देशों की तुलना में बेहतर स्थिति में थे।

इसके अलावा स्वास्थ्य और समाज कल्याण पर महामारी से संबंधित राजकोषीय व्यय ने भी 10 वर्ष के बॉन्ड प्रतिफल विस्तार को बहुत अधिक प्रभावित नहीं किया। ऐसा इसलिए भी हो सकता है कि मौजूदा राजकोषीय बाधाओं के कारण विभिन्न देशों ने कम खर्च किया।

ऐसे में उभरते बाजारों का चालू खाते का बढ़ा हुआ घाटा उस स्थिति में एक बड़ी वृहद आर्थिक कमी हो सकता है जब वैश्विक वित्तीय हालात अचानक सख्त हों।

टैपर टैंट्रम 2013 में हुआ था जब 2008 के वित्तीय संकट के बाद प्रतिभूतियों की खरीद करने वाले अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने क्वांटिटेटिव ईजिंग के इस कार्यक्रम को सीमित करने की घोषणा की थी।

इस घोषणा के बाद भारत जैसे उभरते बाजारों में पूंजी की आवक अचानक कम हो गई। इससे पूंजी बाहर गई। उस समय भारत का चालू खाता घाटा बढ़ा हुआ था और उसे इसकी भरपाई करने की जरूरत थी। इस घटनाक्रम के बाद रुपये के बाहरी मूल्य में तेजी से कमी आई। उल्लेखनीय है कि भारत इस संकट का सामना करने वाला अकेला देश नहीं था। कई उभरते बाजार इसी तरह के हालात से जूझ रहे थे।

बहरहाल, इस बार हालात एकदम अलग हैं। भारत ने हालात का बेहतर प्रबंधन किया है जिसकी वजह से मुद्रा बाजार में स्थिरता है। भारतीय रिजर्व बैंक ने विदेशी मुद्रा भंडार तैयार करने के हर अवसर का लाभ उठाया। 2020 में फेड सहित बड़े केंद्रीय बैंकों द्वारा नकदी उपलब्ध कराए जाने के बाद आई पूंजी ने भी इसमें मदद की।

2022 तक भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 640 अरब डॉलर हो गया था। वैश्विक ब्याज दरों में अचानक इजाफा तथा यूक्रेन युद्ध के कारण जिंस कीमतों में तेज बदलाव के कारण पूंजी बाहर गई परंतु रिजर्व बैंक ने हालात का अच्छी तरह प्रबंधन किया।

भारत तथा अन्य उभरते देशों द्वारा मुद्रास्फीति को निशाना बनाने से भी मदद मिली। भारत तथा अन्य उभरते देश मौद्रिक नीति संबंधी कदमों को लेकर और स्वतंत्र ढंग से कदम उठा सके जिससे वित्तीय बाजारों का भरोसा बहाल करने में मदद मिली।

रिजर्व बैंक ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है और चालू खाते के घाटे में कमी ने भी मदद की है लेकिन वृहद आर्थिक स्थिरता के लिए जोखिम बरकरार है। वैश्विक निवेशकों के बीच कम जोखिम लेने की क्षमता, बिगड़ते भूराजनीतिक हालात और निरंतर बढ़ा हुआ राजकोषीय घाटा चुनौतियां बढ़ा सकता है।